भारतीय आधुनिक शिक्षा
राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् की एक त्रैमासिक पत्रिका है, जिसके कुछ प्रमुख स्तंभ इस प्रकार हैं :
शिक्षा दर्शन, शिक्षा मनोविज्ञान, वर्तमान शिक्षा की समस्याएं, पाठ्यक्रम एवं प्राविधि संबंधी नवीन विकास, अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा जगत, विभिन्न राज्यों में शिक्षा की स्थिति, शिक्षा शास्त्रियों से भेंट वार्ता, नवाचार, पाठकों के पत्र, पुस्तक समीक्षा।
लेखकों से निवेदन है कि रचनाएं भेजते समय इस बात का ध्यान रखें कि रचना डबल स्पेस में टाईप की हुई अथवा साफ लिखी हुई हो। रचना की दो प्रतियां भेजें। रचना के अन्त में रचनकार के हस्ताक्षर आवश्यक है। रचना भेजते समय यह अवश्य सूचित करें कि प्रेषित रचना अप्रकाशित/अप्रसारित है।
प्रकाशित रचनाओं पर परिषद् के नियमानुसार पारिश्रमिक देने की व्यवस्था है।

एक प्रति : 8.50 रुपये

वार्षिक मूल्य : 34.00 रुपये

सम्पादकीय सम्पर्क :

प्रधान सम्पादक, पत्रिका प्रकोष्ठ
राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्
श्री अरविन्द मार्ग
नई दिल्ली 110 016

वर्ष : दशम्   अंक : प्रथम
जुलाई 1992

भारतीय आधुनिक शिक्षा

विषय सूची

पाठकों के पत्र

भारतीय आधुनिक शिक्षा में छपे लेखों पर पाठकों की प्रतिक्रियाएं आमंत्रित हैं। यथास्थान इन्हें प्रकाशित करने का प्रयास किया जाएगा।

छात्रों में उद्यमिता का विकास : भारतीय शिक्षा में एक नया आयाम

मंजीत सेनगुप्त

रीडर
राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्
श्री अरविंद मार्ग, नई दिल्ली - 110016

उद्यमिता के पक्ष में जन मानस तैयार करना होगा तथा उद्यमिता विकास को निकट भविष्य में एक जन आन्दोलन का रूप देना होगा । तभी देश के नवयुवक व नवयुवतियाँ अपने अन्दर छिपी हुई शक्तियों को पहचान सकेंगे तथा देश के आर्थिक नवनिर्माण में सृजनात्मक भूमिका निभा सकेंगे ।

किसी देश के आर्थिक विकास के स्तर तथा उस देश में कार्यरत उद्यमियों की संख्या के मध्य एक सकारात्मक संबंध पाया जाता है । उद्यमी शब्द से ऐसे क्रियाशील, उद्देश्यपूर्ण तथा स्वतंत्र प्रकृति के नर-नारियों की छवि उजागर होती है जो अपनी सृजनशीलता व नवाचार के बल पर उपलब्ध भौतिक, नैसर्गिक तथा मानव संसाधनों को तत्संबंधी उत्पादन सम्भावनाओं में बदल देते हैं । इस प्रकार अनिश्चितता से निरन्तर जूझने वाले ये व्यक्तित्व समाज में न केवल एक महत्वपूर्ण परिवर्तक की भूमिका निभाते हैं अपितु अपने स्वरोज़गार द्वारा उसकी आर्थिक सम्पत्ति में भी उल्लेखनीय वृद्धि करते हैं । कदाचित् इन्हीं चारित्रिक गुणों के कारण विकसित विश्व में उद्यमी व्यक्ति अत्यन्त सम्मान का पात्र होता है ।

उद्यमी शब्द का प्रथम प्रयोग सोलहवीं सदी के पूर्वार्द्ध में फ्रांस मे किया गया । वहाँ सैन्य अभियानों का नेतृत्व करने वालों को इस नाम से पुकारा जाता था । व्यापार के क्षेत्र में यह शब्द सर्वप्रथम 18वी शताब्दी में प्रयुक्त हुआ। इस सन्दर्भ में ऐसे व्यापारी को उद्यमी की संज्ञा दी जाती थी जो अनिश्चित दामों पर वस्तुओं का क्रय- विक्रय किया करता था ।

हाल के वर्षों में इस शक्तिशाली मानव सामर्थ्य को विकासशील देशों की आर्थिक उन्नति से संलग्न करना अत्यन्त महत्वपूर्ण माना जा रहा है । उद्यमिता- विकास का सुनियोजित कार्यक्रम उद्यमिता के क्षेत्र में किसी विशिष्ट वर्ग या समुदाय के प्रभुत्व को दूर करने में एक सहायक भूमिका निभाता है । साथ ही ऐसा कार्यक्रम सभी को समान अवसर प्रदान करने में भी मदद करता है । आज की परिस्थितियों में जबकि शिक्षित बेरोजगारों की बढ़ती हुई संख्या ने एक गंभीर सामाजिक समस्या का रूप ले लिया है तथा रोज़गार के नये अवसरों में वृद्धि की तुलना में रोज़गारोन्मुख शिक्षितों की संख्या कहीं अधिक है भावी उद्यमियों का विकास एक विवादहीन प्रश्न है । अतः भारतीय अर्थव्यवस्था के परिप्रेक्ष्य में स्वदेशी उद्यमियों का विकास अत्यन्त महत्वपूर्ण व परमावश्यक हो गया है ।

भारतीय संस्कृति में उद्यमिता की परम्परा काफी प्राचीन है । संस्कृत साहित्य में उद्यम की महत्ता का वर्णन मिलता है जिसमें इसे सफलता की कुंजी कहा गया है :

उद्यमेन हि सिद्धयन्ति, कार्याणि न मनोरथैः।
नहि सुप्तस्य सिंहस्य, प्रविशन्ति मुखे मृगाः ।।

इसी सन्दर्भ में अन्यत्र कहा गया है :

उद्योगिनं पुरुषसिंहमुपैति लक्ष्मी

हिन्दी साहित्य में भी उद्यम को सर्वोपरि माना गया है :

उद्यम उद्यम उद्यम, उद्यम ही सबसे बढ़कर है।
भाग्य बिचारा क्या कर लेगा, वह उद्यम का अनुचर है।।

भारत की प्राचीन गाथाओं मे भारतीय व्यापारियों व नागरिकों के उद्यमी होने के अनेक प्रमाण मिलते हैं। उद्यमिता के बल पर ही भारतीयों ने पड़ोसी देशों में समस्त प्राकृतिक बाधाओं को पार कर व्यापार का जाल बिछा दिया था। भारत को सोने की चिड़िया नामक विशेषण की प्राप्ति कदाचित् इन्हीं अनजान उद्यमियों के साहस, पहल व नया खोजने की प्रवृत्ति का ही परिणाम है। कालान्तर में उद्यमिता की यह संस्कृति अंग्रेजों के सुनियोजित प्रयासों के फलस्वरूप दब कर रह गई। यह सर्वविदित है कि अंग्रेजी राज की नीतियों ने देश का धन विदेशों में पहुँचा दिया तथा पारम्परिक हस्तशिल्प को विनाश के कगार पर ला खड़ा किया। अंग्रेजी शासकों द्वारा प्रतिपादित शिक्षा का ध्येय ऐसे परमुखोपेक्षी युवक- युवतियों का निर्माण रह गया जो शासन के इशारों पर उठ- बैठ सके परन्तु अपनी मौलिक शक्तियों का समाज हित मे प्रयोग न कर सके। औपनिवेशिक शासन की एकाधिकारवादी प्रवृत्ति ने स्वरोजगार व स्वदेशी उद्यमिता की परम्पराओं को बहुत हद तक नष्ट कर दिया।

उद्यमिता विकास के बारे में पुनः सक्रियता स्वतंत्रोत्तर भारत मे ही देखने को मिलती है। 1955 से 1965 के दशक मे छोटे व कुटीर उद्योगों के क्षेत्र में एक क्रान्ति सी आ गई। तत्पश्चात् देश की अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में उद्यमियों की पहचान, अभिप्रेरण, प्रशिक्षण तथा विकास के अनेक नियोजित व व्यवस्थित प्रयास देखने को मिलते हैं। वर्तमान समय मे मुख्यतया नौकरियों के अवसरों में कमी के कारण सभी का ध्यान इस ओर केन्द्रित हो गया है।

स्कूल-कालेज की चारदीवारी से निकलने के पश्चात् किसी युवक या युवती के समक्ष मोटे तौर पर व्यवसाय संबंधी दो प्रमुख विकल्प होते हैं। पहला जिसमें व्यक्ति सरकारी दफ्तरों में, सार्वजनिक प्रतिष्ठानों मे या निजी क्षेत्र में पूर्वनिर्धारित मजदूरी या निश्चित वेतन पर नौकरी प्राप्त करता है। दूसरा विकल्प स्वरोजगार से संबंधित होता है। यह विकल्प कष्टसाध्य व चुनौती भरा परन्तु उज्ज्वल भविष्य के लिए अनेक सम्भावनाओं को समेटे हुए होता है।

विकासशील विश्व में एक ओर बढ़ती हुई जनसंख्या की विकराल समस्या तथा दूसरी ओर औद्योगिक व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों मे स्वचालित यंत्रों के बढ़ते हुए प्रयोग के फलस्वरूप वेतन रोज़गार के अवसरों मे भारी कमी आई है। स्वभावतः भी वेतन रोज़गार की सीमाएँ सदैव सीमित ही रही हैं क्योंकि इसमें संसाधनों का उत्पादन आवश्यक रूप से सम्मिलित नहीं होता। इसके अतिरिक्त वेतन रोज़गार में स्वतः संतृप्त होने की तीव्र प्रवृत्ति पाई जाती है। इसमे रिक्त स्थान की एक बार पूर्ति होने पर वह स्थान अन्य प्रार्थियों के लिए कम से कम अगले दस वर्षों तक रोज़गार की सभी सम्भावनाओं को समाप्त कर देता है। वर्तमान आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक परिस्थितियों मे बहुधा वेतन रोज़गार मानव को अकर्मण्यता की ओर ले जाता है तथा व्यक्ति अनायास ही उत्तरदायित्व से दूर भागने लगता है।

दूसरी ओर स्वरोजगार उपभोक्ता वस्तुओं के उत्पादन द्वारा, निर्यात स्थानापन्नों या आयात माल और विविध सेवाओं के माध्यम से कुल राष्ट्रीय उत्पादन में वृद्धि करता है। अक्सर एक स्वरोज़गार पर आधारित उपक्रम अन्य कई व्यक्तियों को रोज़गार देता है। इसके अतिरिक्त ऐसे उपक्रम कई अन्य आर्थिक गतिविधियों जैसे परिवहन, विद्युत, विपणन, संचार को प्रोत्साहन देता है। बड़े उद्योग अनेक छोटे उद्योग- धंधों के जनक होते है। इस प्रकार हर

एक स्वरोज़गार भविष्य मे एकाधिक रोज़गार चक्र का पोषण करता है ।

अतः वर्तमान बेरोज़गारी की समस्या जो बहुत हद तक वेतन रोज़गार पर अत्यधिक निर्भरता की देन है का संभावित हल स्वरोज़गार के प्रोत्साहन मे ही निहित है । परन्तु इस प्रक्रिया को समुचित गति व सही दिशा प्रदान करने के लिए नवयुवकों व नवयुवतियों मे उद्यमिता के गुणों जैसे नये खोजने की तीव्र इच्छा, खतरा उठाने को तैयार रहने की मानसिकता, अवसरों को पहचान कर पहल करने की क्षमता, उत्तरोत्तर श्रेष्ठता प्राप्ति हेतु जागरूकता, लगन व समस्या- समाधान के प्रति सकारात्मक रुख आदि का विकास अत्यावश्यक हो जाता है ।

आर्थिक क्षेत्र मे उद्यमियों की कमी तथा वेतन रोज़गार के लिए सीमाहीन पंक्ति इस बात का परिचायक है कि हमारे शैक्षिक पाठ्यक्रम मे उद्यमिता तत्व का सर्वथा अभाव है । इसी कमी को दृष्टि में रखते हुए शिक्षण प्रशिक्षण के विभिन्न स्तरों पर ऐसे शैक्षिक कार्यक्रमों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है जो छात्रों में तकनीकी, प्रबन्ध विषयक, मनोवैज्ञानिक तथा उपक्रम स्थापना से संबंधित कौशलों का विकास कर सके । इस प्रकार की शिक्षा का *मुख्य उद्देश्य* है छात्रों को आत्मनिर्भर व स्वतंत्र स्वामित्व के लिए प्रेरित कर उद्यमिता की संस्कृति का सूत्रपात करना ।

भारत में तथा अन्यत्र किये गये प्रयोग यह दर्शाते हैं कि उद्यमिता का गुण जन्मजात भी हो सकता है और इसे प्राप्त भी किया जा सकता है । परन्तु उद्यमिता विकास की यह प्रक्रिया किसी भी प्रकार एक असंगठित प्रयास नहीं हो सकती । उद्यमिता का विस्तार विभिन्न स्तरों पर तथा विविध आर्थिक क्षेत्रों में देखा जा सकता है । भारतीय समाज में उद्यमिता की संस्कृति के पुनरोदय के लिए विविध रणनीतियों को अपनाकर बहुकोणीय शिक्षण- प्रशिक्षण कार्यक्रमों को लागू करना होगा । ऐसा इसलिए भी आवश्यक है क्योंकि उद्यमिता विकास की प्रक्रिया विभिन्न सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, धार्मिक तथा मनोवैज्ञानिक कारकों से संबंधित होती है । विभिन्न प्रकार की संस्थाएँ अपने- अपने स्तर पर उद्यमिता विकास के इस कार्यक्रम मे सहभागी हो सकते हैं । इस संदर्भ मे कुछ संभावित रणनीतियॉ इस प्रकार है : जनसंचार माध्यमों का उपयोग कर जनसाधारण को शिक्षित करना; विशिष्ट अभिप्रेरक कार्यक्रमों का विस्तार; सहायक सुविधाओं तथा समर्थक प्रणालियों को सुनिश्चित करना तथा विद्यालयों, महाविद्यालयों व विशिष्ट सस्थाओं मे उद्यमिता विकास हेतु क्रमबद्ध पाठ्यक्रम लागू करना ।

प्रारम्भिक स्तर पर विचारों व आचरण निर्माण से संबधित उद्देश्य प्रमुख होंगे । इस स्तर पर छात्रों को ऐसी कथाओं, साहसिक यात्राओं व ऐसे नर- नारियों के सम्पर्क में लाया जाना चाहिए जिन्होंने परिश्रम, लगन व योग्यता के बल पर समाज मे एक उद्यमी होने का गौरव अर्जित किया है । उन्हे आस- पास की व्यापारिक व व्यावसायिक गतिविधियों तथा समाज में निरन्तर होने वाले तकनीकी परिवर्तनों से परिचित कराया जाना चाहिए । आगे चलकर माध्यमिक स्तर पर इन्हीं जानकारियों को अधिक व्यापक आधार दिया जाना चाहिए । धीरे- धीरे इन कोमल कौशलों को कठोर कौशलों से जोडकर व्यवसाय व उपक्रम स्थापना से संबंधित ज्ञान व कौशलों का सघन प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए ताकि छात्र कार्यानुभव तथा अपेक्षित दक्षता प्राप्त कर सके । उत्तर माध्यमिक स्तर पर उद्यमिता के प्रबन्धात्मक पक्षों पर जोर देना होगा जिससे वे एक उपयुक्त स्वरोज़गार का चयन कर उसके सफल कार्यान्वियन के लिए आवश्यक कदम उठा सके ।

अग्रलिखित वर्णन से जो आयाम उभरकर सामने आते हैं वे भारतीय शिक्षा के लिए नये हैं । समय की मॉग को देखते हुए शिक्षा पद्धति मे इन आयामों को प्रभावी रूप से लाना होगा, उद्यमिता के पक्ष मे जन मानस तैयार करना होगा तथा उद्यमिता विकास को निकट भविष्य में एक जन आन्दोलन का रूप देना होगा । तभी देश के नवयुवक व नवयुवतियाँ अपने अन्दर छिपी हुई शक्तियों को पहचान सकेंगे तथा देश के आर्थिक नवनिर्माण मे सृजनात्मक भूमिका निभा सकेंगे ।

गढ़वाल के संस्कृत अभिलेखों में शिक्षा-तत्व

राकेश चन्द्र नौटियाल

उपाचार्य, शिक्षा संकाय, गढ़वाल विश्वविद्यालय
टिहरी गढ़वाल, उत्तर प्रदेश -249001

अभिलेखों में प्रयुक्त लिपि, भाषा, अलंकार, भूमि के प्रकार एवं उसकी माप का विवरण तथा मुद्राओं के भेद से सहज निष्कर्ष निकलता है कि उस काल में शिक्षा का प्रसार रहा है, भले ही सीमित रहा हो।

हिमालयी श्रेणियों मे अवस्थित गढ़वाल संभाग का बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री एवं यमनोत्री सदृश्य तीर्थों की स्थिति से सांस्कृतिक और आध्यात्मिक क्षेत्रों में विशिष्ट स्थान है। वर्तमान मे पांच जनपदों- चमोली, पौड़ी, टिहरी, उत्तरकाशी तथा देहरादून- से संयुक्त यह मण्डल पुराणों मे "केदार- खंड"[1] के रूप मे वर्णित है। वैदिक मानचित्रों मे उत्तराखण्ड का यह भूभाग उशीनर[2] प्रदेश के अन्तर्गत दर्शाया गया है तथा महाभारत काल में यह कुलिन्द प्रदेश[3] के रूप में प्रसिद्ध हुआ।

अतिप्राचीन काल से ही देवभूमि व पुण्य क्षेत्र के रूप मे प्रतिष्ठित होने, भगीरथी की उद्गम स्थली तथा हिमालय के रहस्यमयी सौदर्य के सम्मोहन क्षेत्र होने के कारण इस अंचल ने सदा ही साधकों एवं सत्य- पिपासुओं की साधना हेतु सर्वोत्तम, परिवेश प्रस्तुत किया है। फलस्वरुप अनन्त काल से यहॉ साधकों, परिव्राजकों, ऋषिमुनियों एवं नरेशों का आगमन होता रहा है। समय की गति के साथ पर्वतों में जगह- जगह ग्राम, पल्लिका, पुर व हाटों के विकास होने से यह विस्तृत भू- भाग जनाकीर्ण होने लगा[4]। प्राचीन काल में यहां जो राजा हुए या विजय वाहिनियों के साथ जो नरेश यहां आये उनके द्वारा उत्कीर्ण शिलालेख, वृषताप शासन पत्र और ताम्रपत्र गढ़वाल क्षेत्र के ही नहीं अपितु भारतवर्ष के इतिहास एवं संस्कृति की महत्वपूर्ण धरोहर हैं।

गढ़वाल के संस्कृत अभिलेख[5]

उत्तरांचल के गढ़वाल मंडल में पुरातात्वीय महत्व की सामग्री बिखरी पड़ी है जिसमें सिक्के, शिलालेख, त्रिशूल लेख, ताम्रपत्र, भित्ति लेख एवं वृषतापशासन प्रमुख हैं जो संस्कृत, पालि व गढ़वाली भाषाओं में हैं। संस्कृत भाषा के उपलब्ध अभिलेखों को तालिका 1 में संजोया गया है।

उपरोक्त सभी अभिलेख छठी से तेरहवीं शताब्दी विक्रमी तक के समय अन्तराल के हैं। इनमें से कुछ अभिलेख ऐतिहासिक दस्तावेज हैं। कुछ में धार्मिक जीवन का स्वरूप परिलक्षित होता है तथा तत्कालीन सामाजिक, आर्थिक एवं कहीं- कहीं राजनैतिक जीवन की भी झलक मिलती है।

गढ़वाल हिमालय में उपलब्ध संस्कृत अभिलेखों को साहित्य सौष्ठव की दृष्टि से उल्लेखनीय माना जाता है। इनकी विषय- वस्तु का अध्ययन करने पर शिक्षा, शिक्षा- व्यवस्था एवं शिक्षा संस्थाओं (गुरुकुल, गुरू आश्रम) के विषय मे विस्तार से तो कुछ अंकित नहीं मिलता पर अभिलेखों की विशेषताएं अनेक स्थानों पर शिक्षा के अस्तित्व का पुष्ट प्रमाण प्रस्तुत करती हैं।

तालिका 1
संस्कृत अभिलेख सूची

क्रमांक	अभिलेख का नाम/ नरेश का नाम	उत्कीर्णक	प्राप्ति स्थान	लिपि	भाषा	काल
1.	तालेश्वर अभिलेख- 1 (द्विज वर्मन का वृषतापशासन)	सौवर्णिक अनन्त	तालेश्वर अल्मोड़ा	ब्राह्मी	संस्कृत	छठी शताब्दी विक्रमी के आरम्भिक वर्ष
2.	तालेश्वर अभिलेख-2 (विष्णुवर्मन का वृषतापशासन)	सौवर्णिक अनन्त	तालेश्वर (अल्मोड़ा)	ब्राह्मी	संस्कृत	छठी शताब्दी विक्रमी के आरम्भिक वर्ष
3.	लाखामण्डल अभिलेख (ईश्वरा का शिलालेख)	ईश्वरणाग सूत्रधार	लाखामण्डल चकरौता तहसील देहरादून	ब्राह्मी	संस्कृत	छठी- सातवीं शताब्दी
4	उत्तरकाशी अभिलेख (श्री गुह का त्रिशूललेख)	—	बाड़ाहाट उत्तरकाशी	उत्तरी ब्राह्मी	संस्कृत	छठी- सातवीं शताब्दी
5.	सिरोली अभिलेख (नरवर्मन् का चट्टान अभिलेख)	-	ग्राम सिरोली अनुसूइया देवी पैदल मार्ग, गोपेश्वर, चमोली	ब्राह्मी	संस्कृत	छठी शताब्दी
6	पाण्डुकेश्वर अभिलेख- 2 (ललितशूर का ताम्रशासन)	श्री गंगा भद्र	पाण्डुकेश्वर, बदरीनाथ के समीप, चमोली	कुटिला	संस्कृत	910 वि०
7.	पाण्डुकेश्वर अभिलेख- 3 (पद्मटदेव का ताम्रशासन)	श्रीनन्द भद्र	बदरीनाथ के समीप	कुटिला	संस्कृत	दसवीं शताब्दी विक्रमी
8.	पाण्डुकेश्वर अभिलेख-3 (सुभिक्षराज का ताम्रशासन)	श्रीनन्द भद्र	बदरीनाथ के समीप	कुटिला	संस्कृत	दसवीं शताब्दी विक्रमी
9.	कालीमठ का अभिलेख (रूद्रसूनु का शिलालेख)	-	कालीमठ तीर्थ गुप्तकाशी, चमोली	कुटिला	संस्कृत	बारहवीं शताब्दी विक्रमी
10.	गोपेश्वर अभिलेख (अशोकचल्ल का त्रिशूलाभिलेख)	-	गोपेश्वर, चमोली	कुटिला	संस्कृत	तेरहवीं शताब्दी विक्रमी
11	नाला अभिलेख (गणदेव का शिलालेख)	-	गुप्तकाशी, चमोली	कुटिला	संस्कृत	बारहवीं शताब्दी विक्रमी साके 1168

संस्कृत भाषा में उत्कीर्ण इन अभिलेखों का लेखन बुहत शुद्धता से किया गया है। कतिपय अशुद्धियां भी मिल जाती हैं पर विद्वान इन्हें छेनी का असन्तुलन मानना उपयुक्त समझते हैं[6]। लेखों की पंक्तियों का पृथकीकरण विशेष विराम चिह्नों (।, ॥) से किया गया है। विसर्ग हलन्त व ऽ (ह्रस्व अ) का समुचित प्रयोग हुआ है। इनमें विक्रम सम्वत् या शक सम्वत् कुछ में तिथि, मास, वार, पक्ष, घड़ी, ग्रहों की स्थिति, लिखने के स्थान के अतिरिक्त रचयिता, लेखक, उत्कीर्णक तथा लिखवाने वाले अधिकारी का नाम, पदनाम भी मिल जाता[7] है। इतनी विस्तृत व्यवस्थित जानकारी प्रस्तुत करना लेखक, उत्कीर्णक एवं लिखवाने वाले अधिकारी की शैक्षिक स्थिति संबंधी शंकाओं को निर्मूल सिद्ध करता है। शताब्दियों पूर्व भाषा की परिष्कृतता एवं गणित का समुचित ज्ञान शिक्षा के अभाव में अकल्पनीय है।

अभिलेखों मे प्रयुक्त लिपि, भाषा, अलंकार, भूमि के प्रकार एवं उसकी माप का विवरण तथा मुद्राओं के भेद से सहज निष्कर्ष निकलता है कि उस काल में शिक्षा का प्रसार रहा है, भले ही सीमित रहा हो। प्रकृति के उपादानों, व्यक्तियों एवं स्थानों आदि के नामकरण की पद्धति उनके व्यावहारिक ज्ञान की पुष्टि करती है, यथा पुष्प, फल, वृक्ष, फसल, पशु- पक्षी सरी- सृपादि पर आधारित नाम- महासाल, पुरांसिका, सेम्मलक्षेत्र, शृगालखोहृणक, काकस्थली, कटकभृष्टि, वज्रस्थल, कार्तिकेयपुर, त्रयम्बपुर, बदरिकाश्रम, अरिष्टाश्रम, गरूड़ाश्रम, वारुणाश्रमादि। आश्रम प्रत्यय से धार्मिक व आध्यात्मिक शिक्षा केन्द्र का होना स्पष्ट होता है। गढ़वाल हिमालय मे बदरिकाश्रम, रुद्राश्रम, जमदग्न्याश्रम, परशुरामाश्रम, काल्याश्रम, रेणुकाश्रम, नन्दाश्रम, व्यासाश्रम, कण्वाश्रम, अगस्त्याश्रम आदि अनेक आश्रम हुए हैं जिनमे वैष्णव, शैव तथा शाक्त धर्म सम्प्रदायों से संबंधित शिक्षा, दर्शन, वेद- वेदांग, आयुर्वेद, आयुध, सामवेद की प्रमुख रूप से शिक्षा- दीक्षा दी जाती रही है[8]। इन आश्रमों को नारद, व्यास, गणेश, अगस्त्य, परशुराम, जमदग्नि, कण्व, भारद्वाज जैसे प्रसिद्ध आचार्य एवं ऋषियों ने स्थापित किया था[9]।

गढ़वाल के संस्कृत अभिलेखों में शिक्षा व्यवस्था द्योतक शब्द अथवा संदर्भ

द्विजवर्मन के वृष्तापशासन (छठी शताब्दी के आरम्भिक वर्षों में उत्कीर्ण) में राजपदाधिकारियों में पाठशालाध्यक्ष का उल्लेख हुआ है। पाठशाला सदा ही शिक्षा का संस्कृत अध्ययन- अध्यापन का केन्द्र रही है। पाठशालाध्यक्ष का होना यह दर्शाता है कि यह अधिकारी राज्य या नगर की समस्त पाठशालाओं का नियंत्रण व व्यवस्था देखता रहा होगा। इसी ताम्रशासन में गौग्गुलिकों की परिषद का उल्लेख हुआ है। गौग्गुलिपरिषद का अभिप्राय वेद- वेदांग, धर्मशास्त्र आदि में पारंगत ब्राह्मणों की सभा से है जिसे प्राचीन काल के राजा धर्म आदि के मामलों का निर्णय करने के लिए बुलाया करते थे।

देवपूजाध्यक्ष महाछत्रपति को चरित्र, नीति, विद्या, विनय, सदाचार जैसे गुणों से सम्पन्न बताया गया है+स्पष्ट है कि विद्या युक्त व्यक्ति मे ही इन गुण- समूह की अपेक्षा की जा सकती है। बाड़ाहाट (उत्तरकाशी) के छठी- सातवीं शताब्दी ईस्वी के अभिलेख मे राजा के गुणों का वर्णन करते हुए उसे "नीति ज्ञान से व्यास को तिरस्कृत करने वाला" कहा गया है। राजा को उत्कृष्ट नीति ज्ञान आचार्यों अथवा पुस्तकों की अनुपस्थिति मे होना व्यावहारिक प्रतीत नहीं होता। दसवी शताब्दी के सुभिक्षराज के ताम्रशासन में "राजा को शास्त्रों का अध्ययन कर उनकी मार्यादा का पालन करने वाला" कहा गया है। शास्त्रों का अध्ययन- अध्यापन की निश्चित ही उत्तम व्यवस्था रही होगी जिसके अन्तर्गत राजा उनका ज्ञान प्राप्त करते रहे होंगे। बारहवीं शताब्दी के मणदेव के शिलालेख (स्थान उत्तरकाशी) में "सरस्वती देवी की कृपा से इस शुभ मूर्ति की रचना की" अंकित है।

सरस्वती विद्या व बुद्धि की देवी है, जिनकी कृपा से ही सभी प्रकार की शिक्षा फलीभूत होती है।

मूर्ति रचना का उल्लेख 910 विक्रमी के ललितशूर ताम्रशासन में भी प्राप्त होता है - "उत्तरायण की संक्रान्ति के पुण्य दिन में गोरून्नासा में महोदवी श्री सोमवती के द्वारा स्वयं बनवाये गये श्री नारायण भगवान के लिए"। नारायण भगवान से अभिप्राय नारायण की मूर्ति से है। मूर्ति की रचना करवाये जाने या "नारायण की मूर्ति बनवाये" जाने से मूर्तिकला के अस्तित्व का बोध होता है। बारहवी शती के रुद्रसूनु के कालीमठ अभिलेख के अधूरे वाक्य "शिलाओं द्वारा रचना करने वालों का ... " से भी मूर्तिकार का होना ज्ञात होता है। निश्चित ही तत्कालीन सुन्दर मुर्तियों की रचना जिन कुशल हाथों ने की उन्हे कही- न- कहीं क्षेत्र में मूर्तिकला मे प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिला होगा और अवश्य ही योग्य एवं दक्ष प्रशिक्षक रहे होंगे अन्यथा यह कला शताब्दी दर शताब्दी जीवित न रहती।

देव मूर्तियों से संबंध जुडता है देव स्थान या मंदिरों का। इसी अभिलेख में एक अन्य अधूरे वाक्य "गिरपति शिव के मंदिर की रक्षा करने वाला महारुद्र नाम का ... " तेरहवीं शती वि० के अशोकचल्ल के त्रिशूलाभिलेख में . . राजा ने अपने राज्य में महादेव के विशाल मंदिर मे महादेव के त्रिशूल पर" बारहवी शती के मणदेव के शिलालेख मे "पुण्यकर्मों को करने के लिए देवालय की रचना की"। दसवी शती के पदमट देव के ताम्रशासन में "बदरिकाश्रम के लिए दान"; छठी- सातवीं शती के ईश्वराभिलेख मे . . . " आचार्यों से अनुगत होकर इस स्थान पर शिव का मंदिर बनवाया।" छठी शती के विष्णुवर्मन के ताम्रशासन में "देव मंदिर के पुजारियों ने", आदि अनेक संदर्भ मंदिर एवं मंदिर- निर्माण से संबंधित हैं। मंदिर एवं उनका निर्माण उस काल की वास्तुकला और ज्ञान के प्रबल प्रमाण हैं।

द्विजवर्मन के वृषतापशासन में अधिकारियों की सूची मे 'आयुधशालाध्यक्ष' भी उत्कीर्ण है। राजा के अस्त्र- शस्त्रों के भंडार की व्यवस्था के अतिरिक्त यह अधिकारी राज्य के सैनिकों को अस्त्र- शस्त्र संचालन के प्रशिक्षण का प्रबंध भी करता रहा होगा, सामरिक एवं प्रतिरक्षा की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु यह विचार देना असगत भी प्रतीत नही होता।

दरबार मे 'प्रतिशूरिक' भी होते थे जो मल्ल विद्या मे दक्ष होते थे। गढ़वाल के अनेक सुदूरवर्ती भागों मे मंदिरों के केन्द्रीय प्रागण मे अखाड़ा होता है जहां कुश्ती, गदा- मुद्गर- तीर- धनुष- बर्छी- भाला रखने व सिखाने का प्रबंध होता था। धनुर्विद्या की दीक्षा शांगिक द्वारा दी जाती थी जो कि धनुर्धरों का अधिकारी होता था।

'सौधभगाधिकृत' पद पर विद्वान एकमत नहीं है। राहुल सांकृत्यायन ने "सौध" का अर्थ महल या प्रासाद मान कर उसे राजप्रसाद का अभियन्ता माना है , जो कि सौधभंगाधिकृत के भवन- निर्माण में कुशल होने का द्योतक है।

क्षेत्रपाल (कृषि- अध्यक्ष) प्रमातार या प्रभातृ (भूमि सर्वेक्षण अधिकारी) एवं गौल्मिक (वन- अधिकारी) क्रमशः उपज व कृषि कर्म, भूमि की नाप- जोख तथा मूल्यवान काष्ठ एवं औषधियों की सुरक्षा- विक्रय- प्रबन्ध के लिए नियुक्त किये जाते थे। स्पष्ट है कि दायित्वों के निर्वहन के लिए इन्हे अपने- अपने कार्यों का यथेष्ठ ज्ञान रहा होगा तथा उनके बाद इन दायित्वों के कुशल सम्पादन हेतु नव- नियुक्ति को प्रशिक्षण दिये जाने की व्यवस्था रही होगी।

इन अभिलेखों में भूमि के प्रकारानुसार एवं नाप का लिखित आदेश किये जाने का वर्णन है। भूमि को उसकी गुणवत्ता के आधार पर नाम दिया जाना, यथा वेतस खेत, वरदीपक खेत, सिंचित खेत आदि एवं नाप के अनुसार वर्गीकृत किया जाना, यथा द्रोण परिमाण, खीरी माप, कुल्य माप, नाली माप, कण्डिया माप, कृषि के क्षेत्र मे विकसित

एवं व्यवस्थित प्रणाली की पुष्टि करते हैं। शिक्षा के अभाव में इस प्रकार वर्गीकरण व माप विकसित करना सहज संभव नहीं।

नैतिक एवं चारित्रिक शिक्षा

गढ़वाल के संस्कृत अभिलेखों में चारित्रिक उत्थान के लिए नैतिक शिक्षा या उपदेशों का समावेश तो किया ही गया है, आत्मिक उत्कर्ष हेतु आध्यात्मिक दर्शन भी प्रस्तुत किया गया है। पाण्डुकेश्वर अभिलेखों में "लक्ष्मी" धन सम्पदा को हाथी के शिशु के कान के अग्रभाग के समान चंचल, "विद्युत तथा जल के बुलबुलों के समान चंचल" दर्शाया गया है अतएव उपदेशित किया गया है कि लक्ष्मी का परलोक में कल्याण के निमित्त उपयोग पर बल दिया जाना चाहिए। इस प्रकार धन के सदुपयोग पर बल दिया गया ताकि धन-शक्ति के मद मे व्यक्ति इहलोक के भोग-विलास में ही न रमा रह जाये। इन अभिलेखों में यह भी कहा गया है कि "मनुष्य किसी की कीर्ति विलुप्त न करें" अर्थात् दूसरों के सद्कार्यों को महत्व दिया जाये। इस प्रकार जनता को सद्कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया है।

दान, सत्य, शौर्य, क्षमा, विनय, सदाचार, उदारता, गंभीरता को चरित्र में धारण करने योग्य गुण-समूह बताया गया है। नैतिक धर्म के विरुद्ध जो व्यक्ति मंदिर या ब्राह्मण को दान में दी गयी भूमि पर हस्तक्षेप करता है उसे पांच महापातक लगाये जाने का विधान किया गया है। ये महापातक हैं ब्रह्म हत्या, सुरापान, चोरी, गुरू-पत्नी गमन तथा इस प्रकार के पाप करने वालों का संसर्ग। समाज व धर्म के अनुसार यह कार्य महापाप थे, घृणित व जघन्य। इस प्रकार के निर्देश व व्यवस्था का लक्ष्य निश्चित ही दान दी गयी भूमि के प्रति किसी लोलुप व्यक्ति के कुत्सित विचारों को हतोत्साहित करना तो था ही, साथ ही प्रजा को पाप कर्म से विमुख कर सद्कर्म की ओर अग्रसर करना भी था।

"भूमिदान करने वाला साठ हजार वर्ष तक स्वर्ग के सुखों का भोग करेगा" तथा "मंदिर आश्रम व ब्राह्मण की भूमि छीनने वाला इतनी ही अवधि तक नरक में निवास करता है" जैसे उपदेश दानशीलता के प्रोत्साहन हेतु कहे गये हैं—पांण्डुकेश्वर अभिलेख। सुभिक्षराज के ताम्रशासन में भी इस तरह की उपदेशात्मक शिक्षा है जो व्यक्ति को ब्राह्मण के धन-हरण जैसे नीच कार्य से विमुख करती है—"जो व्यक्ति ब्राह्मण के धन का हरण करते हैं वे जल से रहित सूखे कोटरों में रहने वाले सर्पों के रूप में जन्म लेते है।"

अभिलेखों मे वर्णित नैतिक शिक्षा तत्कालीन समाज के मूल्यों एवं चारित्रिक उत्थान का दर्पण है। ऐसे सुसंस्कृत समाज में गुणवान स्त्रियाँ सदाचरण के कारण "देवी" कहलाती थीं और "सावित्री" के समान आदरणीय थीं।

अध्यात्म-दर्शन

ललितशूर, पद्मटदेव एवं सुभिक्षराज के ताम्र शासनों से जीवन के प्रति तत्कालीन सोच उद्घाटित होती है। "आयु को जल के बुलबुलों के आकार समान देखा कर", "कमल के पत्ते पर बड़े हुए जल के बिन्दु के समान मनुष्य का यह जीवन चंचल है" जैसे कथन जीवन की क्षणभगुंरता, नश्वरता एवं निस्सारता की सजीव अभिव्यक्ति करते हैं। मानव जीवन ही नहीं यह जीव-लोक भी क्षणिक है, अस्थायी है—

"जीवलोक को वायु से हिलाये जाते हुए अश्वत्थ के पत्तों की चंचल तरंगों के समान देखाकर . . . . "

पद्मटदेव अभिलेख के इन शब्दों से गंभीर निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि संसार की क्रियायें मनुष्य के अधीन नहीं, मनुष्य का इन गतिविधियों पर अपने कार्यों पर नियंत्रण नही, ठीक उसी प्रकार जिस प्रकार पीपल के पत्तों की गति पर उनका या वृक्ष का नियंत्रण नहीं। संसार का नियन्ता, नियामक ही इसका कारण है। जीवन व संसार

की सारहीनता को देखकर ही मनुष्य को परलोक के कल्याणार्थ सद्कर्म करने को कहा गया है।

अभिलेखों में प्रयुक्त अलंकार

संस्कृत में रचे गये इन अभिलेखों में अनेक काव्यगत विशेषताएं परिलक्षित होती हैं। विवरणात्मक एवं उपदेशात्मक शैली में रचित इन अभिलेखों में विविध अलंकारों का सौंदर्य देखने को मिलता है। रूपक, उपमा, उत्प्रेक्षा, अतिश्योक्ति, भ्रान्तिमान, व्यतिरेक आदि अलंकारों का उदारता से प्रयोग किया गया है जो रचयिता एवं उत्कीर्णक के साहित्यिक ज्ञान का दर्पण है।

निष्कर्ष

गढ़वाल मंडल में उपलब्ध इन संस्कृत अभिलेखों मे शिक्षा व्यवस्था पर यद्यपि प्रत्यक्षतः कुछ ही संकेत मिलते हैं परन्तु अभिलेखों की विषय-वस्तु व शैली में हमे चारित्रिक, नैतिक एवं आध्यात्मिक रूप से उन्नत ऐसी सामाजिक व्यवस्था के दर्शन होते है जो शिक्षा के अस्तित्व एवं उसके स्वरूप का बोध कराने मे समर्थ है।

संदर्भ

1 सिंह, पुरुषोत्तम, "बौद्धगया शिलालेख" **इंडियन एन्टीक्वायटी**, जिल्द- 10, पृ० 345

2 मजुमदार व पुसलकर, वैदिक एज; डबराल, एस०पी० के **उत्तराखंड का इतिहास**, भाग- I, वीरगाथा प्रकाशन, दुगड्डा, गढ़वाल प्रथम संस्करण से उध्दृत पृ० 94

3. **महाभारत : वन- पर्व** 130/29

4. **गढ़वाल के संस्कृत अभिलेख,** गढ़वाल विश्वविद्यालय प्रकाशन- 6, प्रथम संस्करण 1981, पृ० 2

5. वही, पृ० 30-88

6. वही, पृ० 3

7. वही, पृ० 3

8 नौटियाल, आर०सी० व जुगराण इन्दिरा, "देव भूमि उत्तराखंड मे शिक्षा", **शिक्षा शोध पत्रिका,** उत्तराखंड शोध संस्थान (गढ़वाल) अंक 1991, पृ० 9

9 वही, पृ० 3-8

10. **गढ़वाल के संस्कृत अभिलेख,** गढ़वाल विश्वविद्यालय प्रकाशन, पृ० 13

हाई स्कूल एवं इण्टरमीडिएट कक्षाओं के विद्यार्थियों की मनोकांक्षाओं का तुलनात्मक अध्ययन

धीरेन्द्र कुमार शर्मा

शोध छात्र, शिक्षा संकाय, का० हि० वि० वि०,
कमच्छा, वाराणसी-221010

अध्ययन के प्राप्त परिणामों से यह स्पष्ट है कि इस विषय में व्यवस्थित एवं व्यापक शोध की आवश्यकता है । इन परिणामों के आधार पर हाई स्कूल तथा इण्टरमीडिएट कक्षाओं में अध्ययनरत छात्र- छात्राओं के अन्तर्मन की आकुलता की अधिकाधिक जानकारी कर उनके शुभेच्छु उनका समुचित मार्गदर्शन कर सकेंगे जिससे उनका स्वस्थ समायोजन हो सकेगा, क्योंकि स्वस्थ मन स्वस्थ शरीर में ही संभव है और यह उक्ति कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का निर्माण ही शिक्षा है, सार्थक हो सकेगी ।

1. अध्ययन की पृष्ठभूमि एवं आवश्यकता

वैयत्तिक्र विभिन्नता एक कटु सत्य है । समाज व्यत्तिमों का समूह है । किसी भी समाज मे जन- मानस की समस्यामूलक मनोकांक्षाओं के स्वरूपों एवं उनकी प्रबलताओं का पता लगाना एक दुरूह कार्य है । इस तथ्य को ज्ञात करना और भी कठिन है कि ये मनोकांक्षाएं किसी समाज मे निवसने वाले जन- मानस में कब, कैसे और किस रूप में विकसित हो जाती हैं, फिर भी यह तो निश्चयपूर्वक कहा जा सकता है कि ये मनोकांक्षाएं धीरे- धीरे ज्ञात और अज्ञात कारणों, परिस्थितियों तथा वातावरण के दबाव से व्यक्ति के पारिवारिक एवं सामाजिक परिसर में ही उद्भूत होकर उसके भीतर क्रमिक विकास की अवस्था में शिथिलतम से प्रबलतम रूप ग्रहण कर लेती हैं ।

अतः बालकों के स्वस्थ मन के विकास एवं स्वस्थ समायोजन के निमित्त उनकी सहज परिचर्या एवं औपचारिक शिक्षा- दीक्षा के साथ- साथ उनकी विशिष्ट वैयत्तिक्र समस्याओं एवं मनोकांक्षाओं के स्वरूपों का भी ज्ञान अभिभावकों एवं अध्यापकों को होना आवश्यक है । इस ज्ञान के अभाव मे कभी- कभी बालक के पारिवारिक, स्वास्थ्यगत, शैक्षिक एवं सामाजिक वातावरण में आकुलता व्याप्त हो जाती है । ऐसी स्थिति में बालक स्वयं को हतप्रभ, दमित, हतोत्साहित, अभावग्रस्त एवं असहाय पाता है तथा अभिभावक एवं अध्यापक उसे अयोग्य एवं अकर्मण्य समझने लगते हैं । इस प्रकार बालक की सहज, स्वाभाविक प्रगति अवरुद्ध हो जाती है । उसका व्यक्तिगत, पारिवारिक, स्वास्थ्यगत, शैक्षिक एवं सामाजिक समायोजन असंतुलित हो जाता है । वह नाना प्रकार के अन्तर्दन्द्वों से आकुल हो जाता है । ऐसी दशा में यदि बालक की इन व्यक्तिगत उलझनों, अभावों और मनोकांक्षाओं की सही- सही जानकारी के साथ- साथ सहानुभूतिपूर्वक उसे सुलझाने का प्रयास किया जाये तो बालक अपने मानसिक अन्तर्द्वन्दों से छुटकारा पा सकता है तथा उसका स्वस्थ समायोजन एवं विकास हो सकता है ।

2. अध्ययन का उद्देश्य

प्रस्तुत अध्ययन मे माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत हाई स्कूल एवं इण्टरमीडिएट कक्षा के

विद्यार्थियों की विभिन्न मनोकांक्षाओं का पता लगाने का प्रयास उनके पारिवारिक, शैक्षिक, स्वास्थ्यगत एवं सामाजिक परिसर में किया गया है। इन विद्यार्थियों की मनोकांक्षाओं में कक्षागत एवं लिंगगत समूहों के आधार पर समानता एवं अन्तर या भिन्नता को भी जानने का प्रयास किया गया है। इसके अतिरिक्त यह भी देखा गया है कि कौन- कौन सी मनोकांक्षाएं किस सीमा तक शिथिलतम, प्रबलतम, महत्वपूर्ण या महत्वहीन हैं ?

अधिक स्पष्टता के साथ प्रस्तुत अध्ययन के उद्देश्यों को निम्नलिखित रूप में निरूपित किया जा सकता है -

1. हाई स्कूल के छात्र- छात्राओं के लिंगगत समूहों की मनोकांक्षाओं का परस्पर अन्तर ज्ञात करना।
2. इण्टरमीडिएट के छात्र- छात्राओं के लिंगगत समूहों की मनोकांक्षाओं का परस्पर अन्तर ज्ञात करना।
3 हाई स्कूल में अध्ययनरत छात्र- छात्राओं और इण्टरमीडियट मे अध्ययनरत छात्र- छात्राओं की मनोकांक्षाओं का परस्पर अन्तर ज्ञात करना।

3. परिकल्पना

अध्ययन से संबंधित प्रमुख परिकल्पनाओं को निम्नलिखित रूप में अभिव्यक्त किया गया है-

1. हाई स्कूल के छात्र- छात्राओं की मनोकांक्षाओं में परस्पर कोई सार्थक अन्तर नहीं है।
2 इण्टरमीडिएट के छात्र- छात्राओं की मनोकांक्षाओं में परस्पर कोई सार्थक अन्तर नहीं है।
3. हाई स्कूल मे अध्ययनरत छात्र- छात्राओं और इण्टरमीडिएट में अध्ययनरत छात्र- छात्राओं की मनोकांक्षाओं में परस्पर कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

4. अध्ययन की विधि

प्रस्तुत अध्ययन में उपयुक्तता एवं सार्थकता की दृष्टि से सर्वेक्षण विधि को ही उपयोग में लाया गया है, क्योंकि सर्वेक्षण शोध स्वभावतः उद्गारक होते हुए प्रारंभिक स्तर पर अत्यधिक उपयोगी होते हैं। इसके अतिरिक्त सर्वेक्षण शोध प्रस्तावित चरों के सार्थक संबंध की सामान्य समस्या को भी स्पष्ट करते है।

5. प्रतिदर्श

शोध प्रतिदर्श सामान्यतया किन्हीं संभावित निरीक्षणों की बहुत बड़ी संख्या के प्रतिनिधि के रूप मे होते हैं। अतः प्रस्तुत अध्ययन में हेत्वार्थक प्रतिदर्श को अध्ययन हेतु अपनाया गया है।

6. उपकरण

किसी भी शोध में उपकरण ही प्रदत्त एकत्रीकरण के माध्यम होते हैं। प्रस्तुत अध्ययन में प्रदत्त एकत्रीकरण हेतु मनोविज्ञानशाला उत्तर प्रदेश, इलाहबाद द्वारा निर्मित "व्यक्तिगत- समस्या- सारिणी " का चयन किया गया है।

7. प्रदत्त एकत्रीकरण

प्रस्तुत अध्ययन में आवश्यक प्रदत्त एकत्रीकरण प्रतिदर्श में आयोजित विद्यार्थियों का परीक्षण उनकी कक्षाओं मे जाकर सामूहिक आधार पर प्रस्तावित उपकरण के माध्यम से नियंत्रित दशा में परीक्षण संचालित करके किया गया।

8. सांख्यिकीय विश्लेषण

परीक्षण से प्राप्त उत्तर- पत्रों की जांच और आकलन के बाद प्राप्त प्रदत्तों के विश्लेषण के लिए क्रान्तिक अनुपात (C. R.) का प्रयोग किया गया और प्राप्त परिणामों की 05 और .01 विश्वास स्तर पर सार्थकता की जांच की गई।

9. परिणाम और विवेचन

प्रदत्तों की इस सांख्यिकी परिगणना से प्राप्त परिणामों को विभिन्न तालिकाओं में प्रदर्शित किया गया और साथ ही उनकी विवेचना करके उसकी पुष्टि हेतुं संबंधित अध्ययनों को भी इंगित किया गया, जो इस प्रकार है :

तालिका 1

हाई स्कूल के छात्र- छात्राओं की मनोकांक्षाओं का परस्पर तुलनात्मक विवरण

(प्रत्येक समूह की संख्या=50)

क्रमांक	मनोकांक्षा	छात्रों का प्राप्तांक प्रतिशत	छात्राओं का प्राप्तांक प्रतिशत	अन्तर	क्रान्तिक अनुपात
1	दैन्य	17.30	20. 11	2.81	0. 36
2.	अर्जन	14.00	10. 34	3.66	0. 56
3.	उपार्जन	14.00	4.67	9 33	1.60
4.	सम्मिलन	7.10	5.78	1.32	0. 27
5.	आक्रामकता	12.00	16 80	4.80	0. 68
6.	स्वत्व	13.34	14 00	0. 66	0. 09
7.	ज्ञानार्जन	14 00	40. 00	26.00	2 93**
8.	प्रतिकूलता	17.34	30. 67	13.33	1.56
9.	प्रतिकार	2.00	1.34	0 66	0. 26
10.	प्रतिरक्षण	22.00	36.00	14.00	1.54
11	विनय	18.50	17.50	1.00	0. 13
12.	प्रभुत्व	18.29	24.86	6.57	0. 79
13.	प्रदर्शन	8 80	8 80	0 00	0. 00
14.	क्षति परिहार	6.67	12.33	2.66	0. 42
15.	अन्तर्पीड़न	22.67	15.33	7 34	0. 94
16.	पोषण	23.60	32.80	9. 20	1.02
17.	सुव्यवस्था	4.00	7.00	3.00	0. 66
18.	निष्क्रियता	10 63	16 00	5.37	0. 79
19.	क्रीड़ा	12 00	28.00	16 00	2.00*
20	मान्यता	12 00	18 67	6.67	0. 93
21	परित्याग	15.00	13 60	1.40	0 23
22.	एकान्तता	21.00	28 00	7.00	0. 81
23	काम	10. 23	11 33	1.10	0. 18
24.	परावलम्बन	17.50	14.00	3.50	0. 48

* 05 विश्वास स्तर पर सार्थक अन्तर

** 01 विश्वास स्तर पर सार्थक अन्तर

तालिका 1 मे वर्णित हाई स्कूल के छात्र- छात्राओं की 24 मनोकांक्षाओं के क्रान्तिक अनुपात की परिगणना के प्राप्त परिणामों के अवलोकन से ज्ञात होता है कि इस कक्षा के छात्र- छात्राओं के दोनों समूहों की इन 24 मनोकांक्षाओं में से "ज्ञानार्जन" की मनोकांक्षा में . 01 विश्वास स्तर पर तथा "क्रीड़ा" की मनोकांक्षा में . 05 विश्वास स्तर पर परस्पर सार्थक अन्तर है।

"ज्ञानार्जन" एवं "क्रीड़ा" की मनोकांक्षाओं के अतिरिक्त दोनों समूहों की अन्य किसी भी मनोकाक्षा में परस्पर कोई अन्य सार्थक अन्तर नही प्राप्त हुआ है।

"ज्ञानार्जन" एवं "क्रीड़ा" की दोनों मनोकांक्षाओं में इस कक्षा की छात्राओं का प्राप्तांक प्रतिशत इसी कक्षा के छात्रों के प्राप्तांक प्रतिशत से अधिक है। इससे यह ज्ञात होता है कि हाई स्कूल की छात्राओं मे छात्रों की अपेक्षा ज्ञानार्जन एवं क्रीड़ा की मनोकांक्षा अधिक बलवती है।

जे० पी० श्रीवास्तव (1953) के प्राप्त परिणामों के अनुसार भी महिलाएं पुरुषों की तुलना मे मानसिक स्थिति में पांच वर्ष पूर्व ही परिपक्व होती दिखाई पड़ी थीं।

एम० सारस्वत (1964) के प्राप्त परिणाम भी प्रस्तुत अध्ययन के प्राप्त परिणामों की पुष्टि करते हैं। उनके अध्ययन में भी बालकों की अपेक्षा बालिकाओं में "ज्ञानार्जन" की मनोकांक्षा अधिक बलवती पायी गई है और उनमें परस्पर सार्थक अन्तर भी था।

निष्कर्षतः प्रस्तुत अध्ययन के इस प्राप्त परिणाम के आधार पर अध्ययन की प्रथम परिकल्पना कि "हाई स्कूल के छात्र- छात्राओं की मनोकांक्षाओं में परस्पर कोई सार्थक अन्तर नहीं है", आंशिक रूप से स्वीकृत है।

तालिका संख्या 2 में वर्णित इण्टरमीडिएट के छात्र- छात्राओं की मनोकाक्षाओं के तुलनात्मक विवरण से ज्ञात होता है कि इस कक्षा के छात्र- छात्राओं के दोनों समूहों की "ज्ञानार्जन", "प्रतिरक्षण", एवं "क्रीड़ा" की मनोकांक्षा के अतिरिक्त अन्य किसी भी मनोकांक्षा में किसी भी विश्वास स्तर पर परस्पर सार्थक अन्तर नहीं है।

इण्टरमीडिएट के छात्र- छात्राओं के समूहों में "ज्ञानार्जन" की मनोकांक्षा में 01 विश्वास स्तर पर परस्पर सार्थक अन्तर है।

दोनों समूहों के "प्रतिरक्षण" की मनोकांक्षा में .05 विश्वास स्तर पर परस्पर सार्थक अन्तर है।

इसी प्रकार इन दोनों समूहों के क्रीड़ा की मनोकांक्षा में .01 विश्वास स्तर पर परस्पर सार्थक अन्तर है।

"ज्ञानार्जन", "प्रतिरक्षण", एवं "क्रीड़ा" तीनों मनोकांक्षाओं मे इण्टरमीडिएट के छात्रों का प्राप्तांक प्रतिशत इण्टरमीटिएट के छात्राओं के प्राप्तांक प्रतिशत से अपेक्षाकृत अधिक है। अतः कक्षा के छात्रों के समूह मे इसी कक्षा के छात्राओं के समूह की तुलना मे, "ज्ञानार्जन", "प्रतिरक्षण" एवं "क्रीड़ा" की मनोकांक्षायें अधिक बलवती है।

इन तीनों मनोकांक्षाओं के अतिरिक्त इस कक्षा के दोनों समूहों की अन्य मनोकांक्षाओं मे समरूपता ही दिखाई देती है। मनोकांक्षाओं की इस समरूपता की पुष्टि एम० सारस्वत (1964), जे० पी० बंसल (1977), एस० के० श्रीवास्तव (1981) के अध्ययनों से प्राप्त परिणामों से होती है।

निष्कर्षतः प्रस्तुत अध्ययन के इस प्राप्त परिणाम के आधार पर अध्ययन की द्वितीय परिकल्पना कि "इण्टरमीडिएट कक्षा के छात्र- छात्राओं की मनोकांक्षा में परस्पर कोई सार्थक अन्तर नहीं है" आंशिक रूप से स्वीकृत है।

तालिका 2

इण्टरमीडिएट के छात्र- छात्राओं की मनोकांक्षाओं का परस्पर तुलनात्मक विवरण

(प्रत्येक समूह की संख्या=50)

क्रमांक	मनोकांक्षा	छात्रों का प्राप्तांक प्रतिशत	छात्राओं का प्राप्तांक प्रतिशत	अन्तर	क्रान्तिक अनुपात
1	दैन्य	21.09	15. 02	6.07	0. 79
2	अर्जन	15 67	7. 34	8 33	1. 31
3	उपार्जन	14 67	4.00	10 67	1 60
4.	सम्मिलन	10 54	5.45	5.09	0. 94
5.	आक्रामकता	15.20	14.00	1.20	0 17
6.	स्वत्व	19.56	17.11	2. 45	0 32
7.	ज्ञानार्जन	46.00	14 00	32.00	3.49**
8.	प्रतिकूलता	20.00	12 67	7.33	0.99
9.	प्रतिकार	8 00	3.33	4. 67	1. 01
10.	प्रतिरक्षण	36.00	14.00	22.00	2.54*
11.	विनय	16.00	5 50	10.50	1. 70
12.	प्रभुत्व	27.72	20.57	7 15	0. 84
13.	प्रदर्शन	10 00	7.20	2 80	0. 50
14.	क्षति परिहार	8.67	10.67	2.00	- 0. 34
15.	अन्तर्पीड़न	18 00	20.00	2.00	0 25
16.	पोषण	30.40	35 60	5. 20	0.55
17.	सुव्यवस्था	10.00	10.00	0.00	0. 00
18	निष्क्रियता	18. 29	8 86	9.43	1. 38
19	क्रीडा	30.00	8.00	22 00	2.80**
20.	मान्यता	11.34	10.67	0 67	0 11
21	परित्याग	18 00	11.20	6 80	0. 96
22	एकान्तता	27 00	27.00	0 00	0 00
23.	काम	12. 00	8.89	3.11	0 51
24.	परावलम्बन	23.75	13.50	10.25	1. 32

* . 05 विश्वास स्तर पर सार्थक अन्तर

** . 01 विश्वास स्तर पर सार्थक अन्तर

तालिका 3 मे वर्णित हाई स्कूल एवं इण्टरमीडिएट के छात्र- छात्राओं के दोनों समूहों की मनोकांक्षाओं के परस्पर तुलनात्मक विवरण से ज्ञात होता है कि इन दोनों समूहों की किसी भी मनोकांक्षा में किसी भी विश्वास स्तर पर परस्पर किसी भी प्रकार का सार्थक अन्तर नहीं है।

दोनों कक्षाओं के छात्र- छात्राओं की सभी मनोकांक्षाओं में परस्पर समरूपता ही दिखाई देती है। दोनों कक्षा की छात्र- छात्रायें धनात्मक मनोकांक्षाओं की ओर उन्मुख होकर अपने- अपने परिसर के दबाव पर सन्तुलित नियंत्रण स्थापित करते हुए उनके बलवर्द्धन मे लीन होकर रचनात्मक एवं उपादेयता की ओर ही अग्रसित हैं।

इससे यह स्पष्ट है कि कक्षागत आधार पर छात्र- छात्राओं के समूहों की मनोकांक्षाओं के प्रादुर्भाव एवं विकास में कोई सार्थक अन्तर नही है।

इस तालिका को अधिक ध्यान से देखने पर ज्ञात होता है कि हाई स्कूल के छात्र- छात्राओं में जहा "प्रतिकूलता", "विनय" एवं "सुव्यवस्था" की मनोकांक्षाएं बलवती हैं, वहीं इण्टरमीडिएट के छात्र- छात्राओं में "प्रतिष्ठा" की मनोकांक्षा प्रबल है। उनकी यह प्रबलता भी एक मर्यादित सीमा में ही निहित है।

एम० सारस्वत (1964), वी० के० शर्मा, (1968), एवं एस०के० श्रीवास्तव (1981) के अध्ययनों से प्राप्त परिणाम प्रस्तुत अध्ययन के प्राप्त परिणामों की पुष्टि करते हैं।

निष्कर्षतः प्रस्तुत अध्ययन के इस प्राप्त परिणाम के आधार पर अध्ययन की तृतीय परिकल्पित परिकल्पना कि "हाई स्कूल मे अध्ययनरत छात्र- छात्राओं और इण्टरमीडिएट कक्षा मे अध्ययनरत छात्र- छात्राओं की मनोकांक्षाओं में परस्पर कोई सार्थक अन्तर नही है", पूर्णरूपेण स्वीकृत है।

10. निष्कर्ष

प्रस्तुत अध्ययन में प्राप्त परिणामों के विवेचन से यह निष्कर्ष प्राप्त हुआ कि हाई स्कूल एव इण्टरमीडिएट कक्षा के छात्र- छात्राओं के प्रत्येक समूह की मनोकांक्षाओं में सर्वत्र समरूपता ही दृष्टिगोचर होती है। प्रत्येक समूह धनात्मक मनोकांक्षाओं से आप्लावित होकर अपने परिसर के दबावों को सफलतापूर्वक दूर करने के प्रयासों में लीन हो इन धनात्मक मनोकांक्षाओं के बलवर्धन एवं आपूर्ति मे संलग्न दिखाई देता है। किसी भी समूह में ऋणात्मक मनोकाक्षाये विकसित होते दिखाई नहीं दें रही है। किन्हीं समूहों में ज्ञानार्जन, क्रीड़ा एवं प्रतिरक्षण की मनोकांक्षा मे .01 और .05 विश्वास स्तर पर सार्थक अन्तर प्राप्त हुआ है। अतः प्रस्तुत अध्ययन से यह सिद्ध होता है कि छात्र- छात्राओं की मनोकाक्षांओं मे कक्षागत आधार पर तो कुछ मनोकांक्षाओं में सार्थक अन्तर है किन्तु लिंगगत आधार पर सामान्यतः कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

11. शैक्षिक निहितार्थ

अध्ययन के प्राप्त परिणामों से यह स्पष्ट है कि इस विषय मे व्यवस्थित एवं व्यापक शोध की आवश्यकता है। इन परिणामों के आधार पर हाई स्कूल तथा इण्टरमीडिएट कक्षाओं में अध्ययनरत छात्र- छात्राओं के अन्तर्मन की आकुलता की अधिकाधिक जानकारी कर उनके शुभेच्छु उनका समुचित मार्गदर्शन कर सकेगे जिससे उनका स्वस्थ समायोजन हो सकेगा, क्योंकि स्वस्थ मन स्वस्थ शरीर में ही संभव है और यह उक्ति कि स्वस्थ शरीर मे स्वस्थ मन का निर्माण ही शिक्षा है, सार्थक हो सकेगी।

तालिका 3

हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट के छात्र- छात्राओं की मनोकांक्षाओं का परस्पर तुलनात्मक विवरण
(प्रत्येक समूह की संख्या=50)

क्रमांक	मनोकांक्षा	हाई स्कूल के छात्र- छात्राओं का प्राप्तांक प्रतिशत	इंटरमीडिएट के छात्र- छात्राओं का प्राप्तांक प्रतिशत	अन्तर	क्रान्तिक अनुपात
1	दैन्य	18 70	18.06	0.64	0.12
2.	अर्जन	21 17	11.50	0.67	0.15
3.	उपार्जन	9 33	9.34	0.01	0.00
4	सम्मिलन	6.44	8.00	1.56	0.43
5.	आक्रामकता	14.40	14.60	0.20	0.04
6	स्वत्व	13.67	18.33	4.66	0.90
7.	ज्ञानार्जन	27.00	30.00	3.00	0.47
8.	प्रतिकूलता	24.00	16 34	7 66	1 35
9.	प्रतिकार	1.67	5 67	4.00	1 50
10.	प्रतिरक्षण	29.00	25.00	4.00	0.64
11.	विनय	18.00	10.75	7.25	1.46
12.	प्रभुत्व	21.57	24.14	2.57	0.43
13	प्रदर्शन	8.80	8.60	0 20	0.05
14.	क्षति परिहार	11.00	9.67	1.33	0.31
15.	अन्तर्पीड़न	19.00	19.00	0.00	0.00
16.	पोषण	28.20	23.00	4.80	0.74
17.	सुव्यवस्था	5.50	10.00	4.50	1.19
18.	निष्क्रियता	13.20	13.57	0.37	0.09
19.	क्रीड़ा	20.00	19.00	1.00	0.18
20.	मान्यता	15.33	11.00	4.33	0.91
21.	परित्याग	14.40	14.60	0.20	0.04
22.	एकान्तता	24.50	27.00	2.50	0.57
23.	काम	10.78	10.44	0.34	0.08
24	परावलम्बन	15.75	11.13	4 62	0.99

* .05 विश्वास स्तर पर सार्थक अन्तर

** 01 विश्वास स्तर पर सार्थक अन्तर

संदर्भ

1. एनेस्टेसी, ए. : **साइकलाजिकल टेस्टिंग**, द्वितीय संस्करण, न्यूयार्क, द मैकमिलन कं०, 1961, पृष्ठ 52
2. बन्सल जे०पी० : **द स्टडी आफ नीड डिफरेन्स एमांग अरबन हाई स्कूल ब्वायज एण्ड गर्ल्स एट डिफरेंट लेवल्स आफ जनरल इन्टेलीजेंस एण्ड सोशियोइकनामिक स्टेटस**, पी-एच०डी० थीसिस (कुरूक्षेत्र यूनिवर्सिटी), 1977
3 ब्यूरो आफ साइकलाजी, यू० पी०, इलाहाबाद : **मैनुवल फारथिमेटिक अपरसेप्सन टेस्ट**, 1962
4. क्रानबैक, एल० जे० : **इसेन्शियल्ज आफ साइकलाजिकल टेस्टिंग** (द्वितीय संस्करण) टोक्यो, जान वेल्थर हिल, 1964, पृष्ठ 43
5 गैरेट, एच० इ० : **स्टैटिस्टिक्स इन साइकलाजी एण्ड एजूकेशन**, न्यूयार्क, लांगमैन ग्रीन एण्ड कं०, 1958
6. गिलफोर्ड, जे० पी० : **फन्डमेन्टल स्टैटिस्टिक्स इन साइकलाजी एण्ड एजूकेशन, एशियन स्टूडेन्ट्स एजूकेशन** (तृतीय संस्करण) टोक्यो, कोगाकुश कं०, 1956, पृष्ठ 173
7. मरे, एच० ए० : **एक्सप्लोरेशन्स इन परसनालिटी**, न्यूयार्क, आक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, 1938, पृष्ठ 152-242
8. सारस्वत, एम० : **ए कम्परेटिव स्टडी आफ द परसनालिटी पैटर्न्स आफ एडोलेसेन्ट ब्वाएज एण्ड गर्ल्स**, पी०एच०डी० थीसिस, इलाहाबाद यूनिवर्सिटी, 1964
9. श्रीवास्तव, जे०पी० : **ए सिन्थेटिक एप्रोच टू द प्राब्लम्स आफ परसनालिटी**, पी- एच०डी० थीसिस, इलाहाबाद यूनिवर्सिटी, 1953
10. श्रीवास्तव, एस०के० · "ए स्टडी आफ सेक्स डिफरेन्सेज इन डिफरेन्ट टाइप आफ नीड्स एमांग कालिज- गोइंग स्टूडेन्ट्स", **परस्पेक्टिव्स इन साइकलाजिकल रिसर्चेज**, वाल्यूम 4, नवम्बर 2, 1981.

शैक्षिक नवाचार एवं भूगोल शिक्षण

अमरनाथ दत्त गिरि

बी 4/56 बी, हनुमानघाट
वाराणसी 221001

चूँकि हम 83 प्रतिशत देखने द्वारा एवं 1.1 प्रतिशत श्रवण द्वारा (कुल 84.1%) सीखते हैं तथा 50 प्रतिशत जो कुछ हम देखते हैं और सुनते हैं उसे याद रख पाते हैं और यही प्रतिशत कहने और करने की क्रियाओं को भी सम्मिलित कर लेने पर 90 प्रतिशत तक पहुँच जाता है, अतः आज के ज्ञान एवं जनसंख्या विस्फोट के युग में हम शैक्षिक नवाचार एवं श्रव्य दृश्य नवाचारिक तकनीकी उपकरणों के महत्व को सफलतापूर्वक भूगोल शिक्षण के लिए अस्वीकृत नही कर सकते हैं।

"नवाचार" का शाब्दिक अर्थ किसी नवीनता या प्रचलित विधि अथवा वस्तु में परिवर्तन को स्वीकार करना या किसी नवीन प्रचलन को मान्यता देना है। "नव" शब्द का तात्पर्य नवीन या नया तथा "आचार" का अर्थ व्यवहार या आचरण योग्य विचार से है। अतः शाब्दिक अर्थ में यह कहा जा सकता है कि "नवाचार" ऐसा कोई नया व्यवहार, विचार, तथ्य या प्रणाली है जिसका वास्तविक एवं व्यावहारिक उपयोग करना संभव हो सके निश्चित रूप से हम किसी पूर्ववर्ती प्रणाली, तथ्य या विचार को विस्थापित या प्रतिस्थापित करने की बात हम तभी सोचते हैं जब उसके कोई कमी या त्रुटि हो एवं उसके स्थान पर प्रयुक्त होने वाले विचार या तथ्य उस कमी को दूर कर सकें एवं गुणात्मक दृष्टि से उससे बेहतर हों, अतः नवाचार में नवीनता, उपयोगिता, व्यावहारिकता, श्रेष्ठता जैसी कई विशेषताओं का समावेश होना आवश्यक है। इसे व्यक्ति जानबूझकर नियोजित ढंग से प्रयोग में लाता है एवं इससे प्रतिफल प्राप्त करने की आशा भी करता है। शिक्षा एवं शिक्षण के क्षेत्र में प्रयुक्त होने वाले नवाचारों को हम "शैक्षिक नवाचार" की संज्ञा देते हैं, जो शैक्षिक तकनीकी की देन है। शिक्षा एक ऐसी गत्यात्मक प्रक्रिया है जो अधिगमकर्ताओं के व्यवहार में कुछ पूर्व नियोजित एवं निर्धारित परिवर्तन उत्पन्न करने का प्रयास करती है। इसके लिए आज अनेक नवाचारों का उपयोग शैक्षिक जगत् में किया जा रहा है। यदि किसी नवीन परिवर्तन को प्रयोग में लाना हो या अध्ययन अध्यापन परिस्थिति से संबंधित किसी भी कारक में कोई परिवर्तन किया गया हो तो उस परिवर्तन के साथ अनुकूलन के लिए किसी नवाचार को प्रयोग में लाना पड़ता है। ठीक इसी प्रकार यदि शैक्षिक उद्देश्यों में कोई परिवर्तन हो, तकनीकी विकास और उससे उत्पन्न सामाजिक आवश्यकातों के परिणामस्वरूप शिक्षा के प्रारूप में कोई संशोधन या परिमार्जन हो, जनसंख्या में विस्फोट हेतु उत्पन्न सामाजिक, आर्थिक तथा शैक्षिक आवश्यकताओं में वृद्धि के अनुसार संसाधन की व्यवस्था करनी हो, शिक्षा की अनिवार्यता एवं सार्वभौमिकरण के माध्यम से असाक्षरता एवं अशिक्षा के प्रभाव को दूर करना हो, वैज्ञानिक एवं तकनीकी विकास हेतु जनसंचार एवं यातायात तथा परिवहन के साधनों में उन्नतिजन्य जनसंख्या की गतिशीलता तथा आधुनिकीकरण के प्रभाव को स्वीकार करना हो,

पाठ्यक्रम एवं शिक्षण तकनीकी में, ज्ञान के विस्फोट तथा औद्योगीकरण के कारण विशिष्टीकरण में वृद्धि तथा स्वचालित यंत्रों व इलेक्ट्रानिक उपकरणों के निर्माण के परिणामस्वरूप जो परिवर्तन करना अनिवार्य माना गया हो, उन सभी कारणों से आज हमें ऐसा लगना स्वाभाविक ही है कि शैक्षिक नवाचारों के अभाव में किसी भी विषय का शिक्षण सफलता के साथ संभव नहीं है चाहे वह विषय गणित हो या भूगोल, भाषा हो या विज्ञान।

इन आवश्यकताओं को देखते हुए यह जानना जरूरी है कि हम नवाचार को कहां से प्राप्त कर सकते है? मान लीजिए कोई शोधकर्ता, शिक्षाविद् या शिक्षा के विद्वान के द्वारा किसी नवीन विचार, तकनीकी या प्रणाली का एकबार प्रायोगिक तौर पर कहीं उपयोग किया गया। यदि वह नवाचार सफल पाया गया तो अन्य व्यक्ति, संस्था एवं उपयोगिता के बारे में पारस्परिक अन्तःक्रिया एवं वार्तालाप के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसे हम सामाजिक अन्तःक्रियात्मक नवाचार कहते हैं। इसके विपरीत हम स्वयं भी अपनी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए किसी वैज्ञानिक या व्यावहारिक समस्या के समाधान हेतु किसी नवाचार का चयन एवं उपयोग कर सकते हैं, चाहे यह उपयोग वैयक्तिक स्तर पर हो या संस्थागत स्तर पर। इन्हें हम समस्या समाधानात्मक नवाचार कहते हैं।

शिक्षा मानव के लिए है और मानव एक ऐसा संसाधन है जो चेतन है एवं परस्पर शारीरिक, बौद्धिक, संवेगात्मक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयामों में निश्चित रूप से एक दूसरे से भिन्न है। यदि यह भिन्नता एक सीमित अंश तक ही हो तो शिक्षा पद्धति, तकनीकी एवं उपागमों मे कोई विशेष अन्तर लाने की आवश्यकता नही पड़ती, परन्तु यदि यह अन्तर अत्यधिक हो अर्थात् कई अधिगमकर्ता अन्यों से इतना अधिक भिन्न हों कि उनके लिए सामान्य अध्ययन-अध्यापन परिस्थिति एव वातावरण के साथ समायोजन करना संभव न हो, तो निश्चित रूप से शैक्षिक व्यवस्था में उनके लिए कुछ विशेष परिवर्तन करने की आवश्यकता प्रतीत होती है एवं विशिष्ट नवाचारों का भी चयन करना पडता है।

भूगोल एक ऐसा विज्ञान है जिसमें प्रायः तथ्यों, घटनाओं एवं प्राकृतिक कारकों के बारे में सही ज्ञान स्वतः निरीक्षण द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। जेम्स फेयरग्रीव के अनुसार भूगोल का अधिकाधिक अध्ययन मस्तिष्क के बजाय पैरों के द्वारा किया जा सकता है जिससे यह स्पष्ट है कि इन्द्रियग्राह्य स्वयं निरीक्षित अध्ययन भूगोल शिक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण उद्देश्य है ताकि छात्रों मे खोज की भावना का विकास किया जा सके। यह कार्य भूगोल- कक्षा के बाहर जाकर ही संभव हो पाता है, परन्तु कक्षाकक्ष परिस्थितियों में जब भौगोलिक तथ्य संकल्पना या घटनाओं का सैद्धान्तिक ज्ञान प्रदान किया जाता है उस समय इस आवश्यकता की पूर्ति हेतु एवं ज्ञान को अधिकाधिक मात्रा में इन्द्रियग्राह्य बनाने के लिए श्रव्यदृश्य सामग्रियों का उपयोग किया जाता है।

इसके अन्तर्गत माध्यम और विधि दोनों ही सम्मिलित हैं। शैक्षिक नवाचारों का अनुप्रयोग इस क्षेत्र मे भी पर्याप्त मात्रा में आजकल किया जा रहा है ताकि सैद्धान्तिक भूगोल शिक्षण को ज्यादा सरल, आकर्षक एवं इन्द्रिग्राह्य बनाया जा सके।

माध्यम के अन्तर्गत फिल्म पट्टी, श्रव्यटेप, वीडियो फिल्म आदि आते हैं जबकि अभिक्रमित अनुदेशन, कम्प्यूटर सह अनुदेशन, शैक्षिक टेलीविजन इत्यादि विधि या प्रणाली के अन्तर्गत आते हैं। ये सभी सामग्रियॉ जो नवाचारिक हैं, प्रत्यक्षीकरण, अवबोध वृद्धि, अधिगम स्थानान्तरण, पुनर्बलन एवं ज्ञान धारण इत्यादि में सहायक होती हैं।

भूगोल शिक्षण एवं श्रव्य सामग्रियाँ

बहुत सारा ज्ञान हम सुनकर या कानों के द्वारा ग्रहण करते है। श्रव्य उपकरण वर्ग में वे सहायक सामग्रियाँ आती हैं जो श्रवणेन्द्रिय के लिए उत्तेजन प्रस्तुत करते हुए छात्रों को सीखने में सहायता प्रदान करती हैं, जैसे रेडियो, रेकार्डप्लेयर, टेप रिकार्डर इत्यादि। रेडियो के माध्यम से किसी अच्छे विषय पर भूगोल के किसी विद्वान का भाषण दुनिया के किसी भी भाग से सुना जा सकता है। टेप रिकार्डर या कैसेट टेप रिकार्डर द्वारा इच्छित वार्तालाप, संवाद, शब्दावली, भाषण इत्यादि को रिकार्ड किया जा सकता है एवं आवश्यकतानुसार कक्षा में प्रस्तुत किया जा सकता है। आदर्श पाठ एवं भूगोल शिक्षण कौशलों के प्रदर्शन पाठ भी इसमें रिकार्ड किये जा सकते हैं। इसके माध्यम से भूगोल शिक्षण के ज्ञानात्मक, व्यावहारिक तथा भावात्मक उद्देश्यों की प्राप्ति संभव है। जैसे ज्ञानात्मक उद्देश्यों में

- विद्यार्थी विभिन्न भौगोलिक नियम उपनियम इत्यादि को समझ सकेंगे।
- वे विदेशी भाषा, जंगली जानवर, समुद्री लहरों की ध्वनियों या अपरिचित शब्दावलियों को पहचान सकेंगे
- वे राष्ट्रीय एकता एवं अन्तर्राष्ट्रीय सद्भावना संबंधी विद्वानों के विचारों से परिचित हो सकेंगे

इसी प्रकार व्यावहारिक उद्देश्यों के लिए इनका प्रयोग शाब्दिक कौशलों को सिखाने के लिए किया जा सकता है, जैसे-

- दिए गए निर्देशों के अनुसार विद्यार्थी कार्य करते हुए भौगोलिक प्रतिरूप, चित्र इत्यादि बना सकेंगे।
- वे शब्दों के सही उच्चारण का अभ्यास कर सकेंगे।

इसी प्रकार भावात्मक उद्देश्य मे छात्रों के भावों एवं अभिवृत्तियों को प्रभावित करने के लिए ध्वनि प्रभावों का प्रयोग किया जा सकता है। जैसे - समुद्री लहरों के चित्र के साथ उनकी ध्वनि या मरूस्थलीय क्षेत्रों में पवन प्रवाह की साँय- साँय ध्वनि द्वारा उनकी अनुभूति को प्रभावित किया जा सकता है।

भूगोल शिक्षण एवं दृश्य सामग्रियाँ

दृश्य सामग्रियो में वे सामग्रियाँ आती हैं जिनके द्वारा छात्र ऑखों के माध्यम से ज्ञान ग्रहण कर सकते हैं। भूगोल शिक्षण के क्षेत्र श्याम पट्ट, मानचित्र, चित्र, आरेख या रेखाचित्र, ग्लोब, एटलस, चार्ट, ग्राफ, प्रतिरूप, नमूना इत्यादि साधन पर्याप्त संख्या में प्राचीन काल से ही प्रयोग में लाए जाते हैं। इनके अलावा शैक्षिक तकनीकी एवं नवाचार के अनुप्रयोग के साथ ही कुछ अन्य उपकरण एवं साधन भी आज इसी श्रेणी में जोड़ दिए गए है जिनमें से स्टीरियो स्कोप, एपिस्कोप, एपिडाइस्कोप, मैजिक लैन्टर्न या स्लाइट प्रोजेक्टर इत्यादि प्रमुख हैं। इनके माध्यम से भी भूगोल शिक्षण के उद्देश्यों की प्राप्ति संभव है।

ज्ञानात्मक उद्देश्य : इन साधनों के उपयोग से निम्न ज्ञानात्मक उद्देश्यों की प्राप्ति होती है :

- विद्यार्थी अपरिचित स्थलकृतियों, जलवायु प्रदेशों, वहाँ के निवासियों, उनके गृहों या भवनों के प्रकार इत्यादि को पहचान सकेगे।
- वे विभिन्न नवीन दृश्यों या भूतदृश्यों की विशेषताओं में तुलना करते हुए, अन्तर एवं समानताओं को स्पष्ट कर सकेंगे।
- छात्र विभिन्न भौगोलिक घटनाओं या बाह्य एवं आन्तरिक भूशक्तियों के प्रभाव या क्रियाशीलता को देखकर समझ सकेगे, इत्यादि।

मनोपेशीय उद्देश्य : इन शिक्षण सहायक सामग्रियों का व्यावहारिक उद्देश्यों के लिए उपयोग विशेषकर किसी कौशल या भौतिक घटना जैसे वलित या भ्रंशोत्थ पर्वतों की उत्पत्ति या कूप का निर्माण इत्यादि का प्रदर्शन श्रेणी ट्रान्सपेरेन्सी चित्रों या श्रेणीक्रमित स्लाइडों के माध्यम से संभव है।

भावात्मक उद्देश्य : प्राप्ति मे इन साधनों का विशेष

योगदान न होते हुए भी कुछ भावों जैसे पर्वत शिखरों की तुलनात्मक एवं सर्वोच्च ऊँचाई, समुद्री गर्तों की गहराई इत्यादि के विकास इसके माध्यम से संभव है।

भूगोल शिक्षण एवं श्रव्य- दृश्य उपकरण

इस वर्ग के अन्तर्गत वे सभी उपादान सम्मिलित किए जा सकते हैं जिनमें छात्र अपनी कान और आँख, श्रव्य एवं दृश्य दोनों ही इन्द्रियों की शक्ति का उपयोग साथ- साथ करते हैं। इस वर्ग में, चलचित्र, टेलीविजन, क्लोज्ड सर्किट टेलीविजन, वीडियो फिल्म इत्यादि आते हैं। ये सर्वाधिक चर्चित एवं उपयोगी परन्तु मूल्यवान साधन हैं।

ज्ञानात्मक उद्देश्य : इन साधनों के उपयोग से कई ज्ञानात्मक शैक्षिक उद्देश्यों की प्राप्ति संभव है, जैसे -

– विभिन्न भौगोलिक तथ्य, नियम, संकल्पना इत्यादि को विद्यार्थी पहचान सकेंगे एवं उनमे अन्तर या भिन्नता को स्पष्ट कर सकेंगे।

– वे सीखे हुए ज्ञान का अनुप्रयोग दिए गए निर्देशों के अनुसार कर सकेंगे। वे विभिन्न भौगोलिक चित्र, चार्ट, प्रतिरूप इत्यादि तैयार करने की विधि से परिचित हो सकेंगे, इत्यादि।

व्यावहारिक उद्देश्य : व्यावहारिक उद्देश्य इस प्रकार हैं:

– भूगोल के विद्यार्थी विभिन्न उपकरणों जैसे जलवायु संबंधी, सर्वेक्षण या मानचित्र संबंधी उपकरणों को चलाना, ठीक करना, इत्यादि सीख सकेंगे।

– वे विभिन्न चित्र इत्यादि स्वयं तैयार कर सकेंगे।

– वे अपने कार्य के बारे में तत्काल प्रतिपुष्टि प्राप्त कर सकेंगे, इत्यादि।

भावात्मक उद्देश्य : निम्न भावात्मक उद्देश्यों की प्राप्ति इनसे संभव है :

– विद्यार्थी राष्ट्र के विभिन्न क्षेत्र एवं प्रान्त तथा वहाँ के निवासियों से परिचित होकर उनके प्रति आदर एवं सम्मानपूर्ण सौहार्द्र की भावना को विकसित कर सकेंगे।

– वे सम्पूर्ण विश्व मानव के निवास स्थल के रूप में एक ही इकाई मात्र है, एवं विभिन्न क्षेत्र के निवासी एक दूसरे पर अन्योन्याश्रित ढंग से निर्भर हैं- इस भाव को समझ सकेंगे।

– उनमे पर्यटन की इच्छा जागृत होगी तथा उनमे प्राकृतिक सौन्दर्य का सच्चा ज्ञान एवं उदार दृष्टिकोण का विकास होगा, इत्यादि।

इसप्रकार हम देखते हैं कि भूगोल शिक्षण के क्षेत्र मे विशेषकर श्रव्य दृश्य (शैक्षिक) तकनीकी के सन्दर्भ में शैक्षिक नवाचार का योगदान अत्यन्त महत्वपूर्ण है जिसके अभाव में भूगोल एक व्यावसायिक विज्ञान से पुनः सैद्धान्तिक ज्ञान का रूप धारण कर लेगा, इसमें संदेह नहीं किया जा सकता।

चूँकि हम 83 प्रतिशत देखने द्वारा एवं 1.1 प्रतिशत श्रवण द्वारा (कुल 84.1%) सीखते हैं तथा 50 प्रतिशत जो कुछ हम देखते हैं और सुनते हैं उसे याद रख पाते हैं और यही प्रतिशत कहने और करने की क्रियाओं को भी सम्मिलित कर लेने पर 90 प्रतिशत तक पहुँच जाता है, अतः आज के ज्ञान एवं जनसंख्या विस्फोट के युग में हम शैक्षिक नवाचार एवं श्रव्य दृश्य नवाचारिक तकनीकी उपकरणों के महत्व को सफलतापूर्वक भूगोल शिक्षण के लिए अस्वीकृत नहीं कर सकते।

संदर्भ

फेयरग्रीव, जे० (1937) : **जियोग्राफी इन स्कूल्स**, यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन प्रेस लि०, वारविक लेन, सी- 4,

श्रीवास्तव, एस० एस० (1978) : **शिक्षा में नवाचार एवं आधुनिक प्रवृत्तियां,** हरप्रसाद भार्गव, आगरा।

वर्मा, जे० पी० (1975) : **भूगोल अध्यापन,** विनोद पुस्तक मंदिर, आगरा।

बाल मजदूरों हेतु शैक्षिक आव्यूह: राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय विवेचन

के० सी० वशिष्ठ

शिक्षा संकाय
दयालबाग ऐजूकेशनल इंस्टीट्यूट
डीम्ड वि० वि०, दयालबाग, आगरा 282005

वर्तमान स्थिति से जूझने के लिये शिक्षा का व्यापक प्रचार- प्रसार तथा ऐसे कार्यक्रमों को प्राथमिकता प्रदान करना है जिनसे इस समस्या की जड़ों पर तीव्र प्रहार किया जा सके। इस दिशा में मेक्सिको एवं ब्राजील ने कुछ अभिन्न कार्यक्रमों को अपनाया है तथा उसके सार्थक परिणाम भी सामने आये हैं। इसमें समुदाय की भूमिका सर्वाधिक प्रभावी रहती है, यह आवश्यकताओं के अनुकूल सामाजिक आर्थिक संसाधनों की पूर्ति स्वैच्छिक संगठनों के माध्यम से करके इस समस्या को चुनौती दे रहे हैं। वास्तव में यह एक अनुकरणीय अनुभव है। इसी प्रकार फिलीपीन्स की स्मोकी माउन्टेन नामक स्वैच्छिक संस्था निपुण शिक्षकों, माता- पिता, चिकित्सकों के समूह बनाकर ऐसी समस्या का मौलिक समाधान प्रस्तुत कर रही है, यद्यपि इसने अपना कार्य 1986 के दशक में ही प्रारंभ किया है।

भारतीय संविधान के अन्तर्गत ऐसा प्रावधान किया गया था कि प्रत्येक राज्य अपने 14 वर्ष की आयु तक के बालकों को अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा प्रदान करेगा। यह कार्य विभिन्न राज्यों द्वारा लगभग 1960 तक पूरा हो जायेगा, ऐसी अवधारणा व्यक्त की गयी थी। किन्तु लगभग 41 वर्ष पश्चात् जब हम पुनः विहंगावलोकन करते है, तो ज्ञात होता है कि यह उद्देश्य अब और भी अधिक दूर होता चला जा रहा है, क्योंकि यह समस्या अब इतनी प्रखर हो चली है कि इसके समाधान का मार्ग अस्पष्ट हो चला है, तथा इसकी प्राप्ति की सामाजिक, राजनीतिक इच्छाएँ मृतप्राय हो चुकी हैं।

यद्यपि इन दिनों भारतीय विद्यालयों मे जाने वाले बालक एवं बालिकाओं की दर में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है, क्योंकि 1981-82 में 83.7 प्रतिशत बाल- बालिकाएं विद्यालयों में जा रहे थे, अब यह प्रतिशत बालकों के संदर्भ में 99 4 तथा बालिकाओं के संदर्भ में 66.4 हो गया है। किन्तु प्रतिवर्ष प्राथमिक विद्यालय को मध्य सत्र में छोड़ने वालों की संख्या के आंकड़ों के आधार पर यह बात सिद्ध हो चुकी है कि प्राथमिक विद्यालयों में जाने वाले छात्रों का केवल 30 प्रतिशत ही 11 वर्ष की आयु तक पाँचवीं कक्षा उत्तीर्ण कर पाते हैं।

उपर्युक्त तथ्यों के आधार पर अनेक प्रश्न उत्पन्न होते हैं, जिनसे सार्वभौमिक प्राथमिक शिक्षा के खोखलेपन का आभास हो जाता है, जैसे :

1. वे कौन सी बाल जनसंख्या है जो विद्यालयों मे पंजीकृत नहीं होती है ?

2 वह कौन से बालक हैं, जो मध्य सत्र मे ही विद्यालय से शीघ्र ही पलायन कर जाते हैं ?

क्योंकि ये बालक पंजीकृत होते हैं, अतः ऐसा मानना तो असंभव है कि वे शैक्षणिक सुविधाओं से वंचित हैं, परन्तु फिर कौन सा ऐसा कारण है कि ये बालक विद्यालय

से भाग खड़े होते हैं ? निश्चय ही इस प्रश्न का उत्तर अन्यत्र खोजना पड़ेगा । इन कारणों में प्रमुख रूप से निम्नलिखित शंकाएं प्रकट की जा सकती हैं :

1. बालक अन्यत्र किसी कार्य में लगा हुआ है,
2. बालक मेहनत मजदूरी करके परिवार की आर्थिक मदद कर रहा है,
3. बालक अपने स्वयं के भरण- पोषण का उत्तरदायित्व स्वयं ही वहन कर रहा है, जबकि उसके माता- पिता ऐसी स्थिति में नहीं हैं,
4 यह भी हो सकता है कि जो प्राथमिक विद्यालय हैं वे उसके अपने पारिवारिक परिवेश के विपरीत मूल्यों एवं अभिवृत्तियों की शिक्षा दे रहे हों, जो कि उसके अस्तित्व के लिए खतरनाक सिद्ध हो सकता हो ।
5. छात्र, भय, प्रतिबद्धता तथा कठोर वातावरण को स्वीकार न कर पाने से पलायन कर रहा हो, आदि।

भारतीय परिवेश में कनबर्गी (1988) ने एक शोध गवेषणा के आधार पर कुछ चौकाने वाले तथ्य प्रकट किये हैं। उनके अनुसार भारतीय समाज में बालक को "आर्थिक पूँजी" का दर्जा प्रदान किया गया है अतः जितनी अधिक संतानोत्पत्ति होगी व्यक्ति की आर्थिक स्थिति उतनी ही मजबूत मानी जायेगी। उन्होंने बालकों द्वारा किये जाने वाले कार्य के घंटों तथा स्कूल में पढ़ने हेतु ठहरने वाले घंटों के तुलनात्मक सर्वेक्षण द्वारा स्पष्ट किया है कि बालकों पर कार्य हेतु बढ़ता हुआ सामाजिक, आर्थिक दबाव, उन्हे विद्यालय से वंचित ही नहीं करता किन्तु बालक की आयु में जैसे- जैसे वृद्धि होती है, वे अनेक कुशलताओं में दक्षता हासिल कर लेते हैं, जिससे वे अपने को श्रेष्ठ कार्य उत्पादक के रूप में स्थापित करके, शैक्षणिक परिधि से हमेशा के लिए बाहर चले जाते हैं। कनबर्गी के आंकड़े जो इस तथ्य की पुष्टि करते हैं, वे निम्नलिखित हैं (सारिणी 1.1)।

हमारे देश में कार्यरत बाल मजदूरों की सही जनसंख्या स्पष्ट नहीं है। इसका कारण यह है कि विभिन्न राष्ट्रीय अभिकरणों द्वारा प्रस्तुत आँकड़ों में मतैक्य नहीं है। भारतीय जनसंख्या गणना के 1961 के आंकड़ों में यह 145 लाख थी, जो कि 1971 की जनगणना में नीचे गिरकर 107 लाख हो गयी किन्तु पुनः यह 1981 में बढ़कर 112 लाख तक पहुँच गयी थी। इस जनसंख्या में से 90 प्रतिशत बाल मजदूर गाँवों में रहते हैं। किन्तु "नेशनल सैम्पल सर्वे" (एन० एस० एस०) के 32वें खंड में बाल मजदूरों की जनसंख्या 74 लाख उद्धृत की गयी है। इसी प्रकार एक अन्य राष्ट्रीय स्तर के अभिकरण "ओपरेशन्स रिसर्च ग्रुप" (ओ० आर० जी०) ने 440 लाख बाल मजदूरों की संख्या 1983 में बताई है जो कि 1985 तक बढ़कर 502 लाख तक पहुँच गयी। इन विभिन्न अभिकरणों में प्राप्त अंतर का कारण है, राष्ट्रीय स्तर पर सम्प्रेषण का अभाव, बाल मजदूर के प्रत्यय की अलग- अलग परिभाषाएं तथा उसे ज्ञात करने की अन्य- अन्य विधाएं।

सारिणी 1.1

बालकों की आयुवृद्धि एवं विद्यालय उपस्थिति में व्युत्क्रम संबंध (कनबर्गी, 1988)

आयु वर्ग	बालक	बालिकाएं
5-7 वर्ष	78%	59%
12-14 वर्ष	40%	23%

सारिणी 1.2

भारत में विभिन्न व्यवसायों के संदर्भ में बाल मजदूरों की परिमाणात्मक स्थिति

	कार्य श्रेणी	1971				1981			
		ग्रामीण		नगरीय		ग्रामीण		नगरीय	
		बालक	बालिकाएं	बालक	बालिकाएं	बालक	बालिकाएं	बालक	बालिकाएं
1	फसल उत्पादन	42.41	27.58	6 46	3.32	43.9	36.8	6 1	5.3
2	कृषि मजदूर	40.24	57.50	12 41	22 37	39 9	5.16	12.2	23.2
3	पशु वानिकी, मत्स्य उद्योग, वृक्षारोपण आदि	9.84	5.14	4.45	2 43	7.8	3 3	3.7	1.8
4.	खनन एवं पत्थर खदानें	0 17	0 28	0.40	0.81	0 2	0 2	0 3	0.4
5.	उत्पादन प्रोसेसिंग तथा सर्विसिंग एवं मरम्मत कार्य आदि								
(अ)	गृह कार्य	2 07	4.06	8.02	17.96	2.5	3.8	8.0	18.2
(ब)	गृह कार्यों से पृथक औद्योगिक कार्य आदि	1.27	1.80	24 37	15.50	2. 4	2.1	31.1	20.0
6.	निर्माण	0.34	0 42	2 94	3.69	0.4	0.5	3.3	3.2
7.	व्यापार एवं वाणिज्य	1.01	0.33	20.40	3.01	1.3	0.4	19.0	2.9
8.	यातायात, संग्रह कार्य सम्प्रेषण आदि	0.14	0.09	4.13	2.09	0.1	0.00	3.0	0.4
9.	अन्य सेवायें	2 51	2.80	16.42	28.82	1 5	1 3	13.3	24.6

स्रोत . 1. भारत की जनगणना 1971 एवं 1981.

2 भारत में बालक : एक सांख्यिकीय पार्श्व चित्र,समाजएवंमहिला कल्याण मंत्रालय, 1985.

"ओ० आर० जी०" के अनुसार सम्पूर्ण जनसंख्या का 26.2% मात्र 5-15 वर्ष की आयु के बालकों का प्रतिनिधित्व करता है, जो कि 19 करोड़ 65 लाख के बराबर हैं। ऐसा माना जाता है कि भारतीय जनसंख्या का लगभग आधा भाग गरीबी रेखा के नीचे निवास करता है। अतः लगभग 9 करोड़ 82 लाख बालक इसी जनसंख्या के भाग का प्रतिनिधित्व करते हैं। इस प्रकार यह कहना कि भारत में केवल 50 लाख बालक ही गरीबी रेखा के नीचे रहकर बाल मजदूरों के रूप में अपने स्वत्व की रक्षा हेतु संघर्षरत हैं, अनुपयुक्त जान पड़ता है। प्राप्त आंकड़ों की विसंगतियों को समाप्त करने हेतु यह समाधान प्रस्तुत किया जा सकता है कि इन बाल मजदूरों की संख्या 90 लाख और 1 करोड़ के बीच है, तथा ये आंकड़े विद्यालय परिधि से बाहर रहने वाले छात्रों की जनसंख्या के संदर्भ में भी युक्तियुक्त प्रतीत होते हैं। संक्षेप मे यह कहा जा सकता है कि कार्य करने के घंटे बालकों को प्राथमिक शिक्षा की परिधि से बाहर करते हैं।

वर्तमान परिस्थितियों में इन बाल मजदूरों का एक बड़ा भाग गांवों में अपने माता- पिता के साथ कृषि कार्यों में जुटा हुआ है तथा अन्य कुशल- अकुशल कार्यों मे लगे बाल मजदूर शहरी एवं अर्द्धशहरी परिवेश से आते हैं। नंगिआ (1988) की अवधारणा है कि यदि यही शहरीकरण की दर बनी रही तो सन् 2000 तक भारत का 1/3 भाग शहरीकरण की चपेट में आ जायेगा, जिसमें से लगभग 31 प्रतिशत जनसंख्या "स्लम" में रहने लगेगी और उनमें 1/3 भाग 15 वर्ष की आयु से कम वाले बच्चों का होगा।

इसके अतिरिक्त दिनों- दिन ग्रामीण परिवारों द्वारा गाँव छोड़कर शहर में बसने की लिप्सा, शहरी संसाधनों पर अतिरिक्त वृहद् दबाव, सुविधाओं के वियोजन में कमी, नैतिक एवं मानवीय मूल्यों का ह्रास, असंतुलित पर्यावर्णीय प्रक्रम, मादक- द्रव्यों का बढ़ता प्रयोग, तथा बढ़ती जनसंख्या सम्पूर्ण वस्तुस्थिति को अत्यधिक भयावह बना देती है।

बाल मजदूर शिक्षा हेतु भारतीय आव्यूह

उपर्युक्त तथ्यों के संदर्भ में अब यह अत्यधिक आवश्यक प्रतीत होता है कि इन बाल मजदूरों की इस भयावह स्थिति को नियंत्रित करने की यथाशीघ्र कोशिश की जानी चाहिए। यद्यपि केन्द्र एवं राज्य सरकारे इस दिशा मे जाग्रत तो हुई हैं, किन्तु अभी भी अधिकाधिक कार्य स्वैच्छिक संगठनों द्वारा ही अपेक्षित हैं। क्योंकि सरकार ने इन बाल- मजदूरों हेतु संवैधानिक कानूनों का निर्माण तो किया है, किन्तु उन्हें इस स्थिति से बचाने के सामाजिक- शैक्षिक, मनोवैज्ञानिक विकल्पों को नजरअदाज कर दिया है। भारतीय परिवेश मे जो संस्थाएं इस दिशा में महत्वपूर्ण कार्य कर रही हैं, वे प्रमुख रूप से निम्नलिखित हैं -

1. रैगपिकर्स ऐजूकेशन एंड डेवलेपमेंट सोसायटी, बैंगलोर (आर० ई० डी० एस०)।
2 दी कन्सर्ड फॉर वर्किंग चिल्ड्रेन (सी० डब्ल्यू० सी०) बैंगलोर।
3. जया राजेन्द्र, रैगपिकर्स प्रोजेक्ट ऑफ कर्नाटका स्टेट कांउसिल फॉर चाइल्ड वेलफेअर (के० एस० सी० सी० डब्ल्यू०) बैंगलोर।
4 बोस्को युवा केन्द्र, बैंगलोर (बोस्को)।
5 इंस्टीट्यूट ऑफ साइकोलोजीकल एण्ड एजूकेशनल रिसर्च, कलकत्ता।
6. बटरफ्लाईज, देहली।
7. प्रभातारा, देहली।
8. तृप्तूर चाइल्ड लेबरर्स वेलफेअर, प्रोजेक्ट, तृप्तूर, तमिलनाडू।
9. सोशल वर्क एण्ड रिसर्च सेंटर, कोरापूट, उड़ीसा।
10. चेतना विकास, महाराष्ट्र।
11. सी० ई० डब्ल्यू० ए० (सेवा), अहमदाबाद।

सारिणी 1.3

कार्यरत बाल मजदूर एवं अकार्यरत बालक- बालिकाएं जो विद्यालयों में प्रवेश ले चुके हैं, अथवा विद्यालयों से बाहर हैं

आयु समूह		कुल बालक		कार्यरत		अकार्यरत	
		पुरुष	स्त्री	पुरुष	स्त्री	पुरुष	स्त्री
विद्यालय जाने वाले							
कुल	6-10	55 27	38.46	0. 13	0. 06	55 14	38.40
	11-13	63.81	38.68	0. 58	0 19	63.23	38.49
ग्रामीण	6-10	50. 55	31.31	0. 16	0. 07	50. 39	31 29
	11-13	59 52	63 00	0. 72	0. 04	58 80	29. 88
शहरी	6-10	72 74	64.73	0 01	0 01	72.73	67.04
	11-13 प्रदत्त उपलब्ध नहीं है।						
विद्यालय न जाने वाले							
कुल	6-10	44 73	61 54	2.45	2.05	42 28	59. 49
	11-13	36 20	61.31	17.16	13 63	19. 04	47.68
ग्रामीण	6-10	49.45	68-68	2.85	2.48	46 60	66 20
	11-13	40, 48	69 87	20 22	16.82	20. 26	53 05
शहरी	6-10	27.26	35.26	0 96	0. 44	26.30	34.82
	11-13	21-74	32 94	6 85	3.04	14.89	29. 90

उपर्युक्त सगठनों के संदर्भ में नलिनी जुनिजा (1990) ने व्यापक अध्ययन किये, जिनके आधार पर इन केन्द्रों की योजनाओं को संक्षेप में अग्रपृष्ठ पर सारिणी रूप मे प्रस्तुत कर रहे हैं।

बाल मजदूर : अंतर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य

बाल मजदूरों की समस्या भारत में ही भयावह है, ऐसा नहीं है, यह एक अंतर्राष्ट्रीय समस्या है किन्तु अर्द्धविकसित और विकासशील देशों में यह समस्या अत्यधिक गंभीर हो चुकी है। [इन्टरनेशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन[(आई० एल० ओ०) के आंकड़ों के आधार पर 1980 मे ऐसे बालकों की जनसंख्या लगभग 4 करोड़ 80 लाख थी। ऐसा अनुमान है कि 10-14 वर्ष के बालकों में से लगभग 18 प्रतिशत बालक किसी न किसी प्रकार के कार्यों मे संलग्न रहते हैं। किंतु विकासशील राष्ट्रों मे यह

सारिणी 1.4
भारत में बाल मजदूरों हेतु कार्यरत संगठन

	संगठन	सचालित कार्यक्रम	लक्ष्य समूह	अवधि/समय
1.	आई० पी० ई० आर०, कलकत्ता	1. 36 अवकाशकालिक विद्यालय 2 गृह शिक्षण 3 चिकित्सीय परामर्श एवं देखभाल 4 पोषण परामर्श	शहरी एवं असंगठित बाल मजदूर	शनिवार, दोपहर रविवार प्रातः गृह दर्शन (सप्ताह मे दो बार)
2.	जया- राजेन्द्र प्रोजेक्ट ऑफ कर्नाटका स्टेट कांउसिल फॉर चाइल्ड वैलफेयर बैगलोर	1 साक्षरता केन्द्र 2 मनोरंजन केन्द्र 3 व्यावसायिक शिक्षण 4 पोषण परामर्श 5 चिकित्सीय परामर्श	रैगपिकर्स एव अन्य बाल मजदूर	प्रत्येक दिन अपरान्ह् 3 00 बजे
3	"बोस्को" युवा केन्द्र, बैगलोर	1 नुक्कड सम्पर्क स्थल एवं शिक्षा 2 रात्रि निवास 3 अध्ययन केन्द्र 4 व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र	रैगपिकर्स तथा अन्य बाल मजदूर	खुले घर योजना सायकालिक कक्षाएं प्रातःकालिक कक्षाये जिन्हे छात्रवृत्ति दी जाती है।
4.	"रेड्स" बैगलोर	1 नुक्कड सम्पर्क स्थल 2 नुक्कड साक्षरता स्थल 3. व्यावसायिक प्रशिक्षण एवं स्वास्थ्य तथा कानूनी सुरक्षा	रैगपिकर्स (बालक केवल)	साक्षरता कक्षाएं, व्यावसायिक कक्षाएं प्रातःकालीन अपरान्ह कक्षाएं छात्र वृत्ति प्राप्त सेवा के छात्रों हेतु

	संगठन	संचालित कार्यक्रम	लक्ष्य समूह	अवधि/समय
5	कन्सर्ड फॉर वर्किंग चिल्ड्रेन, बैंगलोर।	14 केन्द्र शैक्षिक मनोरजन, पोषण, चिकित्सा, सामान्य चेतना सबधित गतिविधियां	कार्यरत् बालक एव बालिकाए असंगठित क्षेत्र के रैगपिकर्स	अपरान्ह 1-5 बजे तक
6	"सेवा" अहमदाबाद।	साक्षरता, मनोरजन, पोषण, शिक्षा संबधी कार्यों का विकास करना	मजदूर बालिकाएं जो असंगठित शहरी क्षेत्र में कार्यरत है	अपरान्ह चार घंटे प्रतिदिन
7	चाइल्ड लेबरर्स बेलफेअर प्रोजेक्ट, तृप्तूर (तमिलनाडु)।	मनोरजनात्मक, सांस्कृतिक, क्रियात्मक साक्षरता एवं पोषण ज्ञान	13 व्यवसायों में कार्यरत मजदूर बालक	सायं 5 बजे से 7 45 तक प्रतिदिन
8	बटरफ्लाईज, देहली।	नुक्कड सम्पर्क स्थल, मनोरंजन तथा सृजनात्मक गतिविधियाँ	शहरी कार्यरत बालक	1-3 बजे तक प्रतिदिन
9	प्रभातारा, देहली।	क्रियात्मक साक्षरता एवं मनोरंजनात्मक केन्द्र	कार्यरत बालक मजदूर	1-4.00 बजे तक प्रतिदिन

सारिणी 1.5

ब्राजील में कार्यरत बाल मजदूरों हेतु संगठन

	कार्यक्रम	लक्ष्य समूह	उद्देश्य	क्रियाएं
1.	ऐजूकेशनल वर्कशॉप बोआ नोवा ।	1 6-14 आयुवर्ग के स्ट्रीट बाल मजदूर	1 अर्द्धकालिक सेवाएं प्रदान करना । 2 बालकों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करना ।	1. बालकों की रुचि का कार्य प्रदान किया जाता है । 2. प्रातः एवं सायं का भोजन प्रदान करना । 3. बालकों को 8 घंटे कार्यों में व्यस्त रखना ।
2	सोशिओ ऐजूकेशनल गाइडेंस सेंटर फार यंग वर्कर्स	1 गलियों में घूम- घूम कर व्यवसायरत बालक बालिकाएं ।	1 इन बालकों को कार्य प्रदान करके समुदाय में सम्मिलित करना ।	1. बालकों को लाइसेंस प्रदान किए जाते हैं । 2. तथा म्युनिसपेलिटी द्वारा सुरक्षा प्रदान की जाती है । 3. 14 वर्ष की आयु वाले बालकों को म्युनिसपेलिटी कार्य प्रदान करती है। 4. 16 वर्ष की आयु में उन्हें विभिन्न फर्मों में कार्य दे दिया जाता है ।
3.	सेलेशिअन सेंटर फॉर माइनर्स	1. 14-15 वर्ष तक के बाल मजदूर ।	1. बाल मजदूरों के सामाजिक एकाकीपन (बहिष्कार) को दूर करना (मित्र- सहायता प्रदान करना) 2. सामुदायिक जागृति पैदा करना, जिससे वे बाल- मजदूरों की संरचना को न बढ़ायें ।	1. गली के बाल मजदूरों को सस्ता, अच्छा पोषण प्रदान करना । 2 उनके लिए मनोरंजन, पार्क तथा विश्रामघरों की व्यवस्था करना ।

			3 अल्पआयु के बालकों के अधिकारों की सुरक्षा करना।	3. दाँतों की एवं अन्य चिकित्सीय सेवाएं प्रदान करना। 4 शैक्षिक एवं कार्यालक निर्देशन प्रदान करना।
4	अल्टेनेटिव सर्विसेज फॉर स्ट्रीट चिल्ड्रेन	गली में आवारा घूमने वाले बाल- मजदूर	1 सामुदायिक कार्यक्रमों हेतु मानव संसाधनों का विकास 2 सरकार को समय- समय पर बाल- मजदूरों के नियत्रण संबंधी सुझाव देना। 3. जनजागृति उत्पन्न करना।	1. विभिन्न प्रोजेक्टों के माध्यम से बाल मजदूरों संबंधी आंकड़ों का एकीकरण, विश्लेषण करना। 2 शहरी भागों में स्थानीय सामुदायिक समूहों की स्थापना करना। 3. बाल- मजदूरों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रयास करना। 4 शिक्षा- रोजगार संबंधी कार्यक्रम चलाना
5	द बोर्डर प्रोग्राम	अमेजीना स्टेट के बाल- मजदूर	1 बाल मजदूरों को बसाना तथा रोजगार के अवसर प्रदान करना 2 भौगोलिक एवं मनोवैज्ञानिक रूप से बाल मजदूरों की आवश्यकताओं की पूर्ति करना।	1. बालकों को रोजगार परक प्रशिक्षण प्रदान करना। जैसे- खेती, मत्स्य पालन, मुर्गी पालन, विद्युत कार्मिकता

सारिणी 1.6

मेक्सिको में कार्यरत बाल मजदूरों हेतु संगठन

	कार्यक्रम	लक्ष्य समूह	उद्देश्य	क्रियायें
1	डी० आई० एफ० नेशनल सिस्टम फॉर दी इन्ट्रीगल डेवलेपमेंट ऑफ दी फ़ेमिली	समूह : 1 पूर्णतया वियुक्त बालकों हेतु समूह : 2 अर्द्धवियुक्त बालकों हेतु समूह : 3 असामाजिक बालकों हेतु (जो परिवार मे ही हैं) समूह : 4 परिवार मे रह रहे बाल मजदूरों हेतु	एक जैसे ही	1 खोजकर पकड़कर पुर्नव्यवस्थित करना । 2 बाल मजदूरों को बचाना तथा उनकी देखभाल करना ।
2.	प्रोग्राम फॉर माइनर्स इन डिफीकल्ट सिचुएशन्स	18 वर्ष तक के गलियों में घूमने वाले बालक ।	अनौपचारिक रोजगारों की व्यवस्था करना ।	1 शैक्षिक कार्यक्रमों का सचालन करना 2. व्यावसायिक प्रशिक्षण करना 3 अभिवृत्तियों मे परिवर्तन करना ।
3.	असिस्टेंस टू मर्जिनल ग्रुप इन मेक्सिको सिटी	8-15 वर्ष तक के बाल मजदूर	1 स्वास्थ्य की देखभाल करना । 2 साक्षरता प्रशिक्षण प्रदान करना । 3 व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करना ।	1 बाल मजदूरों की आवश्यकताओं का विश्लेषण करना । 2. छात्रों को छोटे- छोटे रोजगारों हेतु कर्ज देना । 3. छात्रों हेतु शैक्षिक कार्यक्रमों का आयोजन करना आदि ।

सारिणी 1.7
केन्या में कार्यरत बाल मजदूरों हेतु संगठन

	कार्यक्रम	लक्ष्य समूह	उद्देश्य	क्रियाएं
1.	कम्युनिटी ड्रामा प्रोजेक्ट	नैरोबी में गृह कार्य करने वाले बाल मजदूर।	1 जन चेतना जागृत करना।	1. रोजगार देने वाले तथा पाने वाले बाल मजदूरों की अभिवृत्तियों का अध्ययन करना।
			2 बाल मजदूर संबधी दृष्टिकोण का उनके एम्पलोयर से पता लगाना।	2 प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों एवं बालकों को नाटक दिखाना।
				3. निर्णायक मंडल के समक्ष नाटकों की प्रस्तुति करना।
2	अनड्युग सोसायटी ऑफ केन्या	1 गलियों मे घूमने वाले आवारा बाल- मजदूर तथा 12-16 वर्ष की बाल- वेश्याएँ।	1 तिरस्कृत बालकों की मदद करना।	1. रिसेप्शन केन्द्रों का निर्माण।
		2. स्लम में रहने वाले बालक।	2 शैक्षिक कौशल प्रदान करना।	2 परिवार से पिछड़े बालकों हेतु कार्यक्रम
		3 स्त्रियाँ (जरूरतमंद)	3 स्वास्थ्य प्रशिक्षण प्रदान करना।	3 चार वर्ष तक बुनियादी शिक्षा का पाठ्यक्रम।
				4. उत्पादन इकाइयों की स्थापना।
				5. कृषि कार्यक्रम।

सारिणी 1.8
फिलीपीन्स में बाल मजदूरों हेतु कार्यरत संगठन

	कार्यक्रम	लक्ष्य समूह	उद्देश्य	क्रियाये
1.	इन्टर- एजेन्सी टास्कफोर्स ऑन चाइल्ड लेबर इन दी मुरो- आमी फिशिग आपरेशन।	बाल मजदूर जो इस फिशिंग सेटर पर कार्यरत है	1. दीर्घकालिक बाल मजदूरों को आपरेशन के दुष्परिणामों से बचाना। 2 अल्पकालिक काय परिस्थितियों मे सुधार करना।	1. सगठित कार्य। 2. क्षेत्र पर्यटन। 3 स्थानीय लोगों से सम्पर्क। 4 रोजगारपरक कार्यक्रम।
2.	ओलेंगेपो स्ट्रीट चिल्ड्रेन प्रोजेक्ट	7-15 वर्ष के बालक	1 छात्रों की शैक्षिक, आर्थिक स्वास्थ्य संबंधी सहायता करना।	1 बाल मजदूरों के लिए प्रदत्त आधार तैयार करना। 2 सामुदायिक स्वैच्छिक सगठनों को भर्ती करना। 3. शहरी कार्यकारिणी समितियॉ बनाना।
3.	स्ट्रीट स्कूल फॉर स्ट्रीट चिल्ड्रेन	7-15 वर्ष तक के बालक	1 बाल मजदूरों को सड़कों पर आने से रोकना। 2. उन्हें औपचारिकेतर एवं अन्य व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करना।	1 टेंट स्कूल लगाना। 2. सचल स्कूल चलाना। 3. बाल- केन्द्रित प्रशिक्षण। 4 औपचारिक अनौपचारिक शिक्षा।

अनुपात 21 प्रतिशत तक बढ़ा हुआ है। यूनेस्को के एक प्रतिवेदन में तो यहां तक कहा गया है कि जो बालक विद्यालय से बाहर हैं, वे सभी किसी न किसी प्रकार के मजदूरी के कार्यों में संलग्न रहते हैं।

यहां पर हम ब्राजील, मेक्सिको, केन्या, फिलीपीन्स में प्रचलित बाल मजदूरों हेतु शैक्षणिक संचालित क्रियाकलापों के बारे में संक्षिप्त प्रकाश डाल रहे हैं (सारिणी 1.5, 1.6, 1.7 व 1 8)।

उपर्युक्त अंतर्राष्ट्रीय आव्यूहों से यह निष्कर्ष निकलता है कि अब पुरातन कानूनों, नियमों से बाल मजदूरों की समस्या पर काबू पाना असंभव है। वर्तमान स्थिति से जूझने के लिये शिक्षा का व्यापक प्रचार- प्रसार तथा ऐसे कार्यक्रमों को प्राथमिकता प्रदान करना है जिनसे इस समस्या की जड़ों पर तीव्र प्रहार किया जा सके। इस दिशा मे मेक्सिको एवं ब्राजील ने कुछ अभिन्न कार्यक्रमों को अपनाया है तथा उसके सार्थक परिणाम भी सामने आये हैं। इसमें समुदाय की भूमिका सर्वाधिक प्रभावी रहती है, यह आवश्यकताओं के अनुकूल सामाजिक आर्थिक संसाधनों की पूर्ति स्वैच्छिक संगठनों के माध्यम से करके इस समस्या को चुनौती दे रहे हैं। वास्तव मे यह एक अनुकरणीय अनुभव है। इसी प्रकार फिलीपीन्स की स्मोकी माउन्टेन नामक स्वैच्छिक संस्था निपुण शिक्षकों, माता- पिता, चिकित्सकों के समूह बनाकर ऐसी समस्या का मौलिक समाधान प्रस्तुत कर रही है, यद्यपि इसने अपना कार्य 1986 के दशक में ही प्रारंभ किया है।

संक्षेप में कहा जा सकता है कि जब तक किसी राष्ट्र का सम्पूर्ण समुदाय समर्पित भावना से इस समस्या के निदान हेतु आवश्यक शक्ति ऊर्जा का व्यय नहीं करेगा, यह समस्या मूर्त रूप मे कभी भी समाप्त नहीं हो सकेगी। अतः जन चेतना, बाल मजदूरों की गंभीर समस्याओं से जूझने का अमोघ मूल- मंत्र है जिसे मानवीय मूल्यों से परिपूर्ण स्वैच्छिक एवं स्वयंसेवी संगठन ही फूंक सकते है।

संदर्भ

1. **एनुअल एस्टीमेशन ऑफ पोपूलेशन,** नीपा 1988
2. बेक्वेले, असीफा एवं बॉयडेन जो (एडिटर्स), **कॉम्बेटिंग चाइल्ड लेबर,** इन्टरनेशनल लेबर ऑफिस, जेनेवा।
3. **सेंसस ऑफ इंडिया 1981**
4. दिग्वाने, मंज्जरी, डोंगरा, सुनील, **चाइल्ड ऑफ डार्कनैस : ए मैनुएल ऑफ चाइल्ड लेबर इन इंडिया,** रूरल लेबर सेल, नई दिल्ली, 1988
5. आई० एल० ओ०, **चाइल्ड लेबर, ए ब्रीफिंग मैनुअल,** जेनेवा, 1986
6. आई० एल० ओ०, **कन्डीशंस ऑफ वर्क डाइजेस्ट, दी इमर्जिंग रेसपॉन्सेज टू चाइल्ड लेबर,** जेनेवा, 1988
7. मिनिस्ट्री ऑफ ह्यूमन रिसोर्स डेवलेपमेंट, डिपार्ट० ऑफ ऐजूकेशन, **सेलेक्टेड ऐजूकेशनल स्टेटिस्टिक्स,** गवर्नमेंट ऑफ इंडिया, नई दिल्ली, 1987
8. नंगिआ, परवीन, **इम्पैक्ट ऑफ अरबनाइजेशन ऑन स्ट्रीट अर्चिन्स : ए फोकस ऑन देलही,** नेशनल वर्कशाप ऑन स्ट्रीट चिल्ड्रन, न्यू देहली, यूनिसेफ, 1988

9 नायडू, उषा, एस. एवं कपाड़िया के., चाइल्ड लेबर एंड हैल्थ, टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल स्टडीज, 1985

10 सिंह, रोमिला, ए स्टडी ऑफ इन्टेलीजैंस एण्ड क्रिएटिविटी एमंग थ्री ग्रुप्स ऑफ स्ट्रीट चिल्ड्रेन एज ए फन्क्शन ऑफ ऐजूकेशन एंड एक्सपोजर टू स्ट्रीट लाईफ, अनपब्लिश्ड डिसर्टेशन, देहली यूनिवर्सिटी, देहली 1989

11. स्कॉट, ए० एम०, "चेंजेज इन दी स्ट्रक्चर ऑफ चाइल्ड लेबर अन्डर कन्डीशंस ऑफ ड्यूलेस्टिक इकोनोमिक ग्रोथ", डेवलेपमेंट एंड चेंज, वाल्यूम- 13, नं०-1, 1982

आधुनिक समाज के सन्दर्भ में स्कूली शिक्षा

एम० एन० सिंह

अध्यक्ष
समाजशास्त्र विभाग, म० मा० स्ना० महाविद्यालय
कालाकांकर, प्रतापगढ़ (उ० प्र०)

आजादी के बाद हमारे यहां शिक्षा कुछ परिवारों में सिमट कर रह गई, जो पूरी जनसंख्या का 3 प्रतिशत हैं। करीब 30 लाख से लेकर 40 लाख तक छोटे और पांच लाख बड़े परिवारों में ही शिक्षा सिमट गई है। इन परिवारों का हर बच्चा स्कूल, फिर कालेज और डिग्री पाकर नौकरी करता है। यही बात उनके बेटे- बेटियों और पोते- पोतियों पर भी लागू होती है। बाकी 97 प्रतिशत लोगों के बच्चे या तो स्कूल जाते ही नहीं और अगर जायेंगे तो पहली दूसरी और बहुत हुआ तो सातवीं तक जाकर स्कूल छोड़ देते है। अगर इन में से कुछ लोग बहुत प्रयास करके हाई स्कूल और कालेज तक पहुँचे भी तो वे इतने कमजोर हो जायेंगे कि किसी प्रतियोगिता में उन तीन प्रतिशत घरों के बच्चों का मुकाबला नहीं कर सकेंगे। यह कारण है कि आजादी के चार दशक बाद भी आरक्षण की जरूरत है और प्राथमिक स्कूलों से दस गुने कम हाई स्कूल हैं, जबकि दोनों की संख्या बराबर होनी चाहिए।

स्वतन्त्रता के बाद और उसके पहले भी कई शिक्षाविदों तथा समाजशास्त्रियों ने शिक्षा विषय पर प्रभावोत्पादक विचारों का संग्रह किया था लेकिन दुर्भाग्यवश उस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। कुछ परिवर्तन अवश्य हुए हैं, लेकिन अधिकांश परिवर्तन जिन्दगी के दबाव से हुए हैं, नीति निर्धारकों की सचेतन और सुविचारित इच्छा से नहीं। आज सबसे अधिक जरूरत इस बात की है कि सभी स्तरों पर शिक्षा में गुणात्मक सुधार करने पर जोर दिया जाये। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के स्पष्ट उद्देश्यों, आवश्यक प्राथमिकताओं और उपयुक्त रूपात्मकता को प्रकट करना चाहिये और एक दूसरे के साथ घनिष्ठ रूप से जोड़ना चाहिए। राष्ट्रीय शैक्षणिक कार्यक्रम तेजी से बदलने वाले भविष्य को ध्यान में रखकर समकालीन आवश्यकताओं से संबंधित होने चाहिएं। शिक्षा की उपेक्षा के लिये कुछ प्रमुख बाधाएं जिम्मेदार थीं जिससे समय- समय पर सामाजिक परिवर्तन न हो सके। आज समय की सबसे बड़ी मांग है कि सभी स्तरों पर शिक्षा में गुणात्मक सुधार पर उचित जोर दिया जाये तथा उसकी रूपात्मकता को बेहतर काम से सुधारा जाये। शिक्षा प्रणाली के विस्तार की रेखीय आवश्यकताओं के स्थान पर उसके ढांचे और विषयवस्तु दोनों में क्रान्तिकारी और गुणात्मक परिवर्तन करना शिक्षा की योजना बानाने वालों और प्रशासकों के लिए एक कठिन कार्य और जिम्मेदारी है। उनका कार्य स्पष्ट, ठोस और एकीकृत राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अभाव में और कठिन हो जाता है। यह सत्य है कि भारतीय शिक्षा आयोग (1964-66) की रिपार्ट (कोठारी रिपोर्ट) में विस्तृत सर्वेक्षण किया गया और स्पष्ट सिफारिशे प्रस्तुत की गयीं। लेकिन रिपोर्ट को राष्ट्रीय नीति के रूप में लागू नहीं किया गया, केवल कुछ दिशा निर्देशों को राष्ट्रीय नीति के दस्तावेजों में शामिल किया गया, उसे लागू करने के लिए कोई तरीका नहीं अपनाया गया। ये दिशा- निर्देश, सामान्य उद्देश्यों के वक्तव्य मात्र रहे, जिन्हें शिक्षा के व्यापक ढांचे में समन्वित

भी नहीं किया गया।

आजादी के बाद हमारे यहां शिक्षा कुछ परिवारों में सिमट कर रह गई, जो पूरी जनसंख्या का 3 प्रतिशत हैं। करीब 30 लाख से लेकर 40 लाख तक छोटे और पांच लाख बड़े परिवारों में ही शिक्षा सिमट गई है। इन परिवारों का हर बच्चा स्कूल, फिर कालेज और डिग्री पाकर नौकरी करता है। यही बात उनके बेटे- बेटियों और पोते- पोतियों पर भी लागू होती है। बाकी 97 प्रतिशत लोगों के बच्चे या तो स्कूल जाते ही नहीं और अगर जायेंगे तो पहली दूसरी और बहुत हुआ तो सातवीं तक जाकर स्कूल छोड़ देते हैं। अगर इन मे से कुछ लोग बहुत प्रयास करके हाईस्कूल और कालेज तक पहुँचे भी तो वे इतने कमजोर हो जायेंगे कि किसी प्रतियोगिता में उन तीन प्रतिशत घरों के बच्चों का मुकाबला नहीं कर सकेगे। यह कारण है कि आजादी के चार दशक बाद भी आरक्षण की जरूरत है और प्राथमिक स्कूलों से दस गुने कम हाई स्कूल हैं, जबकि दोनों की संख्या बराबर होनी चाहिए।

हमारा अनुमान है कि शिक्षा की दृष्टि से पिछड़े वर्ग के लिए 10-20 हजार लोग ही पढ़े- लिखे समूह में दाखिल हो पाते हैं। इससे उसका न तो चरित्र बदलता है और न उसके मूल्य। इस प्रकार शिक्षा का होना और न होना देश को बांटने वाला सबसे बड़ा कारण हो जाता है। जाति, धर्म और दूसरे कारणों का बटवारा इससे कमजोर और कम प्रभावी है। आज किसी व्यक्ति समूह या समाज की सबसे बड़ी सम्पत्ति ज्ञान और जानकारियां ही हैं। इसमें भेदभाव होना, शोषण का पहला कारण बनता है। आज का भारत इस भेदभाव से ग्रस्त है। इस कारण ज्ञान और नई जानकारियां देने वाली शिक्षा आज 97 प्रतिशत लोगों का शोषण तीन प्रतिशत लोगों से करवा रही है। अतः जब तक स्कूल की शिक्षा व्यवस्था सबके लिए न की जाए और उसे लोकतांत्रिक न बनाया जाए, हम अपने समाज को सच्चा लोकतंत्र नहीं कह सकते। यह दस्तावेज सही हालत नही बताता। संविधान के लक्ष्यों को पाने में शिक्षा की भूमिका को भी यह नही पहचानता।

जैसा पहले कहा गया है, सबसे पहले सबको शिक्षा देने और शिक्षा व्यवस्था को लोकतांत्रिक बनाने की जरूरत है। अतः हमारे यहां एक ही तरह के सरकारी स्कूल होने चाहिएं। इसके लिए प्राइवेट और पब्लिक स्कूल बंद करने होंगे। कुछ स्थानीय माहौल के कारण थोड़े बहुत फर्क के अलावा हमे पूरे देश में शिक्षा का एक ही पाठ्यक्रम रखना होगा। अगर हम स्कूली शिक्षा पर पूरा ध्यान देते हैं तो कालेज और विश्वविद्यालय शिक्षा खुद-ब-खुद सुधर जायेगी। अन्य कई देशों में ऐसा ही हुआ है।

स्कूल शिक्षा को राष्ट्र की सबसे बड़ी सम्पत्ति मानना होगा। अध्यापकों को अपने काम के हिसाब से ही सुविधाएं मिलनी चाहिएं। राष्ट्रीय विकास में वे जो भूमिका निभा रहे हैं उसके लिए उन्हें सामाजिक सम्मान दिया जाना चाहिए। अभी तो अपने यहां नौकरी पेशा लोगों मे स्कूल शिक्षकों की हालत सबसे खराब है। क्या हमने 1968 की शिक्षा नीति अपनाई है ? दरअसल कोई नीति ही नहीं है। हम सिर्फ यही कह सकते हैं कि एक नीति होनी चाहिए जिसे क्रियान्वित किया जाये। यह बात 1968 की तथाकथित नीति में निश्चित रूप से नही है। दर असल यह यथास्थिति बनाए रखने का उपकरण ही है। इससे शिक्षा का उपयोग शोषण करने के लिए ही होगा न कि विकास के लिए। आजादी के बाद सबसे अधिक असमानता शिक्षा के कारण ही आई है। जहाँ शिक्षा के असली उद्देश्य पूरे होंगे तभी समाज में भेदभाव समाप्त होंगे।

हम खाली शब्दों से विनाशकारी और भेदभाव वाली मनोवृत्तियों से नहीं उबर सकते। क्या किसी ने स्पष्ट शब्दों में कहीं कुछ कहा है कि हम शिक्षा से क्या पाना चाहते हैं और इस देश में शिक्षा का उद्देश्य क्या है ? जिन संदर्भों मे आपने "आपसी एकता, मन मिलने और सामाजिक सद्भाव" शब्दों का प्रयोग किया उनका मेरे लिए कोई खास

अर्थ नहीं है। मेरे हिसाब से वे प्राथमिक मूल्य नहीं हैं। शिक्षा का उद्देश्य कुछ प्राथमिक मूल्यों को बढ़ाना है जिनकी चर्चा मैं पहले कर चुका हूँ। इस समस्या के सुलझते ही हमारी काफी मुश्किलें समाप्त हो जायेगी। हम चाहेंगे कि एक शिक्षित आदमी कुछ प्राथमिक मूल्यों से प्रतिबद्ध हो। कोई क्या खाता है, कैसे खाता है, कैसे उठता- बैठता है, वगैरह जैसी भिन्नताएं रहेंगी लेकिन उन पर बहुत ध्यान देने की जरूरत नहीं है भिन्न- भिन्न बातों के टकराव से ही विकास होता है, लेकिन यह टकराव स्वस्थ होना चाहिए।

"न्यू क्वेस्ट" मे अपने लेख में डा० भार्गव ने लिखा है कि राजनैतिक- सामाजिक- आर्थिक इच्छाशक्ति का अभाव सबसे बड़ा रोड़ा है। शिक्षा के लोकतांत्रिकरण और सबको शिक्षा देने की बात वही लोग सोचते है जिनके हाथ में फैसला करने की शक्ति नही है। जब अधिकांश विश्वविद्यालयों के अधिकांश छात्रों की पढ़ाई मे कोई दिलचस्पी ही नहीं रह गई, तो आप और क्या उम्मीद करते हैं ? शिक्षक पढ़ाते ही नहीं और वे इसके लिए सक्षम भी नहीं और प्रशासन शिक्षा की जरूरते जानते तक नहीं हैं। जिस देश में राजनैतिक व्यवस्था ही अपने स्वार्थों के लिए शिक्षा को भ्रष्ट कर रही हो, वहां और क्या होगा ? इसका इलाज सबको प्राथमिक शिक्षा देना और शिक्षण संस्थाओं का लोकतांत्रिकरण ही है। जैसा कि मैंने पहले ही कहा है प्राथमिक शिक्षा पर ध्यान देने पर उच्च शिक्षा खुद- ब- खुद सुधर जायेगी, जैसा कि अन्य देशों में भी हुआ है।

मैं इस बात से दुखी हूं कि नये दस्तावेज के लेखकों ने इन दिशा- निर्देश का जिक्र नही किया है। या फिर वे यह चाहते हैं कि चूँकि इनमें से किसी को भी पूरी तरह लागू नहीं किया जा सकता इसलिये हम इन्हें भूल जाएं। अगर कुछ नये सुझावों को मान लिया जाये तो उनके परिणाम कोठारी आयोग की सिफारिशों के ठीक उल्टा होंगे। सबसे पहले आप शिक्षा की बात लें। सन् 1981 की जनगणना रिपोर्ट और एन० सी० ई० आर० टी० द्वारा कराये गये चौथे राष्ट्रीय शिक्षा सर्वेक्षण से यह बात सामने आई है कि हमारे 40 प्रतिशत प्राथमिक स्कूलों पर छप्पर भी नही है। करीब दो लाख स्कूलों के पास ब्लैकबोर्ड भी नही है। 1.65 लाख स्कूलों में सिर्फ एक ही शिक्षक है जब कि 70 प्रतिशत विद्यार्थी प्राथमिक शिक्षा पूरी करने से पहले ही स्कूल छोड़ जाते है।

वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए ईमानदार और साहसिक प्रयासों की जरूरत है। नया दस्तावेज यह वादा भी नहीं करता कि 21 वीं सदी मे हमारे सभी स्कूलों के पास ब्लैकबोर्ड और सही सलामत छत होगी। तब हर प्राथमिक स्कूल में दो शिक्षक होंगे। हर छात्र को मुफ्त में पाठ्यपुस्तके दी जायेगी और बच्चे स्कूल छोड़कर नहीं भागेंगे। इसके विपरीत यह प्राथमिक शिक्षा की वर्तमान व्यवस्था में सुधार की कोई योजना बनाए बगैर गैर- परम्परागत शिक्षा पर दिखावे के लिए कुछ खर्च करने की बात करता है। हम केन्द्र सरकार से कहना चाहेंगे कि वह अपने तीन- चार करोड़ टन के अतिरिक्त अन्न भंडार का उपयोग पढ़ाई के बदले अनाज कार्यक्रम शुरू करने में करे। गरीब परिवार का बच्चा स्कूल छोड़कर न जाये इसके लिए उसे एक किलो चावल या गेहूँ दिया जा सकता है। सभी स्कूलों की इमारत स्थानीय संसाधनों से बनाने में भी इस अनाज का उपयोग किया जा सकता है। इसके अलावा शिक्षा के लिए बजट में कम से कम 10 प्रतिशत पैसा रखा जाना चाहिए। हम अपने बजट का 15 प्रतिशत राष्ट्रीय सुरक्षा पर खर्च करते हैं। सीमा की सुरक्षा निश्चित रूप से बहुत जरूरी है लेकिन हमें अपने मानव संसाधनों का विकास भी पूर्ण रूप से करना चाहिए।

शिक्षा की स्थिति

स्वतंत्रता के बाद से शिक्षा के क्षेत्र में हुई प्रगति के बावजूद शिक्षा का लाभ सभी लोगों तक न्यायसंगत और समान रूप से पहुँचाने का और अच्छी शिक्षा देने की आकांक्षा अभी पूरी नहीं हो सकी है। साक्षरता की दृष्टि से

भारत अभी भी सबसे पिछड़े हुए देशों में से है, जहां 1981 मे कुल जनसंख्या का केवल 36.2 प्रतिशत ही साक्षर है। इसमें स्त्रियां, अनुसूचित जातियां और अनुसूचित जनजातियां अभी भी क्रमशः 24 9 प्रतिशत, 21.4 प्रतिशत और 16.4 प्रतिशत के स्तर पर ही हैं। कक्षा एक से आठ के बीच पढ़ाई छोड़ देने वाले बच्चों की संख्या 75 प्रतिशत से भी अधिक होने के कारण देश में प्रारम्भिक शिक्षा को आम बनाने के अपने निर्धारित लक्ष्य से हम अभी भी कोसों दूर हैं। अनुसूचित जातियों व अनुसूचित जनजातियों और लड़कियों में यह प्रतिशत इससे भी कहीं अधिक है।

माध्यमिक, उच्चतर कक्षाओं में जाने वाले बच्चों की संख्या 1947 में 22 लाख थी जो 1983 मे बढ़कर 340 लाख थी और इस समय 1991 में लगभग 450 लाख के आस- पास पहुँच गई है। इस प्रकार स्कूलों की संख्या 1947 में 13,000 थी जो बढ़कर 1,75,000 हो गई है।

1960-61 मे उच्चतर शिक्षा पूरी करने वाले लड़के- लड़कियों की संख्या 2.37 लाख थी। सन 1981-82 मे बढ़कर 8.40 लाख हो गयी है। इनमे से करीब 83 प्रतिशत कालेजों और विश्वविद्यालयों में प्रवेश करना चाहते हैं। इनमें से केवल 20 प्रतिशत लड़के- लड़कियां ही व्यावसायिक या तकनीकी शिक्षा देने वाली संस्थाओं मे प्रवेश कर पाते हैं।

1968 की शिक्षा नीति के अन्तर्गत 10+स्तर पर 50 प्रतिशत रोजगारोन्मुखी कौशल का विकास करने का लक्ष्य रखा गया था। किन्तु 1982- 83 में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में 10 + स्तर पर प्रवेश पाने वाले छात्रों की सख्या केवल 60, 000 ही थी। इस समय देश मे 5,246 कालेज और 140 विश्वविद्यालय हैं। 33.60 लाख से लेकर 50 लाख छात्र पढ़ते हैं। इनमें 10. 76 लाख लड़कियां हैं। 1981 में भारत में 700 कालेज और 120 विश्वविद्यालय थे जिनमें पढ़ने वाली कुल संख्या 4 से 6 लाख थी। हालांकि कुछ महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त की गयी है लेकिन सब मिलाकर देखें तो 1968 की शिक्षानीति के अन्तर्गत निर्धारित बुनियादी लक्ष्य अभी भी प्राप्त नहीं हो सके हैं। इस नीति का लक्ष्य था शिक्षा को जीवन के साथ- साथ घनिष्ठ रूप से जोड़ना जिससे विज्ञान और टैक्नालाजी का विकास हो और नैतिक तथा सामाजिक मूल्यों का परिष्कार हो। इस बीच निरन्तर बढ़ रहे सामाजिक- आर्थिक विकास और विज्ञान तथा टेक्नालोजी के क्षेत्र में हुई प्रगति के फलस्वरूप नई शिक्षा की आवश्यकताएं उत्पन्न हो गई हैं।

विफलताएं

लोग एक ऐसी शिक्षा प्रणाली के प्रति लगभग उदासीन से हैं जो उन्हें अपने संदर्भ में अप्रासगिक लगती है। समूची स्कूल प्रणाली एक विराट नौकरशाही व्यवस्थातंत्र का अंग बन गयी सी दिखती है जिसमें स्थानीय स्तर पर दखल देने की पर्याप्त गुंजाइश नहीं रह गई है। परिणामतः शिक्षा प्रणाली मुख्यतः सरकार की जिम्मेदारी बन कर रह गई है।

1947 में देश में निरक्षर लोगों की कुल संख्या 30 करोड़ थी जो 1981 मे बढ़कर 43 करोड़ 70 लाख हो गई है। आबादी के प्रतिशत के हिसाब से देखें तो साक्षरता में लगातार वृद्धि हुई है। सन् 1951 में साक्षरता 16 67 प्रतिशत थी जो 1985 में बढ़कर 36 23 प्रतिशत हो गई है। किन्तु प्रगति के दृष्टि से विभिन्न क्षेत्रों के बीच बहुत असमानता है। यह स्थिति इस तथ्य की परिचायक है कि प्रारंभिक और प्रौढ़ शिक्षा के सकारात्मक परिणाम बढ़ती हुई जनसंख्या की ऊँची दर के कारण व्यर्थ हो जाते हैं जो वैसी ही बनी रही तो वर्ष 2000 में भारत में 50 करोड़ लोग निरक्षर होंगे।

"यूनेस्को" के अध्ययनों से पता चलता है कि 70 प्रतिशत का साक्षरता स्तर प्रौढ़ शिक्षा के व्यापक प्रसार के लिए अत्यावश्यक है।

1978 में अखिल भारतीय सर्वेक्षण से पता चला

था कि अनेक प्रारंभिक और माध्यमिक स्कूलों मे बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पायी हैं। कुल मिलाकर देखें तो कालेजों और विश्वविद्यालयों की सामान्य दशा चिन्तन का विषय है। क्योंकि इनमें से अनेक संस्थाएं घोर जातिवादी और क्षेत्रवादी बन गई है जहां राजनीतिक और अन्य प्रकार के गुट शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों की सहायता से सत्ता और प्रभुत्व के लिए जम कर लड़ते हैं। यह धारणा बहुत आम है कि उच्चतर शिक्षा की वर्तमान दशा की यह स्थिति बाहरी एजेन्सियों के प्रकट और परोक्ष हस्तक्षेप के कारण है।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की भूमिका यह है कि वह शैक्षिक नियमादि के पालन पर निगाह रखे और नये- नये कार्यक्रमों को बढ़ावा दे। किन्तु जिस हद तक वह शिक्षा के मानदण्डों को कायम रखने अथवा कालेजों- विश्वविद्यालयों में कार्य निष्पादन के निम्नतम स्तर को लागू कराने में सफल रही है, उसके लिये उसकी आलोचना की गई है। कला और मानव- विज्ञान को एक पक्षीय अध्ययन कार्यक्रमों के रूप मे प्रस्तुत किया जाता है, जिनका वास्तविक जीवन की आवश्यकताओं से कोई नाता ही नहीं होता है। इसलिए स्नातक स्तर की परीक्षा पास करने वाले छात्रों की गुणवत्ता और रोजगार की दृष्टि से उनकी उपयोगिता पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। विज्ञान के मामले में स्थिति यह है कि पाठ्यक्रमों का संजोयन अभिकल्पनाओं को समझने के लिए किया जाता है लेकिन प्रयोगशाला के उपकरणों, आवश्यक "किट" आदि की सहायता से उनको सिद्ध करने या स्पष्ट करने की व्यवस्था नहीं है।

तकनीकी शिक्षा प्रणाली के सामने अब एक गंभीर समस्या यह है कि वहां मशीनें, उपकरण आदि सब पुराने पड़ गये हैं और नई प्रकार की टेक्नालाजाई मे शोध करने या प्रशिक्षण प्रदान करने की सुविधाओं का अभाव है।

औपचारिक शिक्षा की सभी प्रक्रियाओं में शिक्षक की भूमिका सबसे मुख्य है, किन्तु इनमे अनेक कमियां हैं। इसका सबसे प्रधान कारण यह है कि शिक्षा के व्यवसाय मे राजनीति का बोलबाला हो गया है और नौकरियों में शिक्षक की नौकरी को सबसे कम पसंद किया जाता है। शिक्षकों मे योग्यता को बढ़ावा देने की योजना को जिस प्रकार लागू किया जाता रहा है उससे शिक्षकों मे चिन्ता उत्पन्न हो गई है।

शिक्षा सुविधा की सुलभता, समानता और प्रभाव की दृष्टि से शिक्षा प्रणाली में व्यापक असमानताएं हैं। देश की आबादी का तीन चौथाई भाग ग्रामीण क्षेत्रों में रहता है, लेकिन इसके बावजूद उन्हे शिक्षा के संसाधन बहुत कम प्राप्त होते है। परिणामतः लड़कियों, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन जातियों तथा समाज के अन्य कमजोर वर्गों के बच्चे सामान्य स्तर से काफी पीछे रह जाते हैं।

शिक्षा तथा रोजगार के बीच तालमेल का अभाव उनके बीच अन्तर की प्रमुख विशेषता है। कृषि या उससे सबंधित ग्रामीण व्यवसायों और उद्योगधंधों के असंगठित क्षेत्र के लिये छात्रों की योग्यता और कुशलता बढ़ाये, ऐसी कोई व्यवस्था स्कूल की शिक्षा प्रणाली में नहीं है।

प्रथम योजना अवधि में शिक्षा के लिए जो राशि रखी गई थी उसमें बुनियादी शिक्षा का हिस्सा 56 प्रतिशत था। यह हिस्सा द्वितीय पंचवर्षीय योजना में घटकर 35 प्रतिशत, तृतीय पंच वर्षीय योजना में 34 प्रतिशत और चौथी पंचवर्षीय योजना में 30 प्रतिशत रह गया है। छठी पंचवर्षीय योजना में उसका हिस्सा 36 प्रतिशत था। इसके विपरीत कालेजों और विश्वविद्यालयों का हिस्सा जहां प्रथम पंचवर्षीय योजना में केवल 9 प्रतिशत था, वहीं वह छठी पंचवर्षीय योजना में बढ़कर 16 प्रतिशत हो गया।

शिक्षा पर खर्च होने वाली योजना राशि का 70 प्रतिशत भाग राज्य सरकार देती है। शिक्षा की धीमी प्रगति के लिए सबसे अधिक जो चीज जिम्मेदार है, वह है संसाधनों

की कमी। शिक्षा के लिए आवंटित राशि का लगभग 90 प्रतिशत भाग वेलनादि और प्रशासन व्यय के ऊपर खर्च हो जाता है।

तकनीकी शिक्षा में सुधार लाने के लिए यह जरूरी है कि अच्छे शिक्षकों को आकर्षित करने, उद्योगों के साथ ताल- मेल बैठाने, ग्रामीण क्षेत्रों के गरीबों को लाभ पहुँचाने के लिए आधुनिक टेक्नालाजी को लागू करने में फैक्टरियों का सहयोग प्राप्त करने, राज्य स्तरीय कालेजों, क्षेत्रीय कालेजों और भारतीय टेक्नालाजी संस्थाओं (आई० आई० टी०) के मध्य असमानताओं को घटाने और विभिन्न प्रकार की संस्थाओं के बीच नेटवर्क व्यवस्था स्थापित करने जैसी कुछ बातों पर विचार किया जाये। यह भी एक तर्क दिया जा सकता है कि निजी संगठित क्षेत्र को भी कुछ हद तक तकनीकी शिक्षा में अपना समर्थन- सहायता प्रदान करना चाहिए क्योंकि उक्त संस्थाओं से शिक्षा- प्रशिक्षण प्राप्त करके निकलने वाले छात्रों में से अधिकांश को इन्हीं निजी औद्योगिक व्यावसायिक संगठनों में खपा लिया जाता है।

पांच प्रमुख प्रतिबंध

शैक्षिक परिवर्तन जीवन के वैज्ञानिक, तकनीकी और आर्थिक पहलुओं में परिवर्तन से पीछे क्यों रह गया है ? स्वयं को भारतीय स्थिति तक सीमित रखते हुए पांच प्रमुख प्रतिबंधों और कठिनाइयों का उल्लेख किया जा रहा है, जिन्हें दृढ़ता और सूझ- बूझ से दूर किया जाना चाहिए। तभी हम आगे बढ़ सकते हैं, या पिछली उपेक्षा के कारण जहां पिछड़ गये थे वहां बराबरी पर आ सकते हैं।

1. कोई भी शिक्षा प्रणाली केवल बृहद सामाजिक- आर्थिक वातावरण की सच्चाई को प्रकट करती है। जहां शिक्षा सामाजिक परिवर्तन में मदद करती है, वहां स्वयं सामाजिक यथार्थ से निर्धारित होती है। अगर सामाजिक- आर्थिक व्यवस्था के संचालन और मान्यताओं में असमानताएं तथा विशेषाधिकार होते हैं, तो शिक्षा में समानता एक भ्रान्ति रह जायेगी। अगर शिक्षा के क्षेत्र में समता की इच्छा सच्ची और गतिशील है, तो वह सामाजिक- आर्थिक परिवर्तन में योगदान करने के साथ- साथ कायापलट कर सकती है। लेकिन अगर सामाजिक- आर्थिक स्थिति अनुकूल नहीं है, और परिवर्तन के विरुद्ध है, तो शिक्षा में परिवर्तन के अवसर सीमित हो जायेंगे।

2. विभिन्न स्तरों पर शिक्षा सुविधाओं के विस्तार से संबंधित समस्याएं और शिक्षा की विषयवस्तु का गुणात्मक सुधार समाज के उद्देश्यों और उनकी प्राप्ति के लिए निर्धारित प्राथमिकताओं पर निर्भर करता है। शिक्षा का विषय सम्पूर्ण समाज से संबंधित है लेकिन राज्य और केन्द्र इसमें परिवर्तन लाने के महत्वपूर्ण माध्यम हैं। साधनों का बटवारा राज्य सरकारों द्वारा निर्धारित सामाजिक प्राथमिकताओं पर निर्भर करता है और भारत में अब तक साधनों के बंटवारे के मामले में शिक्षा को इसके महत्व के बारे में समय- समय पर चर्चा करने के बावजूद उच्च्य प्राथमिकता नहीं दी गयी। बढ़- बढ़ कर बातें ही की गई हैं लेकिन उन बातों को लागू करने के लिये कुछ नहीं किया गया। इससे विचारों और कार्यों के बीच खाई बढ़ी है जिससे इसमें लगे व्यक्तियों का उत्साह और लगन के स्थान पर अकर्मण्यता और पाखण्ड बढ़ा है। शिक्षा सुधार के लिए राजनैतिक इच्छाशक्ति की कमी सबसे बड़ा बंधन रहा है।

3. एक अन्य बंधन शिक्षा प्रणाली में रूढ़ संकीर्णवादिता है जो संस्थाओं और उनके प्रबन्धकों के रूप में निहित स्वार्थ और कट्टर मान्यताओं को जन्म देती है। ये परवर्तन और सुधार के स्थान पर आदत और परम्परा को अधिक महत्व देते हैं। हमारे विश्वविद्यालय ऐसी ही संस्थाएं है और प्रायः उनकी स्वायत्तता का इस्तेमाल पुरानी संस्थाओं को सुरक्षित रखने और परिवर्तन को रोकने के लिये किया जाता है। परम्पराओं और निहित स्वार्थों का बोझ परिवर्तन के मार्ग में आड़े आता है, जिससे उत्पन्न स्थिति वास्तविकता से दूर और अप्रासंगिक होती है। हमें शिक्षा संस्थाओं के इस

परम्परागत रूढ़िवादिता को अधिक लचीला और सृजनात्मक दृष्टिकोण अपनाकर तोड़ना है जो शिक्षा में परिवर्तन को प्रोत्साहन और बढ़ावा दे। अब समय आ गया है कि आयोजन की बेहतर व्यवस्था की जाये। प्रशिक्षण सुविधाओं का विस्तार किया जाये और उनमें सुधार किया जाये। इन सबसे बढ़कर सभी संबंधित पक्षों को शामिल करके कार्यक्रमों को ठीक से और तेजी से लागू करने और विकेन्द्रीकरण और स्थानीय पहल के जरिये सामाजिक संसाधनों का गतिशील इस्तेमाल करने की व्यवस्था की जाये।

4 शिक्षा की प्रक्रिया में अध्यापकों की प्रमुख भूमिका को स्वीकार करना सबसे पहला और महत्वपूर्ण कदम है और शिक्षा में परिवर्तन के लिये उसे सबसे महत्वपूर्ण भूमिका देना है। तब तक कोई सार्थक परिवर्तन नहीं हो सकता, जब तक अध्यापक उसके लिए तैयार न हो। माता- पिता उसे स्वीकृति न दे दें, छात्र उसे समझ- बूझ कर स्वीकार न कर ले। यह तभी संभव है जब अध्यापकों को सभी स्तरों पर योजना तैयार करने और निर्णय करने में शामिल किया जाये और छात्रों व माता- पिता से नियमित सलाह- मशविरा किया जाये। भारत में शिक्षा पर लगातार राजनीतिज्ञ और उच्च अधिकारी हावी रहे हैं। इससे अध्यापकों मे निराशा व निष्क्रियता फैली है। अभिभावकों व छात्रों की उपेक्षा हुई है। स्वतंत्रता के फौरन बाद अध्यापकों व माता- पिता की यह उपेक्षा शुरू हो गयी और शिक्षा के क्षेत्र में राजनीतिज्ञों की शक्ति और अधिकारियों का दमघोटू प्रभाव बढ़ने लगा। शिक्षा में प्रभावी और सार्थक सुधार लाने के लिए हमें इस प्रवृत्ति को बदलना होगा और अध्यापकों को सम्मानजनक स्थान देना होगा।

5. कोठारी आयोग की रिपोर्ट के प्रकाशन के बाद के दशक में बड़े पैमाने पर परिवर्तन हुए हैं। इतनी तेजी और विस्तार से पहले कभी भी परिवर्तन नहीं हुए। समाज तेजी से बढ़ता गया और इसी तरह शिक्षा के विचार और कार्यक्रम प्रणाली मे भी परिवर्तन हुए। लोकतंत्र के बढ़ते हुए प्रभाव, आजीवन शिक्षा की उभरती हुई धारणा और संचार की आमूल परिवर्तन करने वाली तकनीकों से प्राप्त नये अवसरों ने शिक्षा व संस्कृति को एक साथ जोड़ कर मनुष्य की आत्मा को स्वतंत्र बना देने, उनके मस्तष्कि को समृद्ध करने और मानव मूल्यों को मानवता की सेवा में प्रक्षेपित और कार्यान्वित करने का वचन दिया है। वास्तव में आज हम ज्ञान प्राप्त करने वाले समाज की दहलीज पर खड़े हैं।

निष्कर्ष

इन प्राथमिकताओं और शिक्षा पद्धति में परिवर्तनों से मानव संसाधनों में बढ़ोत्तरी होगी, उत्पादकता में वृद्धि होगी। सामाजिक न्याय, राष्ट्रीय एकता और जनसंख्या शिक्षा पर आधारित परिवार नियोजन के लक्ष्यों को अधिक अच्छी तरह से प्राप्त किया जा सकेगा। मानव संसाधनों के उत्पादन और इस्तेमाल के एक अधिक समन्वित दृष्टिकोण के लिए शिक्षा के क्षेत्र में नीति निर्धारण की, शिक्षा में नये दृष्टिकोण की जरूरत है। शिक्षा के क्षेत्र में अब कार्य और संस्कृति की विशाल दुनियां और जीवनपर्यन्त अध्ययन का क्षेत्र शामिल है। नीति आयोजन, वित्त प्रशासन और प्रबन्ध के बीच आपसी संबंधों को मजबूत बनाने की जरूरत है। अगर नीति कमजोर व अस्पष्ट है तो समूची कार्यवाही की कड़ी बेकार हो जाती है।

राष्ट्रव्यापी बहस शुरू हो गई है। इससे महत्वपूर्ण व्यक्तियों द्वारा विचार गोष्ठियों के उद्घाटन और भाषण के साथ एकत्र होने की हमारी राष्ट्रीय आदत और परम्परा बढ़ेगी। क्या इससे एक ऐसी बुद्धिमत्तापूर्ण और संचालन योग्य शिक्षा नीति के विकास में सहायता मिलेगी जिससे योजना के साथ उसे निश्चित अवधि में पूरा करने का कार्यक्रम होगा और यह सुनिश्चित किया जायेगा कि नीतियां शब्दों और इरादों से उद्देश्यपूर्ण कार्यों का रूप लें?

संदर्भ

1. **भारतीय शिक्षा आयोग की रिपोर्ट 1964-66,** कोठारी रिपोर्ट
2. **न्यू क्वेस्ट** 1979 द्वारा डा० पी० एम० भार्गव, खण्ड 15, मई- जून 147-158.
3 **योजना** - 26 जनवरी, 1986, पृ० 78
4. **योजना,** 15 जुलाई, 1991, पृ० 13
5 **यूनेस्को रिपोर्ट** 1985, पृ०- 103-104.
6 **योजना**, 26 जनवरी, 1986, पृ० 79.

छात्रों के संज्ञानात्मक विकास के परिप्रेक्ष्य में विद्यालयी पाठ्यक्रम के कुछ वैज्ञानिक सम्प्रत्ययों का पदानुक्रमीय अध्ययन

सत्यनारायण त्रिपाठी

वरिष्ठ प्राध्यापक
शिक्षा विभाग, गोरखपुर विश्वविद्यालय
गोरखपुर (उ० प्र०)

प्रस्तुत अध्ययन का मुख्य उद्देश्य पाठ्यक्रम निर्माताओं का ध्यान इस तथ्य की ओर आकर्षित करना है कि जूनियर हाई स्कूल स्तर पर मूर्त प्रक्रीय संज्ञानात्मक अवस्था वाले ही छात्र होते हैं। इन छात्रों की सम्प्रत्ययों को समझने की एक सीमा होती है। अतएव पाठ्यक्रम निर्माण के समय विषयवस्तु का चयन छात्रों की संज्ञानात्मक अवस्था के अनुरूप रखे जाने की आवश्यकता है। साथ ही विषयवस्तु का क्रम तार्किक न रखकर मनोवैज्ञानिक रखना चाहिए, जिससे विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को क्रमशः पढ़ने एवं पढ़ाने में मदद मिले।

प्रस्तावना

बालक प्रौढ़ का लघु रूप नहीं है। बालकों का चिंतनजगत प्रौढ़ों के चिंतन जगत से बिल्कुल भिन्न होता है। परन्तु विडम्बना यह है कि वर्तमान शिक्षातंत्र जो प्रौढ़ों के तार्किक चितनों का प्रतिफल है बालकों के चितन विकास की प्रक्रिया को स्वतंत्र एवं स्वाभाविक रूप से चलने नहीं देता। फलस्वरूप उनके विकास में अनेक प्रकार की जटिलताएं उत्पन्न हो जाती हैं। वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकी के द्रुतगामी विकास के कारण प्रत्येक शिक्षातंत्र में उसके अधिकाधिक समावेश की होड़ सी लग गयी है। यद्यपि विज्ञान की प्रकृति एवं बालकों के स्वाभाविक चिंतन अथवा संज्ञानात्मक विकास की प्रक्रिया में काफी सीमा तक समान्तरता पाई जाती है। परन्तु क्या वर्तमान विज्ञान का पाठ्यक्रम बालकों के संज्ञानात्मक विकास को दृष्टिगत रखते हुए संगठित किया गया है? प्रस्तुत अध्ययन इसी रहस्य के उद्घाटन का एक प्रयास है।

रेनर इत्यादि (1978, पृ० 215) ने प्रारंभिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के विज्ञान- पाठ्यक्रम निर्माण के पूर्ण मुख्य रूप से निम्नलिखित तीन प्रश्नों पर निर्णय लेने हेतु सुझाव दिया है :

1. पाठ्यक्रम का मूल उद्देश्य क्या है ?
2. विज्ञान संकाय के संगठन का उपयोग इन उद्देश्यों की प्राप्ति में किस प्रकार सहायक है ?
3 बच्चे किस विषयवस्तु को पढ़ सकते हैं ?

प्रथम एवं द्वितीय प्रश्नों पर शिक्षाविद निरन्तर विचार करते रहे हैं। यहां पर तृतीय प्रश्न पर विचार करना समीचीन है। यह पाठ्यक्रम में किसी विषयवस्तु के चयन किये जाने के मानदण्ड से संबंधित है। छात्र किस विषयवस्तु को पढ़ सकते हैं यह जानने के लिए उनके संज्ञानात्मक विकास की प्रक्रिया को समझना होगा। पियाजे (1966, पृ० 123) ने संज्ञानात्मक विकास की निम्नलिखित चार व्यापक अवस्थाएं बताई हैं-

1. संवेदी गामक अवस्था - जन्म से अढ़ाई वर्ष तक
2. पूर्व प्रकाय चिंतन अवस्था- अढ़ाई वर्ष से सात वर्ष तक।
3. मूर्त प्रक्रीय अवस्था- सात वर्ष से ग्यारह वर्ष
4. औपचारिक प्रक्रीय चिंतन अवस्था- ग्यारह वर्ष से पन्द्रह वर्ष तक।

ये संज्ञानात्मक अवस्थाएं निश्चित पदानुक्रमीय होती हैं परन्तु इन अवस्थाओं को व्यक्ति द्वारा प्राप्त किये जाने में वैयत्तिक्र भिन्नता पाई जाती है। पियाजे के संज्ञानात्मक विकास तंत्र की अंतिम अवस्था औपचारिक प्रक्रीय है जिसे प्राप्त करने के लिए व्यक्ति को क्रमशः पूर्ववर्ती सभी अवस्थाओं से गुजरना पड़ेगा। मूर्त प्रक्रीय व्यक्ति अमूर्त प्रत्यय को समझने का विकास करने में असमर्थ होता है क्योंकि अमूर्त प्रत्यय को समझने के लिए सिद्धान्तों को निर्मित करने एवं मूर्त वास्तविकता से हटाव की प्रवृत्ति की आवश्यकता पड़ती है। अमूर्त प्रत्यय को समझने के लिए व्यक्ति को औपचारिक प्रक्रीय चिंतन की अवस्था मे आना होगा। हनहेल्डर और पियाजे (1958, पृ० 339-342) ने बताया कि औपचारिक प्रक्रीय व्यक्ति मूर्त एवं अमूर्त दोनों प्रकार के प्रत्ययों को समझने की योग्यता रखता है।

कारप्लस और कारप्लस (1970), कारप्लस और पीटर्सन (1970) रेनर और स्टैफोर्ड (1973 पृ० 291-296), फ्रायोट (1970), कीसे (1970), मैक्निन और रेनर (1971) हिगेन- टेंक और गेट (1971) लोवेल (1961), डेल (1970) आदि ने अपने अनुसंधानों में पाया कि माध्यमिक स्तर के 40 से 75 प्रतिशत छात्र औपचारिक प्रक्रीय चिंतन अवस्था तक पहुंचने में असमर्थ होते हैं।

लासन और रेनर (1975) और रेनर इत्यादि (1978) ने विषयवस्तु और बालकों की संज्ञानात्मक अवस्थाओं के संबंधों को देखने का प्रयास किया। लासन और रेनर ने पाया कि अधिगामी के संज्ञानात्मक स्तर में जैसे वृद्धि होती है वैसे- वैसे उनके द्वारा मूर्त एवं अमूर्त प्रत्यय वाले प्रश्नों के सही- सही उत्तर दिये जाने की संभावनाओं में वृद्धि होती है। रेनर इत्यादि (1978) ने पाया कि विद्यार्थियों का अधिकांश भाग माध्यमिक स्तर पर मूर्त चिंतन का प्रयोग करता है। अतः मूर्त चिंतकों को समायोजित करने के लिए माध्यमिक पाठ्यक्रम से ऐसे प्रकरणों को हटाना होगा जो मूलतः अमूर्त चिंतन की मांग करते हैं।

लोवेल (1979) ने मूर्त एवं अमूर्त चिंतन में पदानुक्रम वर्गीकरण प्रकरण पर अनुसंधान के दौरान पाया कि समस्या समाधान के दौरान पाये गये मूर्त चिंतन वाले व्यक्तियों का पदानुक्रम वर्गीकरण परीक्षण पर कठिनाई का अनुभव हुआ। जबकि रोवेल और डाउसन (1977) ने पाया कि डूबने एवं तैरने के प्रत्यय से संबंधित प्रश्नों का सही उत्तर विद्यार्थियों से प्राप्त होगा, यह इस बात पर निर्भर करता है कि उनमें आयतन एवं भार संरक्षण प्रत्यय का विकास हुआ है अथवा नहीं। कावनाफ (1973) ने चाल सम्प्रत्यय को लेकर यह देखने का प्रयत्न किया कि इस प्रत्यय की समझ विकसित करने के लिए बच्चों को विकास के किस क्रम से गुजरन पड़ता है। उन्होंने देखा कि इसका क्रम पियाजे के पाँचों कार्यों से भिन्न क्रम में है।

थील (1973) ने मूर्त प्रक्रीय चिंतन वाले विद्यार्थियों द्वारा भविष्यवाणी करने की प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले घटकों का अध्ययन किया। उन्होंने देखा कि ऐसे बच्चों ने क्रम नियम (सिरिएशन) की अपेक्षा वर्गीकरण नियम का उपयोग भविष्यवाणी करने मे किया। स्मिथ (1973) ने लेप्टान एवं विद्युत आवेश के संरक्षण सिद्धान्त को अभिक्रमित अनुदेशन के माध्यम से बढ़ाकर देखा कि इस ज्ञान का स्थानान्तरण संवेग संरक्षण के सिद्धान्त को पढ़ने में न के बराबर हुआ।

कोलवर्ग और गिलीगन (1971) ने अपने अध्ययनों से यह निष्कर्ष निकाला कि माध्यमिक स्तर का नवीन पाठ्यक्रम छात्रों में औपचारिक चिंतन विकसित करने

के बजाय इसी को आधार मानकर निर्मित किया गया है।

भारत में संज्ञानात्मक विकास के क्षेत्र में की गई शोधों में रथ (1979) राव और रेड्डी, संदीप (1979), रथ और पटनायक (1979), पद्मिनी (1980) और संधू (1981) के शोधकार्य उल्लेखनीय है। इनमें राव और रेड्डी का कार्य ही सम्प्रत्यय निर्माण से संबंधित है। उन्होंने पाया कि द्रव्यमान एवं भार संरक्षण सम्प्रत्यय का विकास बच्चों में 7 वर्ष की अवस्था में ही हो जाता है जबकि आयतन संरक्षण प्रत्यय का विकास छात्रों में विलम्ब से होता है। उन्होंने यह भी पाया कि विभिन्न संरक्षण सम्प्रत्यय का विकास छात्रों में असंतत होता है। उपरोक्त संबंधित साहित्य के अवलोकन से निम्नलिखित बाते उभर कर सामने आती हैं-

1. माध्यमिक स्तर पर मूर्त प्रक्रीय छात्रों का बाहुल्य है।
2. माध्यमिक विज्ञान पाठ्यक्रम माध्यमिक विद्यालय के छात्रों के लिए उपयुक्त नही है।
3. विशेष विषयवस्तु विशेष संज्ञानात्मक स्तर के छात्रों के लिए उपयुक्त होती है एवं उनमें उचित उपलब्धि की वृद्धि करने में सक्षम होती है।

समस्या कथन

संज्ञानात्मक विकास के क्षेत्र में हुए अनुसंधानों से यह स्पष्ट हो चुका है कि वैज्ञानिक सम्प्रत्ययों एवं छात्रों का संज्ञानात्मक स्तर एक दूसरे से बहुत ही निकट का संबंध रखते हैं। पद्मिनी (1980) ने प्राइमरी विद्यालयों के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सम्प्रत्ययों के शिक्षण से संज्ञानात्मक बढ़ाने में भी सफलता प्राप्त की है। विज्ञान विद्यालयी स्तर पर पाठ्यक्रम में बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान पा भी चुका है। विदेशों में पी० एस० एस० सी० एवं प्रोजेक्ट भौतिकी के आधुनिक पाठ्यक्रम को जहां बदला जा रहा है वहीं भारत में उन्हीं की विषय वस्तुओं को पाठ्यक्रम में रखकर पाठ्यक्रम को आधुनिक बनाया जा रहा है। विद्यालयी स्तर पर प्रायः मूर्त प्रक्रीय छात्र होते हैं एवं ये छात्र अमूर्त सम्प्रत्ययों को समझने में कठिनाई का अनुभव करते हैं। आज का जूनियर हाई स्कूल एवं हाई स्कूल का वैज्ञानिक पाठ्यक्रम छात्रों की समझ स्तर से परे एवं अनुपयुक्त है। शोधकर्ता के मन में सदैव यह उत्कंठा रही कि हमारे यहाँ विद्यालयी स्तर पर छात्रों के संज्ञानात्मक स्तर की स्थिति क्या है ? इस स्तर पर विज्ञान पाठ्यक्रम के जो सम्प्रत्यय उन्हे पढ़ाये जा रहे है क्या वे उसके लिए पर्याप्त संज्ञानात्मक स्तर अपने में विकसित कर चुके हैं ? पाठ्यक्रम में प्रकरणों को सिखाने का जो क्रम रखा गया है क्या उस क्रम में और उन प्रकरणों को पढ़ने वाले छात्रों में जो विकास का क्रम है उसमे कोई तालमेल है ? इन्हीं समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से शोधकर्ता ने प्रस्तुत प्रकरण "छात्रों के संज्ञानात्मक विकास के परिप्रेक्ष्य में विद्यालयी विज्ञान पाठ्यक्रम के कुछ वैज्ञानिक सम्प्रत्ययों का पदानुक्रमीय अध्ययन" पर कार्य किया। शोध के प्रमुख दो उद्देश्य निम्नलिखित है :

1. जूनियर हाई स्कूल स्तर से उत्तीर्ण होकर निकलने वाले छात्रों के संज्ञानात्मक विकास की स्थिति ज्ञात करना।
2. जूनियर हाई स्कूल के अंतिम स्तर के विज्ञान पाठ्यपुस्तक में से कुछ वैज्ञानिक सम्प्रत्ययों का चुनाव कर उनका छात्रों के संज्ञानात्मक विकास के परिप्रेक्ष्य में पदानुक्रमीय अध्ययन करना।

समस्या से संबंधित परिभाषाएं

संज्ञानात्मक विकास : इससे तात्पर्य है बच्चों के विकास के विभिन्न बिंदुओं पर ज्ञान के विकास की प्रक्रिया। इसे व्यक्ति द्वारा अपने संसार को समझने के तौर- तरीकों एवं क्षमताओं के विकास की प्रक्रिया भी कहा जा सकता है। प्रस्तुत अध्ययन हेतु पूर्व वर्णित संज्ञानात्मक विकास के पियाजे माडल को स्वीकार किया गया है। छात्रों की संज्ञानात्मक स्थिति को लासन (1978) के कक्षा परीक्षण

पर उनके प्राप्तांकों से देखा गया है।

पदानुक्रमीय अध्ययन : इससे तात्पर्य है कि विभिन्न सम्प्रत्ययों को छात्र किस- किस कठिनाई स्तर का मानते हैं। कठिनाई के आरोही क्रम में किसी सम्प्रत्यय का क्रम उसका पदानुक्रम कहा गया है।

विधि : प्रस्तुत अध्ययन हेतु 300 छात्र/छात्राओं का एक यादृच्छिक प्रतिशत गोरखपुर शहर के जूनियर हाई स्कूल के कक्षा 8, सत्र 1989-90 की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों में से लिया गया। शैक्षिक सत्र के अंतिम महीने में शोधकर्ता द्वारा रूपान्तरित एवं परिष्कृत लासन का औपचारिक चिन्तन का कक्षा परीक्षण (हिंदी) उक्त प्रतिदर्श पर प्रशासित किया गया। छात्रों की अनुक्रियाओं का अंकन परीक्षण के साथ प्रदत्त कुंजी से किया गया। परीक्षण प्राप्तांकों के आधार पर छात्रों को मूर्त प्रक्रीय (0-5) संक्रमण प्रकीय (6-11) एवं औपचारिक प्रक्रीय (12 अंक से अधिक) वर्गों में रखा गया। इसके पश्चात् सम्प्रत्ययों के पदानुक्रम देखने हेतु प्रत्येक वर्ग से 15-15 छात्र पुनः यादृच्छिक ढंग से चुने गये। इन बच्चों को वैज्ञानिक सम्प्रत्ययों की एक सूची दी गई जिसे जूनियर हाई स्कूल के प्रारंभिक विज्ञान भाग- 3 के भौतिकी से संबंधित प्रकरणों से तैयार किया गया था। इस सूची को एक मापनी का रूप दिया गया था जिसमें प्रत्येक सम्प्रत्यय के सम्मुख अत्यधिक कठिन, सामान्य, सरल एवं अत्याधिक सरल लिखित ब्लाक बने थे। छात्रों को अपनी अनुक्रिया इन्हीं ब्लाकों में अंकित करनी थी।

उपकरण : प्रस्तुत अध्ययन हेतु दो उपकरणों का उपयोग किया गया, जिनमे प्रथम उपकरण लासन (1978) का शोधकर्ता द्वारा परिष्कृत एवं हिन्दी रूपान्तरित औपचारिक चितन का कक्षा परीक्षण है। इस परीक्षण में कुल 16 प्रश्न हैं जिसमें "दण्ड- तुला" से सबंधित एक उदाहरण प्रश्न है। अन्य प्रश्न क्रमशः प्लास्टीसिन के गोले, धातु वॉट, नपना गिलास- 1, नपना गिलास- 2, लोलक की लम्बाई, लोलक का भार, दण्डतुला- 1, दण्डतुला- 2, गोले- 1, गोले- 2, बल्व एवं स्विचों से युक्त बाक्स, दुकान केंद्र, वर्गीकृत आकृतियां वर्गाकार एवं समुचित भुजाकार आकृतियां- 1, वर्गाकार एवं समचतुर्भुजाकार आकृतियां- 2, प्रदर्शनीय प्रयोग से संबंधित हैं। इस परीक्षण की विशेषता है कि परीक्षणकर्ता को प्रश्न से संबंधित प्रयोग प्रदर्शित करना पड़ता है एवं उसे प्रदर्शन के दौरान समस्यात्मक प्रश्न प्रस्तुत कर छात्रों की लिखित अनुक्रिया उत्तर- पत्र में लेनी पड़ती है। छात्र उत्तर- पत्र में अपनी अनुक्रिया का स्पष्टीकरण भी देते हैं। इस परीक्षण का अधिकतम अंक 15 है। इस परीक्षण की विश्वसनीयता 6 पाई गई। विभिन्न बुद्धि परीक्षणों से इसकी वैधता 4 से 6 के बीच पाई गयी।

जैसा कि बताया गया है, द्वितीय उपकरण वैज्ञानिक संप्रत्ययों को लेकर एक मापनी का रूप दिया गया है जिसका उद्देश्य सम्प्रत्ययों की कठिनता स्तर को ज्ञात करना है। मापनी में अत्यधिक कठिन, कठिन, सामान्य, सरल एवं अत्यधिक सरल अंकित पांच बिन्दु हैं। छात्रों की अनुक्रियाओं के अंकन हेतु अत्यधिक कठिन, कठिन, सामान्य, सरल एवं अत्यधिक सरल अनुक्रियाओं को क्रमशः 5, 4, 3, 2 और 1 अंक प्रदान किये गये हैं। वैज्ञानिक संप्रत्यय प्रारंभिक विज्ञान भाग- 3 के भौतिकी खण्ड के समस्त प्रकरण हैं। उक्त सम्प्रत्यय पुस्तक में निम्नलिखित क्रम में दिये गये हैं :

1. दोलन, तरंगगति तथा ध्वनि
2. तरल पदार्थों में उत्प्लावन
3. ऊर्जा
4. ऊष्मा एवं आंतरिक ऊर्जा
5. प्रकाश
6. विद्युत धारा
7. परमाणु संरचना

परिणामों की व्याख्या

गोरखपुर शहर के जूनियर हाई स्कूल उत्तीर्ण होने वाले छात्रों के हिन्दी रूपान्तरित एवं परिष्कृत लासन के औपचारिक चिंतन के कक्षा परीक्षण के प्राप्तांकों का वितरण सारिणी 1 मे प्रदर्शित किया गया है।

सारिणी- 1 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि वितरण में धनात्मक वैषम्यहै। छात्र, छात्राओं एवं सम्पूर्ण प्रतिदर्श में वितरण का बहुलांक स्पष्टतः वर्गान्तर में दिखाई पड़ता है। यही कारण है कि संज्ञानात्मक स्केल के न्यून माप की तरफ विद्यार्थियों का घनत्व अत्यधिक है।

सारिणी 1

लासन के औपचारिक चिंतन परीक्षण प्राप्तांकों का लिंगानुसार वितरण

परीक्षण प्राप्तांक वर्ग/लिंग	0-2	3-5	6-8	9-11	12-14	योग
पुरुष	103	51	20	15	11	200
स्त्री	55	23	8	8	6	100
योग	158	74	28	23	17	300

सारिणी 2

विभिन्न संज्ञानात्मक अवस्थाओं में छात्र/छात्रा विवरण

संज्ञानात्मक अवस्थाए / लिंग	मूर्त प्रक्रीय	सक्रमण प्रक्रीय	औपचारिक प्रक्रीय	योग
छात्र	154	35	11	200
	(77)	(17 5)	(5 5)	
छात्राए	78	16	6	100
	(78)	(16)	(6)	
योग	232	51	17	300
	(77 33)	(17)	(5 67)	

लासन के परीक्षण प्राप्तांकों के आधार पर छात्रों को मूर्त प्रक्रीय, संक्रमण प्रक्रीय एवं औपचारिक प्रक्रीय अवस्थाओं मे वर्गीकृत किया गया जिसका विवरण सारिणी-2 में प्रदर्शित किया गया है। इस सारिणी में कोष्ठक मे लिखी गई संख्याएं प्रत्येक लिंग में प्रतिशत संख्या व्यक्त करती हैं।

सारिणी 2 से स्पष्ट होता है कि छात्र, छात्राओं एवं समस्त प्रतिदर्श में बहुलांक मूर्त प्रक्रीय अवस्था में पड़ रहा है। तीनों अवस्थाओं मूर्त प्रक्रीय, संक्रमण प्रक्रीय एवं औपचारिक प्रक्रीय अवस्थाओं में छात्रों के प्रतिशत क्रमशः 77,17.5 एवं 5.5 है। इन प्रतिशतों की मानक त्रुटियां क्रमशः 2.97, 2 68 एवं 1 61 पाई गई जो अल्पल्य हैं एवं प्राप्त प्रतिशतों पर विश्वास किये जाने को बल प्रदान करती है। छात्राओं की स्थिति में तीनों अवस्थाओं में उनके प्रतिशत क्रमशः 78, 16 एवं 6 मिले। इन प्रतिशतों की मानक त्रुटियां क्रमशः 2.84, 3.66 एवं 2 37 प्राप्त हुई। अतः छात्र, छात्राओं दोनों स्थितियों में जूनियर हाईस्कूल के प्रस्तुत प्रतिदर्श में मूर्त प्रक्रीय छात्र 77% से अधिक पाये गये। दोनों वर्गों के लिए औपचारिक प्रक्रीय छात्र मात्र 6 या इससे भी कम प्रतिशत पाये गये। यह कहना अतिश्योक्ति न होगी कि हमारे यहां कक्षा 8 उत्तीर्ण करने वाले छात्र मूर्त प्रक्रीय अवस्था में होते है। रेनर इत्यादि (1978) के परिणाम इसकी पुष्टि करते हैं।

छात्र एवं छात्राओं की विभिन्न अवस्थाओं में अन्तरों की तुलना हेतु क्रान्तिक अनुपात की भी गणना की गई। प्राप्त क्रान्तिक अनुपात अत्यन्त अल्प रहे जिससे किसी भी अवस्था में .05 विश्वसनीयता स्तर पर भी सार्थक अन्तर दृष्टिगोचर नहीं हुआ।

लासन परीक्षण पर प्राप्तांकोंके वितरण से मध्यमान, मानक विचलन, मध्यमानों की मानक त्रुटियों की गणनाएं की गईं। इनके विवरण सारिणी 3 में प्रदर्शित हैं।

सारिणी - 3 से स्पष्ट है कि छात्र एवं छात्राओं के मध्यमान लगभग एक समान है। इनके अन्तरों का क्रांतिक अनुपात .14 प्राप्त हुआ, जो कि बताता है कि छात्र एवं छात्राओं के मध्यमानों में 0.5 विश्वसनीयता स्तर पर भी अन्तर दृष्टिगोचर नहीं हुआ। अतएव कहा जा सकता है कि लासन के औपचारिक चिंतन के कक्षा परीक्षण पर छात्र एवं छात्राओं के निष्पादन में कोई सार्थक भेद नही है। अभी तक किये गये शोधों में संज्ञानात्मक विकास के मूर्त प्रकीय एवं औपचारिक प्रक्रीय स्तरों में लिंग की भूमिका स्पष्टतः नहीं देखी गई है।

जूनियर हाई स्कूल पारंभिक विज्ञान भाग - 3 के भौतिकी से संबंधित दीर्घ प्रत्ययों के विषय में विभिन्न संज्ञानात्मक अवस्था वाले विद्यार्थियोयं की पदानुक्रम मापनी पर प्राप्त अनुक्रियाओं का आकलन किया गया। प्रत्येक सम्प्रत्यय पर विद्यार्थियों के अंकों का योग निकाला गया।

सारिणी 3

लासन परीक्षण प्राप्तांकों का मध्यमान, मानक विचलन एवं मध्यमानों की मानक त्रुटियों का विवरण

सांख्यिकी / लिंग	संख्या	मध्यमान	मानक विचलन	मध्यमान की मानक त्रुटि	क्रांतिक अनुपात
छात्र	200	3 55	3 48	24	14
छात्राएं	100	3.61	3.63	.36	

इस योग को आरोही क्रम में व्यवस्थित किया गया। न्यूनतम योग वाले सम्प्रत्यय से उत्तरोत्तर अधिक योग वाले सम्प्रत्यय को क्रमशः 1, 2, 3, 4, 5, 6 और 7 अंक दिये गये जिन्हे इन सम्प्रत्ययों का पदानुक्रमीय अंक कहा गया। प्रत्येक समूह के लिए इन सम्प्रत्ययों का पदानुक्रमीय विवरण सारिणी 4 में प्रदर्शित किया गया है।

सारिणी 4 से स्पष्ट दृष्टगोचर होता है कि प्रारंभिक विज्ञान भाग-3 में भौतिकी खण्ड में सम्प्रत्ययों को दिये गये क्रमों एवं विभिन्न संज्ञानात्मक स्तर वाले विद्यार्थियों के द्वारा दिये गये क्रमों में भिन्नता है। परमाणु संरचना सम्प्रत्यय को पुस्तक में सातवे पदानुक्रम पर रखा गया है जबकि समस्त अवस्था वाले छात्रों ने उसे प्रथम पदानुक्रम पर रखा है। इस विवरण से यह प्रतीत होता है कि परमाणु संरचना एक औपचारिक प्रक्रीय सम्प्रत्यय है परन्तु इसे कक्षा शिक्षण के समय मूर्त प्रक्रीय सम्प्रत्यय के रूप में देखा जाता है, चूंकि जूनियर हाई स्कूल पर कक्षा-8 उत्तीर्ण हो रहे छात्र प्रायः मूर्त प्रक्रीय अवस्था वाले होते हैं, फलतः इन्हें परमाणु संरचना सम्प्रत्यय एक सरल सम्प्रत्यय प्रतीत हुआ। फलस्वरूप इस सम्प्रत्यय को छात्रों ने पदानुक्रम 1 पर रखा। संक्रमण अवस्था वाले छात्रों के अतिरिक्त सभी अवस्था के विद्यार्थियों ने ध्वनि सम्प्रत्यय को जिसे पुस्तक मे प्रथम क्रम में रखा गया है पांच अथवा छः पदानुक्रम पर रखा। इसका संभावित कारण यह है कि ध्वनि एक मूर्त प्रक्रीय सम्प्रत्यय होते हुए भी इससे सबंधित उप-सम्प्रत्ययों तरंग गति, ध्वनि की चाल इत्यादि को पुस्तकों मे प्रायः अमूर्त रूप से प्रस्तुत किया जाता है। अध्यापक इसका शिक्षण अमूर्त रूप से ही करते हैं। फलस्वरूप छात्रों ने इसे कठिन प्रकरण मानकर पांचवें या छटे पदानुक्रम पर रख दिया। उत्प्लावन एवं ऊर्जा सम्प्रत्ययों को क्रमशः संक्रमण एवं संयुक्त समूह तथा संक्रमण एवं औपचारिक प्रक्रीय समूह ने वही क्रम प्रदान

सारिणी 4

सम्प्रत्ययों का पदानुक्रम विवरण, विभिन्न संज्ञानात्मक अवस्थाओं के अनुसार

दीर्घ सम्प्रत्यय	पुस्तकीय पदानुक्रम	विभिन्न संज्ञानात्मक विकास की अवस्था वाले छात्रों द्वारा प्रदत्त पदानुक्रम			
		मूर्त प्रक्रीय	संक्रमण प्रक्रीय	औपचारिक प्रक्रीय	संयुक्त क्रम
ध्वनि	1	5	2	6	5
उत्प्लावन	2	3	2	4	2
ऊर्जा	3	2	3	3	2
ऊष्मा	4	4	5	5	6
प्रकाश	5	5	3	3	4
विद्युत धारा	6	3	4	2	3
परमाणु संरचना	7	1	1	1	1

किया है जो क्रम पुस्तक में दिया गया है।

इस प्रकार हम देखते है कि पुस्तक मे समप्रत्ययों को दिया गया क्रम प्रायः छात्रों द्वारा दिये गये क्रम से भिन्न है। सम्प्रत्ययों पर दृष्टिपात करने पर मालूम पड़ता है कि प्राय: समस्त प्रत्यय अमूर्त प्रत्यय हैं। रेनर एवं ग्रांट (1578) ने समस्या "क्या छात्र भौतिकी के प्रत्ययों को समझ सकते हैं ?" पर अध्ययन के दौरान पाया कि माध्यमिक स्तर पर विज्ञान पाठ्यपुस्तकों में समस्त सम्प्रत्यय औपचारिक या अमूर्त प्रक्रीय हैं। जिन्हे औपचारिक प्रक्रीय अवस्था वाले छात्र ही समझ सकते हैं। अतः मालूम पड़ता है कि पाठ्यक्रम निर्माताओं ने अमूर्त प्रक्रीय प्रत्ययों को पाठ्यक्रम में जबरन बेतरतीब ढंग से रख दिया है, जिससे पाठ्यक्रम अनावश्यक रूप से बोझिल हो गया है। फलतः बौद्धिक रूप से सुकुमार छात्रों को उसे घसीटना पड़ता है।

शैक्षिक महत्व

प्रस्तुत अध्ययन का मुख्य उद्देश्य पाठ्यक्रम निर्माताओं का ध्यान इस तथ्य की ओर आकर्षित करना है कि जूनियर हाई स्कूल स्तर पर मूर्त प्रक्रीय संज्ञानात्मक अवस्था वाले छात्र ही होते है। इन छात्रों की समप्रत्ययों को समझने की एक सीमा होती है। अतएव पाठ्यक्रम निर्माण के समय विषयवस्तु का चयन छात्रों की संज्ञानात्मक अवस्था के अनुरूप रखे जाने की आवश्यकता है। साथ ही विषयवस्तु का क्रम तार्किक न रखकर मनोवैज्ञानिक रखना चाहिए, जिससे विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को क्रमशः पढ़ने एवं पढ़ाने में मदद मिले।

पाठ्यक्रम निर्माता पाठ्यवस्तु में उच्च कक्षाओं के प्रकरण को लाकर प्रायः रख दिया करते हैं, जिससे पाठ्यक्रम गुणात्मक एवं मात्रात्मक दोनों रूपों में बोझिल हो जाता है। प्रस्तुत अध्ययन उन्हें इस प्रवृत्ति के प्रति आगाह करता है। पाठ्यक्रम निर्माताओं को चाहिए कि पाठ्यक्रम के नये सम्प्रत्यय के स्थान पर वर्तमान सम्प्रत्यय से जुड़े एवं उन पर आधारित आधुनिक वैज्ञानिक उपकरणों एवं मशीनों को स्थान दें जिससे हमारे छात्रों की वैज्ञानिक अभिरुचि भी बढ़ेगी एवं उनके ऊपर मानसिक बोझ भी नहीं बढ़ेगा। उन्हें यह ध्यान रखना है कि अनिवार्य पाठ्यक्रम के अन्तर्गत विद्यार्थियों को सामान्य वैज्ञानिक बातों से परिचित कराना है, उन्हें विज्ञान विषय में विशेषज्ञ नही बनाना है।

प्रस्तुत अध्यन जूनियर हाई स्कूल के अध्यापकों के लिए भी महत्वपूर्ण है। यह उन्हें प्रेरित करता है कि विषयवस्तु के शिक्षण के समय ऐसी शिक्षण निधियों एवं सहायक सामग्रियों का उपयोग करे जो मूर्त प्रक्रिया की अवस्था के बच्चों के लिए उपयुक्त हो।

मूल्यांकन कर्ताओं के लिए भी प्रस्तुत अध्ययन उपयोगी है। यह उन्हें जूनियर हाई स्कूल स्तर पर परीक्षणों के निर्माण में मूर्त प्रक्रिया- विषयवस्तु से संबंधित प्रश्नों को रखने के लिए प्रेरित करता है।

निष्कर्ष

प्रस्तुत अध्ययन से यह निष्कर्ष निकलता है कि जूनियर हाई स्कूल स्तर पर प्रायः छात्र मूर्त प्रक्रीय अवस्था के है। वर्तमान विज्ञान पाठ्यक्रम में विषयवस्तु उनकी संज्ञानात्मक अवस्था को ध्यान में रखकर नही रखी गयी है एवं विषयवस्तु का संगठन छात्रों के विषयवस्तु सीखने के मनोवैज्ञानिक क्रम को ध्यान में रखकर नही किया गया है। अतएव जूनियर हाई स्कूल के विज्ञान पाठ्यक्रम के पुनर्गठन की आवश्यकता है। अध्यापकों एवं मूल्यांकन कर्ताओं को अपनी प्रविधियों को छात्रों के संज्ञानात्मक विकास को दृष्टिगत रखते हुए नियोजित करने की आवश्यकता है। विज्ञान पाठ्यक्रम बिना छात्रों की उस पर अनुक्रिया देखे लागू नहीं किया जाना चाहिए।

संदर्भ

1. इनहेल्डर बी० और पियाजे, जे० **दी ग्रोथ आफ लाजिकल थिंकिंग फ्राम चाइल्डहुड टू एडोलीसेंस**, न्यूयार्क, बेसिक बुक्स, 1958, पृष्ठ 339-342.

2 कारप्लस, आर० और कारप्लस, ई०, इन्टेलेक्चुअल डिवलपमेण्ट बियांड एलीमेण्टरी स्कूल I, डिडक्टिव लाजिक, **स्कूल साइंस और मैथेमेटिक्स**, 1970, 5, पृ० 398-406.

3. कारप्लस, आर० और पीटर्सन, आर० डब्ल्यू०, इन्टेलेक्चुअल डिवलपमेंट बियांड एलीमेण्टरी स्कूल- II रेशियो, ए सर्वे। **स्कूल साइंस और मैथेमेटिक्स** 1970, 5, पृ० 813-820.

4. कोलबर्ग, एल० और सी० गालीगन, **दी एडोलीसेंट एज ए फिलासफर : दी डिसकवरी आफ सेल्फ इन ए पोस्ट कनवेन्शनल वर्ल्ड**। डेडालस, 1971, पृ० 1051-1806.

5. कावनाक, डी० सी०, ऐन इनवेस्टीगेशन आफ पोर्सन्स आफ ए मॉडल हाइरार्की फार दी एक्वीजिसन ऑफ दी कानसेप्ट आफ स्पीड। डिजर्टेशन ऐब्सट्रेक्ट : 1973 वाल्यूम 33 12, पृ० 6746 ए.

6. डेल, एल० जी० "दी ग्रोथ आफ सिस्टेमेटिक थिंकिंग : रिप्लीकेशन ऐण्ड एनालिसिस आफ पियाजेज फर्स्ट केमिकल एक्सपेरिमेण्ट।" **आस्ट्रेलियन जर्नल आफ साइकोलोजी**, 1970, 20,पृ० 277-285.

7. थील, आर० पी० ऐन इनवेस्टीगेशन टू डिवलप ए प्रोवेलिस्टिक इक्वेशन आफ परफार्मेंस इन रिलेशन टू दी फैक्टर्स दैट अफैक्ट दी यूज आफ दी साइंस प्रोसेस स्किल आफ प्रिडिक्शन बाई एलीमेन्टरी स्कूल चिल्ड्रेन। डिजेर्टेशन ऐब्सट्रैक्ट्स, 1973, वाल्यूम 34 : 4, पृ० 1503 ए.

8 पद्मिनी, टी०, **फास्टरिंग कागनीटिव डिवलपमेंट इन प्राइमरी स्कूल**। वाटरी पबिलकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली, 1983

9 पियाजे, जे०, **दी साइकोलोजी आफ इनटेलिजेंस**। पैटर्सन न्यू जेरेसी, लिटिफील्ड, एडम्स एण्ड कं०, 1966, पृ०-123.

10. फ्रायोट, एफ०ई०, **दी रिलेशनशिप बिटवीन ऐन इन्क्वायरी टीचिंग अप्रोच एण्ड इनटेलेक्चुअल डिवलपमेंट,** अनपब्लिश्ड डाक्टोरल डिजर्टेशन, यूनीवर्सिटी आफ आक्लाहोमा, 1970

11. बुच, एम० बी०, **ए सर्वे आफ रिसर्च इन एजूकेशन,** केस, बड़ौदा, 1974.

12 बुच, एम० बी०, **सेकण्ड सर्वे आफ रिसर्च इन एजूकेशन**। सोसाइटी फार एजूकेशनल रिसर्च एण्ड डिवलपमेण्ट, बड़ौदा, 1978

13. बुच, एम० बी०, **थर्ड सर्वे आफ रिसर्च इन एजूकेशन,** एन०सी०ई०आर०टी, नई दिल्ली, 1983.

14. मैक्कनिन, जे० डब्ल्यू और जे० डब्ल्यू रेनर, "आर कालेजेज कनसर्न्ड विथ इनटेलेक्चुअल डिवलपमेण्ट ?" **अमेरिकन जर्नल आफ फिजिक्स**, 1971, 39,पृष्ठ 1047-1052.

15. रेनर, जे० डब्ल्यू, रोजली एम० ग्राण्ट और जान सदरलैण्ड, "कन्टेण्ट एण्ड कांक्रीट थाट।" **साइंस एजूकेशन** 1978, 62 (2),पृष्ठ - 215-221.

16. रेनर, जे. डब्ल्यू और डी० जी० स्टैफोर्ड, **टीचिंग साइंस इन सेकेण्डरी स्कूल**, न्यूयार्क : हार्पर एण्ड रो

पब्लिशर्स, 1973, पृष्ठ 291-296

17. रोवेल, जे० ए० एण्ड सी० जे० डाउसन, "टीचिंग एबाउट फ्लोटिंग एण्ड सिकिंग, फरदर स्टडीज टुवर्ड्स क्लोजिंग दी गैप बिटवीन कागनिटिव साइकोलोजी एण्ड क्लासरूम प्रैक्टिसेज", **साइंस एजूकेशन**, 1977, 61 (4) पृ० 527-540.

18. लासन, ए० ई०, "दि डिवलपमेण्ट एण्ड वैलिडेशन ऑफ क्लासरूम टेस्ट आफ फार्मल रीज़निंग", **जे० आर० एस० टी०**, 1978, 15, (2) पृ० 11-24.

19 लासन, ए० ई० और जे० डब्ल्यू रेनर, "रिलेशनशिप ऑफ साइंस सब्जेक्ट मैटर एण्ड डिवलपमेण्टल लेवल्स आफ लर्नर्स", **जे० आर० एस० टी०**, 1975, 12, (4) पृ० 347-358 .

20. लोवेल, के० ए० "फालोअप स्टडी ऑफ इनहेल्डर एण्ड पियाजेज, : दी ग्रोथ आफ थिंकिंग", **ब्रिटिश जर्नल आफ साइकोलोजी**, 1961, 52, पृ० 143-153.

21 लोवेल, वाटर ई०, ए स्टडी ऑफ हाइरार्किकल क्लासिफिकेशन इन कांक्रीट एण्ड एब्स्ट्रेक्ट थाट, **जे० आर० एस० टी०**, 1979, 16 (3) पृ० 255-262

22. स्मिथ, फ्रेंक ए०, "दी इफेक्ट आफ लर्निंग दी कनजर्वेशन आफ बेरियान्स, लेप्टान्स एण्ड चार्जेज आन दी लेटर लर्निंग दी कनजर्वेशन आफ लीनियर मोमेण्टम", **डिजर्टेशन ऐब्सट्रेक्ट**, 1973, 34·4, पृ० 1731 ए.

23. हिगेन्स ट्रेक, ए० और ए० जे० एच० गेट, **इल्यूसिवनेस आफ फार्मल आपरेशनल थाट** : प्रोसीडिंग्स, सेवेन्टीनाइंथ ऐनुअल कनवेंशन, अमेरिकन साइकोलोजिकल एसोसिएशन 1971, पृ० 201-202.

शैक्षिक दूरदर्शन के उपयोग की प्रासंगिकता

प्रदीपचन्द्र शुक्ला

प्रवक्ता, शिक्षा संकाय
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

दूरदर्शन पर शैक्षिक कार्यक्रमों को प्रस्तुत कर देना मात्र ही पर्याप्त नहीं होता। आवश्यकता इस बात की भी होती है कि कार्यक्रमों की प्रस्तुति के समय अध्यापक स्वतः भी उपस्थित हो और कार्यक्रम के संदर्भ में पूर्व भूमिका प्रस्तुत कर दी जाये। इसके लिए आवश्यक है कि अध्यापक शैक्षिक दूरदर्शन के माध्यमों के बारे में पूर्ण प्रशिक्षित हो।

आज हमारा समाज 21वी सदी के द्वार पर दस्तक दे रहा है। ज्ञान- विज्ञान, तकनीकी और उद्योग ने समाज और सामाजिक व्यवस्था में क्रान्तिकारी परिवर्तन ला दिया है। जो आज है उसका स्वरूप कल भी वैसा रहेगा, कहा नहीं जा सकता। सामाजिक परम्पराओं और मान्यताओं मे परिवर्तन आया है, सामाजिक सस्थाओं और संगठनों मे परिवर्तन आया हैं। समाज और समाज के मूल्यों मे परिवर्तन आया है। बाजार मे नित्य नये सामान आ रहे है। परम्परागत सामग्रियों के स्वरूप मे भी परिवर्तन आ रहा है। सभी वस्तुओं को उपभोक्ता की आवश्यकता के अनुरूप बनाने का प्रयास किया जा रहा है। यहां तक की विवाह और विवाह जैसे अन्य धार्मिक अनुष्ठानों में भी परिवर्तन आ गया है। परन्तु हमारी शिक्षा पद्धति, विशेषकर छोटे शहरों और ग्रामीण अंचलों की शिक्षा पद्धति या शिक्षण विधि अब भी लोगों को मैकाले युग की याद दिलाती है।

विश्व के परिप्रेक्ष्य मे, आज हम कहते हैं कि हम उपग्रह युग मे प्रवेश कर गए हैं, परन्तु अगर कस्बों के राजकीय विद्यालयों, चाहे वे प्राथमिक हों या माध्यमिक, को देखा जाये तो राष्ट्र की मलीन, दरिद्रता से परिपूर्ण, अनुशासन के अभाव मे सिसक रही शिक्षा व्यवस्था ही दृष्टिगोचर होती है। शिक्षा के उद्देश्य एवं लक्ष्य, शिक्षा का पाठ्यक्रम आदि केवल शिक्षण प्रशिक्षण सस्थानों के अध्ययन एवं अध्यापन की विषयवस्तु मात्र बन कर रह गयी है। शायद इसीलिए ईवान यूलिच ने "डी स्कूलिग" की बात कही होगी तो सिल्बामन ने "री- स्कूलिंग" और राईमर ने "स्कूल इज डेड" या विद्यालयों को स्पन्दन विहीन कहा होगा।

आज हमारे देश मे 7,35,785 मान्यता प्राप्त माध्यमिक स्तर के विद्यालय है जिनमे से 6,34,719 ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित है। लगभग 5, 29, 392 प्राथमिक विद्यालय हैं। 1978 से लेकर 1986 तक लगभग 16.03 प्रतिशत माध्यमिक विद्यालयों मे वृद्धि हुई और प्राथमिक विद्यालयों की सख्या मे 11.54 प्रतिशत की वृद्धि हुई। प्राथमिक विद्यालयों मे पढ़ने वाले छात्रों की संख्या 8,66,83,289 है जिसमे लगभग 26.36 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इन विद्यालयों मे अध्यापकों की संख्या 36,92,751 है जिसमे 25.59 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यदि इन विद्यालयों में छात्र अध्यापक का अनुपात देखा जाये तो यह 44 छात्रों पर एक अध्यापक का है। किन्ही-किन्ही प्रान्तों मे यह औसत अनुपात एक अध्यापक और 61 (गुजरात) विद्यार्थियों का है। लगभग 13.50 प्रतिशत प्राथमिक विद्यालय भवन विहीन है। सरकार एव समाज सेवी सगटनों के अथक प्रयासों और

शिक्षा के संख्यात्मक प्रसार के बावजूद, आज भी हम शिक्षा में गुणात्मक ह्रास की बात करते हैं।

आजादी के बाद से ही सरकार ने गुणात्मक ह्रास को समाप्त करने के लिए कई आयोगों का गठन भी किया, किन्तु शिक्षा का लाभ आम आदमी तक, न्यायसंगत और एक समान रूप में नहीं पहुंच सका है। 1985 की नई शिक्षा नीति ने भी इस स्थिति को समझा था। "1968 की राष्ट्रीय नीति, आजादी के बाद के शिक्षा के इतिहास में एक अहम कदम थी। उसका उद्देश्य राष्ट्र की प्रगति को बढ़ाना तथा सामान्य नागरिक व संस्कृति और राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ करना था। उसमें शिक्षा प्रणाली के सर्वांगीण पुनर्निर्माण तथा हर स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता को ऊँचा उठाने पर जोर दिया गया था। साथ ही, उस शिक्षा नीति में विज्ञान और प्रोद्योगिकी पर, नैतिक मूल्यों को विकसित करने पर तथा शिक्षा और जीवन में गहरा रिश्ता कायम करने पर ध्यान दिया गया था किन्तु स्थिति जस- की- तस बनी हुई है।" इसी संदर्भ मे नई नीति (1985) आगे कहती है कि 1968 की शिक्षा नीति के अधिकांश सुझाव कार्यरूप में परिणित नहीं हो सके, क्योंकि क्रियान्वयन की पक्की योजना नहीं बनी, न स्पष्ट दायित्व निर्धारित किए गए और न ही वित्तीय एवं सगठन संबंधी व्यवस्थाएं हो सकीं। नतीजा यह हुआ कि विभिन्न वर्गो तक शिक्षा को पहुँचाने, उसका स्तर सुधारने और विस्तार करने और आर्थिक साधन जुटाने जैसे महत्वपूर्ण काम नहीं हो पाए और आज इन कमियों ने एक बड़े अम्बार का रूप धारण कर लिया है। इन समस्याओं का हल निकालना वक्त की पहली जरूरत है। शिक्षा नीति आगे कहती है, "मौजूदा हालात ने शिक्षा को एक दुराहे पर ला खड़ा किया है। अब न तो अब तक होते आये सामान्य विस्तार से, और न ही सुधार के वर्तमान तौर- तरीकों से काम चल सकेगा।" निश्चय ही शिक्षा के तौर-तरीकों में परिवर्तन लाना होगा, नये विकल्पों को तलाशना होगा। शिक्षा के नए माध्यमों को खोजना होगा। शिक्षा की नवीन विधियों का उपयोग करना होगा।

शैक्षिक दूरदर्शन का आरंभ

सबके लिए शिक्षा का नारा वर्तमान माध्यमों, उपकरणों एवं विधियों से सम्भवतः कभी भी पूरा नही होगी। इसके नये विकल्प के रूप में दूरदर्शन का जो इलेक्ट्रानिक जाल बिछा हुआ है, सम्भवतः उसकी तरफ ही शिक्षाविदों, नियोजकों और सरकार की दृष्टि है। इसी दृष्टिकोण से प्रेरित होकर दूरदर्शन के भारत मे पदार्पण (15 सितम्बर, 1959) के साथ ही, 1961 में दिल्ली मे शैक्षिक कार्यक्रमों का प्रसारण दूरदर्शन के द्वारा आरंभ हुआ। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य था स्थान, प्रयोगशालाओं, उपकरणों और प्रशिक्षित अध्यापकों की कमी को दूर करना। दूरदर्शन के तत्कालीन शैक्षिक प्रसारणों की उपादेयता को मूल्यांकित करने के उपरान्त पाल न्यूराथ (1968) ने पाया कि टेलीवीजन वाले विद्यालयों की उपलब्धियां उन विद्यालयों से अच्छी रहीं जहां इनका उपयोग नहीं किया जा रहा था। इससे प्रभावित होकर दिल्ली दूरदर्शन ने 1966 में कृषि शिक्षा पर आधारित कृषि दर्शन कार्यक्रम का प्रसारण आरंभ किया, जिसका लाभ कृषकों तक पहुंचा और यह प्रसारण काफी लोकप्रिय हुआ। 1975 मे मानवीय संचार के इतिहास का सबसे बड़ा महत्वपूर्ण और महत्वाकांक्षी कार्यक्रम, साइट (सेटेलाइट इंस्ट्रक्शनल टेलीविजन इक्सपेरिमेन्ट) शुरू किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से दूर उपग्रह का उपयोग कर 6 प्रान्तों के 2330 गांवों को टेलीविजन के माध्यम से जोड़ा गया। इस प्रसारण मे कृषि, स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, सामाजिक शिक्षा तथा हिंदी, कन्नड़, उड़िया और तेलगू भाषा में प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों के लिए कार्यक्रम का प्रसारण किया गया। यह कार्यक्रम भी काफी लोकप्रिय एवं उपयोगी सिद्ध हुआ। पुनः 1977 मे इन कार्यक्रमों मे राष्ट्रीय एकता एवं भावनात्मक एकता से संबंधित कार्यक्रम का भी समन्वय किया गया। भारतीय

उपग्रह की अन्तरिक्ष में स्थापना के साथ ही इनसेट (इण्डियन नेशनल सेटेलाइट) कार्यक्रम की शुरूआत प्रभावशाली ढंग से 1983 में आरंभ हुई और बाद में 1984 में उच्च शिक्षा के भी कार्यक्रमों का प्रसारण आरंभ हुआ। इस प्रकार से शिक्षा के क्षेत्र में दूरदर्शन के माध्यम से शिक्षा को घर-घर में पहुंचाने का प्रयास किया गया। किन्तु सभी घरों में न तो टेलीविजन का उपकरण है, न ही विद्युत आपूर्ति के वितरण में कार्यक्रम के समय को प्राथमिकता दी गयी और न ही इन कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार किया गया। अधिकांश विद्यालयों ने भी इन कार्यक्रमों के प्रति कोई विशेष रुचि का प्रदर्शन नही किया तथा इन कार्यक्रमों को किसी भी रूप मे विद्यालय के कार्यक्रम के साथ संयोजित नहीं किया जा सका।

दूरदर्शन के कार्यक्रमों में विभिन्न दृश्य-श्रव्य माध्यमों का उपयोग किया जाता है। दूरदर्शन के कार्यक्रमों के संयोजन में विभिन्न स्रोतों से सामग्री का चयन किया जाता है। दूरदर्शन की एक अपनी भाषा है जिसका उपयोग करने में अधिकतम सृजनात्मक के प्रदर्शन की आवश्यकता होती है। कार्यक्रम रोचक हों , उपयोगी हों तथा सार्थक हों, यह प्रयत्न होता है, उस पूरे के पूरे समूह का जो कार्यक्रम का नियोजन और प्रसारण करता है। इन कार्यक्रमों की प्रासंगिकता तब और बढ़ सकती है जब कार्यक्रमों के निर्माण में निम्न तथ्यों पर और अधिक ध्यान दिया जाये।

शैक्षिक दूरदर्शन की गुणवत्ता में वृद्धि के उपाय

शैक्षिक दूरदर्शन के कार्यक्रम का निर्माण करते समय आयोजकों को कार्यक्रम का उद्देश्य स्पष्ट रूप से मालूम होना चाहिए। इसके लिए उद्देश्यों का निर्धारण सोच-समझ कर और विषय के विशेषज्ञों के साथ विचार-विमर्श करके निर्धारित किया जाना चाहिए। साथ ही आयोजकों एवं क्रियान्वित करने वाले लोगों को कार्यक्रम के उद्देश्यों की स्पष्ट समझ होनी चाहिए। कार्यक्रम का निरूपण करते समय इसके मूल उद्देश्यों की स्पष्ट समझ एवं उन पद्धतियों का पूर्ण ज्ञान चाहिए जिनके द्वारा मूल वस्तु को प्रदर्शित किया जा रहा है, यह कार्यक्रम को और अधिक उपयोगी एवं प्रभावशाली बना सकती है।

दूरदर्शन पर शैक्षिक कार्यक्रमों को प्रस्तुत कर देना मात्र ही पर्याप्त नहीं होता। आवश्यकता इस बात की भी होती है कि कार्यक्रम की प्रस्तुति के समय अध्यापक स्वतः भी उपस्थित हो और कार्यक्रम के संदर्भ में पूर्व भूमिका प्रस्तुत कर दी जाये। इसके लिए आवश्यक है कि अध्यापक शैक्षिक दूरदर्शन के माध्यमों के बारे में पूर्ण प्रशिक्षित हो। अप्रशिक्षित अध्यापक कार्यक्रमों की उचित व्याख्या कर सकने में असमर्थ होता है। दूरदर्शन सम्प्रेषण का एक तरफा माध्यम है तथापि तमाम सावधानियों के बावजूद कुछ-न-कुछ ऐसी कमी रह जाती है जो तथ्यों को स्पष्ट कर सकने में असफल होती है। इन परिस्थितियों में अध्यापक का महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है। दूरदर्शन के शैक्षिक कार्यक्रमों के वांछित प्रभाव के लिए अध्यापक की भूमिका तो महत्वपूर्ण होती ही है, साथ मे अभिभावकों का भी महत्व होता है (रियू 1974)। अगर अभिभावक शैक्षिक या मनोरंजन कार्यक्रमों के बारे में बच्चों से बातचीत करें तो निश्चय ही कार्यक्रमों का वांछित प्रभाव पड़ेगा। दूरदर्शन के माध्यम से प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों के निर्माण में विशेषज्ञों का एक पूरा समूह लगता है जिसमें पाठ्यक्रम विशेषज्ञ, अध्यापक, कैमरामैन, निर्देशक लगते हैं और कार्यक्रमों का बार-बार मूल्यांकन भी किया जाता है किन्तु, अगर अध्यापक शिक्षण मे रह गयी कमियों का निरीक्षण कर उनकी व्याख्या करे या और अधिक उदाहरण प्रस्तुत करे तो यह शिक्षण को और अधिक प्रभावशाली बना सकता है।

दूरदर्शन पर कार्यक्रमों को विभिन्न माध्यमों से प्रदर्शित किया जाता है किन्तु माध्यमों के चयन के लिए इस बात का पूरा-पूरा ख्याल रखा जाना चाहिए कि किस स्तर के बालकों के लिए कार्यक्रम बनाया जा रहा है जैसा कि

हरलॉक (1970) ने स्पष्ट किया है कि आरंभ में सभी बच्चे दूरदर्शन के सभी कार्यक्रमों को देखना पसन्द करते हैं। पूर्व- प्राथमिक स्तर के बालक ऐसे कार्यक्रमों को देखना पसंद करते हैं जिनमें पशु- पक्षियों के रूप में विभिन्न चरित्रों की प्रस्तुति की जाती है या वे कार्टून अथवा सरलतम ढंग से प्रस्तुत हास्य कार्यक्रमों से आनंदित होते हैं। कक्षा एक या दो के छात्रों को कठपुतलियों के माध्यम से प्रस्तुत कार्यक्रम अधिक पसंद आते हैं। तीन और चार कक्षा में पढ़ने वाले छात्रों को भी कल्पनात्मक कार्यक्रम ज्यादा पसंद आता है कक्षा 5-6 में पढ़ने वाले छात्रों को भी कल्पनात्मक कार्यक्रमों में आनंद आता है किन्तु विज्ञान अंतरिक्ष और पहेली से भरे कार्यक्रम ज्यादा मनोरंजक लगते हैं। अतः अगर शैक्षिक दूरदर्शन पर कार्यक्रम का निर्धारण करते समय माध्यम के चुनाव में उपरोक्त माध्यमों से विषयवस्तु की प्रस्तुति की जाये तो निश्चय ही कार्यक्रम अधिक रुचिकर और प्रभावशाली बनेंगे।

शैक्षिक दूरदर्शन पर कार्यक्रम के निर्माण के लिए सशक्त माध्यम, सशक्त विषयवस्तु और सशक्त आख्या की आवश्यकता पड़ती है और इन सबके सशक्त होने के लिए जरूरत इस बात की है कि इन सबसे संबंधित विशेषज्ञों का पूर्ण विश्वास प्रसारण माध्यम में होना चाहिए। दूरदर्शन की भूमिका के प्रति उनमें धनात्मक अभिवृति और सहयोगात्मक रुख होना चाहिए अन्यथा कार्यक्रम न वांछित प्रभाव छोड़ पाएगा और न ही धन और समय का सदुपयोग हो पायेगा। इसके लिए आवश्यक है कि कार्यक्रम प्रसारण से संबंधित सभी विशेषज्ञों के समन्वित प्रशिक्षण का आयोजन किया जाए। यारब्रग (1990) ने अपने एक अध्ययन में पाया है कि शिक्षाविदों और दूरदर्शन से संबंधित विशेषज्ञों के प्रत्यक्षीकरण में सार्थक अंतर होता है। यह अंतर कार्यक्रम की सार्थकता पर भी प्रश्न चिन्ह लगा सकता है।

दूरदर्शन सम्प्रेषण के लिए यदि उचित ढंग से कार्यक्रमों का नियोजन किया जाये और उचित दृश्य- श्रव्य सामग्री का उपयोग किया जाए तो प्रशिक्षित हो सकने वाले मन्द बुद्धि के बालकों को भी इसके द्वारा प्रशिक्षित किया जा सकता है (स्टीवर्ट 1989)। दूरदर्शन के माध्यम से संप्रेषित अनुभव प्रत्यक्ष अनुभव के अति निकट होते हैं तथा व्यक्ति पर पूर्ण प्रभाव छोड़ते हैं। कोई व्यक्ति या बालक दूरदर्शन से कितना प्रभावित होता है, यह दो बातों पर निर्भर करता है, प्रथम तो व्यक्ति का व्यक्तित्व या उसकी अपनी मनोवृत्ति तथा कार्यक्रम के विषयगत अनुभव को ग्रहण करने की क्षमता। बालक के व्यक्तित्व को न तो दूरदर्शन तत्काल परिवर्तित कर सकता है न ही सभी बालकों की मनोवृत्ति के अनुकूल शैक्षिक कार्यक्रमों का प्रसारण किया जा सकता है, किन्तु विषयवस्तु के चयन, संकलन और प्रक्षेपण में सावधानी, सर्वेक्षण पर आधारित शोध कार्यक्रम को और उपयोगी तथा प्रभावशाली बना सकता है।

शैक्षिक दूरदर्शन के कार्यक्रमों में गुणात्मक सुधार के लिए कार्यक्रम का नियोजन, कार्यक्रम को वीडियो टेप पर उतारना तथा उसका प्रसारण तो अति- महत्वपूर्ण है ही किन्तु इन कार्यक्रमों को अध्यापक, अभिभावक, विद्यालय, परिवार एवं शैक्षिक संस्थाओं से भी सहयोग मिलना चाहिए। शैक्षिक दूरदर्शन के प्रति उचित अभिवृत्ति एवं दृष्टिकोण का होना भी आवश्यक है क्योंकि दूरदर्शन बालकों के लिए क्या लाता है, इससे ज्यादा महत्वपूर्ण है कि बालक दूरदर्शन के लिए क्या लाता है ? और यह हमारा उत्तरदायित्व है कि दूरदर्शन के पास हम किस प्रकार के बालकों को भेज रहे हैं। अगर टी० वी० का उपयोग केवल "बेबी सिटर" के रूप में किया जाएगा तो निश्चय ही बालक सामाजिक संबंधों से दूर होता जाएगा और हम लापरवाह कहलाएंगे। दूरदर्शन की उपलब्धता की सहजता के कारण यदि बालकों का साक्षात्कार पुस्तकों से नहीं कराया जाता है तो हम लोग मूर्ख हैं। शैक्षिक दूरदर्शन के कार्यक्रमों के पूरक रूप में पाठ्यपुस्तकों को भी प्रस्तुत किया जाना चाहिए

तथा अन्य शैक्षिक नवाचारों के माध्यम से उनके व्यवहार मे वांछित परिवर्तन लाने का प्रयास करना चाहिए।

यदि शिक्षण मे गुणात्मक प्रसार लाना है, छात्रों में नैतिक, आध्यात्मिक, शैक्षिक और सामाजिक मूल्यों का विकास करना है तो शिक्षण के इस नवाचार का अधिकतम उपयोग किया जाना चाहिए। संभवतः यह नवाचार हमारे समाज मे भावनात्मक एकता और राष्ट्रीय एकता को और अधिक प्रस्फुरित कर देश के सभी व्यक्तियों को राष्ट्रीय धारा में सम्मिलित कर सकेगा।

संदर्भ

पाँचवा अखिल भारतीय शैक्षिक सर्वेक्षण, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, नई दिल्ली, 1986

राष्ट्रीय शिक्षा नीति, मानव संसाधन विकास मत्रालय, भारत सरकार शिक्षा विभाग, नई दिल्ली 1986

रियू, बी० एम० (1974), टेलीवीजन एंड द फैमिली : द क्वेश्चन ऑफ कन्ट्रोल, **फैमिली कूआरडिनेटर,** 1974, 73-81

हरलाक, ई० बी० (1978), **चाइल्ड डेवेलपमेन्ट,**मैकग्राहिल, कोगाकुश, सिडनी, पृष्ठ 310

स्टीवर्ट, टी० डी० (1989), टेलीविजन एस ए प्यूटोरियल डिवाईस . इम्पैक्ट आन दी मेनटली रिटार्डेड सिटीजन, **डी० ए० आई०,** वाल्यूम 51, नवम्बर 2, अगस्त, 1990

शिक्षण उद्देश्य और कम्प्यूटर संसाधित भाषा शिक्षण

गीता शर्मा

केन्द्रीय हिंदी संस्थान
नई दिल्ली

कम्प्यूटर के द्वारा भाषा शिक्षण करते समय विद्यार्थी किसी संप्रत्यय की सामान्य जानकारी और बोध ही कर सकता है । शिक्षण के उच्च उद्देश्यों की प्राप्ति में कम्प्यूटर की सहायता नहीं ली जा सकती ।

आज कम्प्यूटर औद्योगिक एवं व्यावसायिक क्षेत्रों की भांति शैक्षिक क्षेत्र को भी प्रभावित कर रहा है । भारत मे कम्प्यूटर वैज्ञानिक और शिक्षाशास्त्री इस दिशा में प्रयत्नशील हैं कि कम्प्यूटर का प्रयोग शिक्षा के क्षेत्र में अधिक से अधिक किस प्रकार किया जा सकता है । कम्प्यूटर के द्वारा विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, वाणिज्य जैसे विषयों को पढ़ने और पढ़ाने में अधिक परेशानी नहीं होती क्योंकि इन विषयों को अंग्रेजी भाषा के माध्यम के द्वारा भी पढ़ा जा सकता है और विदेशों मे किए गए कार्यों को भारत मे भी ज्यों का त्यों स्वीकार कर लिया जाता है । लेकिन जब कम्प्यूटर के द्वारा हिंदी भाषा के शिक्षण की बात करते हैं तो निश्चित रूप से कुछ समस्याएं पैदा होती हैं । विदेशों में कम्प्यूटर के द्वारार भाषा शिक्षण- अधिगम की कोई समस्या नही है । वहां कम्प्यूटर सॉफ्ट वेयर तकनीक का विकास इतना हो गया है कि भाषा सीखने वाला अपनी योग्यतानुसार घर पर बैठकर दूसरी भाषा सीख सकता है। कम्प्यूटर द्वारा भाषा शिक्षण की दिशा में हमारे देश के कम्प्यूटर वैज्ञानिक, भाषा वैज्ञानिक और शिक्षाशास्त्री निरन्तर प्रयास कर रहे हैं और उन्हें सफलता भी मिल रही है ।

कम्प्यूटर संसाधित भाषा शिक्षण से अभिप्राय है कि अध्यापक के स्थान पर शिक्षण कार्य कम्प्यूटर करे जिससे व्यक्तिगत शिक्षण व्यवस्था का क्षेत्र विस्तृत हो सके क्योंकि शिक्षा में मनोविज्ञान के प्रभाव के कारण व्यक्तिगत भिन्नता के आधार पर व्यक्तिगत शिक्षण- अधिगम को स्वीकार किया जाने लगा है । प्रत्येक छात्र की सीखने की अपनी गति होती है जिसके आधार पर वह तीव्रता से या मंद गति से सीखता है । सामान्य कक्षा मे यह संभव नहीं हो सकता कि शिक्षक किसी एक या दो छात्रों की वजह से पूरी शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को अवरुद्ध करे । इसी परेशानी को हल करने के लिए शिक्षा में कम्प्यूटर के महत्व को स्वीकार किया गया । शिक्षा में कम्प्यूटर के प्रयोग से यह सभव हो सका है कि छात्र अध्यापक के बिना स्वगति से किसी भी तथ्य की सामान्य जानकारी प्राप्त करके उन तथ्यों का बोध प्राप्त कर सकता है । कम्प्यूटर के द्वारा व्यक्तिगत स्तर पर ज्ञान और बोध प्राप्त करने के पश्चात् विद्यार्थी इस योग्य हो सकता है कि सीखे गए तथ्यों का प्रयोग कर सके । भाषा- शिक्षण अधिगम मे भाषा के प्रयोग को स्पष्ट करने से पहले शिक्षण के उद्देश्यों को जानना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि शिक्षण चाहे शिक्षक द्वारा किया जाए या कम्प्यूटर द्वारा दोनों के लिए ही आवश्यक है कि किसी भी क्रिया को करने के पीछे क्या उद्देश्य है यह मालूम होना चाहिए ।

शिक्षण व्यवस्था मे अध्यापक के लिए शिक्षण उद्देश्यों का निर्धारण करना आवश्यक होता है क्योंकि यही

उद्देश्य शिक्षक को दिशा निर्देश देते हैं। शिक्षण उद्देश्यों का संबंध विद्यार्थियों के व्यवहार परिवर्तन से होता है। बी० एस० ब्लूम ने व्यवहार परिवर्तन तीन प्रकार के बताए हैं और इन्हीं तीनों के आधार पर उद्देश्यों को भी तीन वर्गों मे विभाजित किया है-

— ज्ञानात्मक उद्देश्य

— भावात्मक उद्देश्य

— क्रियात्मक उद्देश्य

ज्ञानात्मक उद्देश्य : इसका संबंध किसी भी विषय से संबंधित सूचनाओं और तथ्यों की जानकारी से होता है।

भावात्मक उद्देश्य : इस उद्देश्य का संबंध छात्रों की रुचि, अभिवृत्ति और मूल्यों के विकास से होता है।

क्रियात्मक उद्देश्य : कौशल शिक्षण और व्यावसायिक प्रशिक्षण का संबंध क्रियात्मक उद्देश्य से होता है।

ब्लूम और उसके सहयोगियों ने इन तीनों उद्देश्यों को छः छः वर्गों में विभाजित किया है जो इस प्रकार है :

जानकारी प्राप्त की जाए। इसमें सबसे पहला वर्ग है ज्ञान। इसमें शब्दों, नियमों, सिद्धान्तों और तथ्यों की सामान्य जानकारी है। बोध से अभिप्राय है कि जिन तथ्यों, नियमों शब्दों का ज्ञान हो गया है उन्हीं को अपने शब्दों में व्याख्या करना और अनुवाद करना। प्रयोग के लिए ज्ञान और बोध आवश्यक होता है। छात्र सीखे गए शब्दों, नियमों, सिद्धांतों का प्रयोग करना सीखता है। चौथे वर्ग का सम्बन्ध तथ्यों, नियमों, सिद्धान्तों के विश्लेषण से होता है। विश्लेषण के पश्चात ही नियमों, सिद्धान्तों और तथ्यों का संश्लेषण किया जाता है। संश्लेषण का संबंध छात्र की सर्जनात्मकता से जुड़ा होता है। मूल्यांकन में आलोचनात्मक दृष्टिकोण को विकसित किया जाता है।

सीखने की उपलब्धियाँ और कार्यसूचक क्रियाएँ

ज्ञानात्मक उद्देश्य के सभी वर्गों का संबंध सीखने की विभिन्न उपलब्धियों और कार्यसूचक क्रियाओं से जुड़ा है। सीखने की इन उपलब्धियों और कार्यसूचक क्रियाओं का व्यावहारिक रूप से निरीक्षण और मूल्यांकन किया जा

शिक्षण उद्देश्यों का वर्गीकरण

	ज्ञानात्मक	भावात्मक	क्रियात्मक
6.	मूल्यांकन	चरित्रनिर्माण	आदत या कौशल
5.	संश्लेषण	व्यवस्थापन	स्थायीकरण
4.	विश्लेषण	प्रत्यक्षीकरण	समायोजन
3.	प्रयोग	अनुमूल्यन	नियंत्रण
2.	बोध	अनुक्रिया	कार्य करना
1.	ज्ञान	आग्रहरण	उद्दीपन

शिक्षण के दौरान ज्ञानात्मक पक्षों के वर्गों का प्रयोग अधिक होता है तथा ज्ञानात्मक उद्देश्य ही भावात्मक और क्रियात्मक उद्देश्यों का आधार हैं। इसलिए आवश्यक हो जाता है कि ज्ञानात्मक उद्देश्य के वर्गों के विषय में अधिक

सकता है। ज्ञान से मूल्यांकन तक के वर्गों का संबंध अधिगम की किन उपलब्धियों से जुड़ा होता है तथा किस वर्ग की उपलब्धि से पूर्व व्यवहार में क्या अपेक्षित व्यवहार परिवर्तन होगा इसका संकेत हमे कार्यसूचक क्रियाओं के द्वारा ज्ञात

हो सकता है। सीखने की उपलब्धि और कार्यसूचक क्रियाओं को इस प्रकार स्पष्ट किया जा सकता है।

	वर्ग	सीखने की उपलब्धि	कार्यसूचक क्रियाएं
6.	मूल्यांकन	बाह्य एवं आंतरिक निर्णय लेना	निर्णय लेना, आलोचना करना, दूर करना, बचाव करना, पहचानना।
5.	संश्लेषण	नवीन संप्रेषण करना, नई योजना प्रस्तावित करना, अमूर्त संबंधों का अवलोकन	तर्क करना, व्यवस्थित करना, चयन करना, निष्कर्ष देना, वाद- विवाद करना, पुनः कथन देना, संक्षिप्त करना, सामान्यीकरण करना।
4.	विश्लेषण	तत्वों का विश्लेषण करना, संबंध स्थापित करना, सिद्धांतों का विश्लेषण करना	निष्कर्ष निकालना, विभाजन करना, तुलना करना, अलग करना, आलोचना करना, पुष्टि करना
3.	प्रयोग	सामान्यीकरण करना, निदान करना, प्रयोग करना।	पूर्व कथन देना, जांच करना, बनाना, प्रयोग करना, प्रदर्शन करना, उल्लेख करना।
2.	बोध	अनुवाद करना, व्याख्यान देना, उल्लेख करना।	व्याख्या करना, उदाहरण देना, प्रस्तुत करना, संकेत करना, वर्गीकरण करना, चयन करना, अनुवाद, प्रतिपादन, अर्थापन करना।
1	ज्ञान	विशिष्ट वस्तुओं, साधनों और सार्वभौमिक वस्तुओं की जानकारी प्राप्त करना।	प्रत्यास्मरण, पहचानना, परिभाषा देना, कथन देना, मापन करना, लिखना, सूची देना, चयन करना।

ज्ञानात्मक उद्देश्य के वर्गों, सीखने की उपलब्धि और कार्यसूचक क्रियाओं के आधार पर अब हम यदि कम्प्यूटर संसाधित भाषा शिक्षण की बात करें तो समझा जा सकता है कि किम्प्यूटर के द्वारा भाषा शिक्षण किस सीमा तक संभव हो सकता है। कम्प्यूटर की अपनी एक सीमा होती है। यह वही कार्य कर सकता है जो उसकी शिक्षण सामग्री में निर्धारित होता है। शिक्षण सामग्री से इतर विद्यार्थी की अगर कोई समस्या होती है तो उसका समाधान इसके पास नहीं होता। शिक्षण सामग्री की प्रभावशीलता उसके बनाने वाले की योग्यता पर निर्भर करती है।

भारत में आज केन्द्रीय विद्यालय और नवोदय विद्यालयों के सामने माध्यम भाषा की समस्या है। ऐसी परिस्थिति में स्वाभाविक है कि हिंदी का विकास माध्यम भाषा के रूप में पहले की अपेक्षा अब तीव्र गति से होगा। संपर्क भाषा और माध्यम भाषा के रूप में जब हिंदी का विकास होगा तो निश्चित है कि विभिन्न भाषा भाषी अपनी भाषा के अनुसार हिंदी का प्रयोग करेंगे और यह आवश्यक नहीं कि ये प्रयोग हिंदी की प्रकृति के अनुसार सही हों। सीखने की उपलब्धि और कार्यसूचक क्रियाओं के आधार पर ज्ञान और बोध वर्ग के उद्देश्यों को तो आसानी से प्राप्त किया जा सकता है लेकिन उच्च वर्ग के उद्देश्यों की प्राप्ति असंभव नहीं तो अभी कठिन अवश्य है क्योंकि उच्च वर्गों का संबंध सर्जनात्मकता से जुड़ा होता है। अपनी बात

को और अधिक स्पष्ट करने के लिए दिल, जी, मन से संबंधित एक नमूने का पाठ प्रस्तुत है। इस पाठ मे कम्प्यूटर के द्वारा मुहावरे पढ़ाने का प्रयास किया गया है। शिक्षण के बाद मूल्यांकन के द्वारा यह भी जानने का प्रयास किया गया है कि छात्र इन मुहावरों के अर्थ से परिचित हुआ है या नहीं।

नमूने का पाठ

निर्देश : निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए :

1 आज बच्चों ने इतनी मिठाई खाई कि जी भर गया।
2 उसकी यह आदत देखकर मेरी जी जल गया।
3. जीते जी तो शायद ही तुम उसे पाओ।
4 अपने दोस्त की गरीबी देखकर मेरा दिल भर आया।
5 मुझे घर की याद आ रही है, अब मेरा दिल उचट गया है।
6 जी जान से मैंने पढ़ाई की लेकिन सफलता फिर भी नहीं मिली।
7 इस साड़ी को देखकर मेरा मन ललचा गया।
8 खरीदना तो बहुत कुछ चाहती थी लेकिन पैसे कम थे, इसलिए मन मारना पड़ा।
9 मन बहलाने के लिए सोचा कि सिनेमा देखूं।

निर्देश : उपर्युक्त वाक्यों में आए हुए इन अंशों को ध्यान से देखिए :

1. जी भर गया।
2 जी जल गया।
3 जीते जी।
4 दिल भर आया।
5. दिल उचट गया।
6. जी जान से।
7. मन ललचा गया।
8. मन मारना पड़ा।
9. मन बहलाने के लिए।

निर्देश : निम्नलिखित मुहावरों को उनके अर्थ के साथ पढ़िए·

1. जी भरना : संतुष्ट होना।
2. जी जलना = क्रोध आना।
3 जीते जी = प्राण रहते, जीवित रहते
4 दिल भर आना = करुणा से द्रवित होना।
5. दिल उचट जाना = चित्त एकाग्र न होना।
6. जी जान से = चित्त एकाग्र करके।
7 मन ललचाना = लालच आना, तरसना।
8 मन मारना = इच्छा को मन में दबा लेना।
9. मन बहलाना = मनोरजन करना।

निर्देश : निम्नलिखित वाक्यों में सही मुहावरों के अंक लिखिए। वाक्यों के स्पष्ट न होने पर पहले वाले फ्रेम को देखिए —

		सही अंक
1.	. . . . . पढ़ाई करने के बाद भी अधिक सफलता नही मिली।	6
2.	खरीदना तो बहुत कुछ चाहती थी, पैसे न होने की वजह से . . . . . पड़ा।	8
3	उसकी बेकार की बाते सुनकर मेरा . . . . है।	2
4.	. . . . मैं तुम्हारा मुंह नही देखूंगा।	3
5	कई दिन से घर में थी। सोचा थोड़ी देर बाजार घूमने से ही . . . . जाएगा।	9
6	रोज आलू खाते- खाते . . . . . गया।	1
7	उसका रोना देखकर मेरी भी . . . . आया।	4
8.	तुम्हारी साड़ी बहुत सुंदर है। मेरा तो इस पर . . . . रहा है।	7
9.	बहुत दिन से एक ही जगह रहते रहते मेरा . . . . गया।	5

निर्देश : आपने जो मुहावरे पढ़े उनमे निम्नलिखित शब्दों में से कौन से शब्दों का प्रयोग बार- बार हुआ है। इसके

लिए अंक (1,2,3) दीजिए। गलत उत्तर आने पर मुहावरों को एक बार फिर देखिए-

जाना, चित्त, मन, आना, भरना, दिल, जलना,जी।

निर्देश : निम्नलिखित मुहावरों में दिल, जी और मन शब्दों का प्रयोग कीजिए-

1. जी भरना ...
2. जी भर आना ...
3. दिल उचट जाना ...
4. मन ललचाना ...
5. मन मारना ...
6. मन बहलाना ...

निर्देश : अभी जो आपने मुहावरे देखे उनमें तीन मुहावरों का वर्णन नहीं है। वे मुहावरे कौन से हैं उनकी संख्या दीजिए-

स्पष्टीकरण : "जीते जी" मुहावरे में "हम" "दिल" और "मन" शब्दों का प्रयोग नहीं कर सकते। "जी जान से" "जी जलना" मुहावरे में "मन" का प्रयोग नहीं होता।

परीक्षण

निर्देश : नीचे मुहावरे और उनके अर्थ दिए गए हैं। मुहावरे के सामने उसके सही अर्थ का अंक लिखिए-

मुहावरा	सही अंक	अर्थ
1 दिल भर आया	. .	1. संतुष्ट होना
2 मन ललचाना	. .	2. क्रोध आना
